आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* गुड फ्राइडे”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 77 | उज्जैन, शुक्रवार 03 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 1 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

### खुद ने ही पुलिस को सूचना देकर घर पर बुलाया, मीडिया को अपना वीडियो जारी किया

# गैंगेस्टर लारेंस के गुर्गे राजपाल का नागदा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

## पूर्व में मूसेवाला मामले में पंजाब एटीएस ने उठाया था, दिल्ली, मोहाली,नांदेड में 2 हत्या का भी है आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

गुजरात के साबरमती जेल में कड़ी सुरक्षा में बंद गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई के गुर्गे उज्जैन के नागदा तहसील के पास ग्राम रत्नाखेड़ी निवासी राजपालसिंह ने गुरूवार को पूर्वाह्न नागदा थाना पुलिस के समक्ष आत्मसर्मपण किया। उससे पूर्व राजपाल ने मीडिया को अपना बयान भी दर्ज करवाया। उसने खुद ही पुलिस को फोन कर घर पर होने और कसरावद के व्यापारी को धमकी के मामले में उसकी तलाश होने की जानकारी दी। देर शाम खरगौन पुलिस नागदा पहुंची थी। एसपी प्रदीप शर्मा के अनुसार हमने राजपाल को उनके सुपुर्दगी में दे दिया और वे रवाना हो चुके हैं।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के अनुसार राजपालसिंह पिता ईश्वरसिंह 31 वर्ष निवासी रत्नाखेड़ी पूर्व में भी गैंगेस्टर लारेंस के साथी के रूप में चिह्नित है। गुरूवार को सूचना पर ही इसे इसके घर से हिरासत में लिया गया। इसका कहना था कि खरगौन की कसरावद थाना क्षेत्र में व्यापारी को 10 करोड़ के ट्रैरर टैक्स की धमकी के मामले में पुलिस को इसकी तलाश है। सूचना के अनुसार इसे घर पर उस समय हिरासत में लिया गया जब ये मीडिया के लोगों से चर्चा कर रहा था। श्री गवरी के अनुसार वर्ष 2022 में सिद्धु मूसेवाला की हत्या के मामले में इसे पंजाब पुलिस की एटीएस ने हिरासत में लिया था। इसके साथ नागदा के ही बिरलाग्राम निवासी योगेश पिता कैलाशचंद्र भाटी को भी हिरासत में लिया गया था। राजपाल पर कुल 5 मामले दर्ज हैं जिनमें से अजा-जजा एक्ट के तहत 1 मामला ही नागदा का है शेष 4 मामलों में 2 मामले हत्या एवं 2 अन्य हैं जो कि नांदेड़, मोहाली एवं दिल्ली से संबंधित हैं।



### दो माह में आधा दर्जन ट्रेरर टेक्स की धमकी

पिछले दो माह में प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में गैंगेस्टर लारेंस विश्नोई के गुर्गे हेरी बाक्सर के नाम से धमकी देकर टेरर टेक्स की मांग हुई है। इन मामलों में पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरण (01) जिला अशोकनगर थाना कोतवाली का अपराध क्रमांक 101/2026, धारा 308(1), 308(2), 351(2) बी.एन.एस., (02) जिला इंदौर (देहात) थाना किशनगंज का अपराध क्रमांक 112/2026, धारा 308(5), 351 (4) बी.एन.एस., (03) इंदौर (शहर) थाना तुकोगंज का अपराध क्रमांक 155/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस., (04) जिला खरगोन थाना कसरावद का अपराध क्रमांक 94/2026, धारा 308(4), 351(3) बी.एन.एस., (05) भोपाल (शहर) थाना कोलार रोड का अपराध क्रमांक 183/2026, धारा 351 (4) बी.एन.एस. एवं (06) इंदौर (शहर) थाना क्राइम ब्रांच का अपराध क्रमांक 22/2026, धारा 308 (5), 351 (4) बी.एन.एस. में दर्ज किया गया है।

### डीजीपी की एसआईटी के दबाव में किया सरेंडर

इन सभी मामलों को लेकर डीजीपी कैलाश मकवाना ने हाल ही में एक आदेश जारी कर सभी अपराध अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से सम्बंधित होने के कारण इनकी जांच के लिए विशेष दल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एस.टी.एफ.), म.प्र. के पर्यवेक्षण में एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया है। जिलों के साथ एसटीएफ टीम का बराबर दबाव बना हुआ था जिसके चलते राजपाल सिंह ने सरेंडर किया है।

### सरेंडर से पहले मीडिया के साथ वीडियो बनाकर किया वायरल

- नागदा पुलिस के समक्ष सरेंडर से पहले राजपालसिंह ने उसके घर पर वीडियो बनाया और मिडिया के कुछ लोगों को बुलवाया था। इस दौरान उसने कसरावद पुलिस के समक्ष आत्मसर्मपण (सरेंडर) करने की घोषणा की है। उसका कहना है कि पुलिस द्वारा उसके परिवार को परेशान किए जाने के कारण वह यह कदम उठा रहा है। वीडियो में उसने व्यापारी दिलीप राठौर और कसरावद पुलिस के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा कि कसरावद पुलिस बार-बार मेरे परिवार को प्रताड़ित कर रही थी, इस चक्कर में मुझे अपने आप को सरेंडर करना पड़ा। मैं लॉरेंस बिश्नोई गैंग से आता हूँ। इनके साथ मेंरे और भी केस चल रहे हैं। यह जो मामला है, यह कसरावद थाने का है। एक दिलीप राठौर नाम का उद्योगपति है, जो कि किसानों के ऊपर बहुत अत्याचार करता है और कहीं ना कहीं खबर हमें यह भी मिली थी कि वह 17-18 साल की लड़कियों के साथ भी गलत करता है अपने पैसों के बलबूते पर।
- तो यह सारी चीज को देखते हुए हमारी गैंग जो काम करती है कि किसी के भी साथ गलत ना हो और उसी हिसाब से देखते हुए इसके ऊपर हमारी गैंग की तरफ से यह कार्रवाई की गई थी। बाकी इसमें एक बार, दो बार वह कार्रवाई हुई है। एक बार जो मैंने करवाया था, उसमें तो हुआ नहीं ,वहां मेरे लड़के फेल हो गए थे, वह कर नहीं पाए थे कोई काम।
- उसके बाद फिर हरी बॉक्सर भाई, हमारे बड़े भाई, लॉरेंस भाई, हमारे बड़े भाई... हरी बॉक्सर भाई ने यह काम करवाया था और फिर वह उनके थ्रू हुआ था। तो आप सरेंडर अपने मध्य प्रदेश पुलिस को करना चाहेंगे या फिर वहां।
- हम नागदा पुलिस को करेंगे, नागदा प्रशासन को करेंगे। प्रशासन हमेशा हमारे साथ रहा है, हमेशा हमारी मदद की है। तो अपनी प्रशासन की मदद करते हैं, कहीं ना कहीं देखा जाए तो हमने जितनी भी एजेंसियों... लगभग मेरी सारी एजेंसियों में पूछताछ हुई है-दिल्ली, पंजाब, महाराष्ट्र, अदर बहुत सी एजेंसियों में पूछताछ हुई है। एनआईए में भी मेरी पूछताछ हुई है।
- तो हमने कहीं ना कहीं प्रशासन की मदद ही की है। तो आगे भी चलकर प्रशासन की मदद ही करेंगे। जितना होगा प्रशासन हमारा सहयोग करेगा, प्रशासन का हम उतना सहयोग करेंगे। बाकी चलते ऐसे ही प्रशासन और हमारी गैंग का तो मिलकर चलता रहता है, कोई दिक्कत वाली बात नहीं है।
- मेरा एक भाई योगेश भाटी है, ऑलरेडी... पुलिस ने उसको उठा रखा है, कल से उसको शो करा नहीं है। वह कहाँ है, यह पता नहीं अभी तक। पुलिस के पास ही है वह। शायद कसरावद पुलिस ने उसको उठा रखा है और हमारा एक साथी है। पुलिस से। वह साला गद्दार निकल गया। कहीं ना कहीं पुलिस से मिला हुआ था। उसके थ्रू यह सारी गैंग की चीजें लीक हो गई और कहीं ना कहीं पुलिस पकड़ने में सक्षम रही।
- फिलहाल मैं सरेंडर कर रहा हूँ। मेरे परिवार को मेरी वाइफ को, माता-पिता, मेरे भाई को प्रताड़ित कर रहे थे, उस चक्कर में मुझे अपने आप को सरेंडर करना पड़ रहा है। क्योंकि कहीं ना कहीं देखा जाए तो गैंग का मामला और गैंग के मामले में परिवार को हम आगे नहीं ला सकते।
- उद्देश्य हमारा कुछ नहीं है। जो गलत करेगा उसके साथ गलत होगा। जो कहीं पीड़ित मिलेगा, कहीं ना कहीं प्रताड़ित मिलेगा, उसके लिए हम खड़े मिलेंगे। बाकी कोई लक्ष्य नहीं है हमारा। बाकी जो लॉरेंस भाई है हमारे, हरी बॉक्सर भाई हैं, वह अपने हिसाब से करते हैं।
- मेरे मिलने वाले और परिवार को उठाना, बार-बार परिवार को थाने ले जाना, थाने बिठाना कहीं ना कहीं यह तो कानून में है ही नहीं कि आप किसी महिला को थाने में बिठा सकते हो। हमारे घर की महिलाओं को थाने बिठाया गया था।
- मैं एक राजपूत परिवार से आता हूँ, हमारे परिवार में और हमारे कुल में ऐसा है नहीं कि महिला थाने तक जाए। हम महिलाओं को थाने जाने और कोर्ट में जाना श्मशान मानते हैं और श्मशान में महिलाओं को भेजते नहीं।

## देश विदेश

### आप पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटा दिया है। उनकी जगह यह पोस्ट राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल दे दी है। पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर यह जानकारी दी। लेटर में कहा कि सदन में पार्टी की तरफ से बोलने का समय न दिया जाए। राघव 2022 से पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल 2028 तक है। पार्टी ने इस फैसले की वजह नहीं बताई है। हालांकि, उन्होंने लंबे समय से पार्टी से दूरी बना ली थी और आप को लेकर कोई बयान नहीं दे रहे हैं। 27 फरवरी को जब एक निचली अदालत से अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले में राहत मिली, तब भी उन्होंने कोई बयान नहीं दिया था। राज्यसभा में वे लोगों से जुड़े गिग वर्कर्स और स्कूल फीस जैसे मुद्दे उठा रहे थे।

### आई-पैक के दिल्ली-बेंगलुरु हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पैक के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है। कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पैक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पैक और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवंबर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपए से जुड़ा है।

### फिल्म 'रामायण' से सामने आया रणबीर कपूर का लुक



भगवान राम के रूप में गरिमा भरे अंदाज में दिखे, बैकग्राउंड म्यूजिक भी शानदार

**मुंबई।** फिल्म रामायण से रणबीर कपूर का भगवान राम के रूप में लुक सामने आ गया है। इसकी झलक हनुमान जयंती पर जारी की गई। भगवान राम के रूप में रणबीर का लुक सादगी, गरिमा और आध्यात्मिकता से भरा हुआ है। शाही वेशभूषा और बारीक आभूषणों के साथ उनका शांत और संतुलित रूप काफी अच्छा नजर आ रहा है। श्रीराम की पहली झलक प्रजा के बीच दिखाई गई। वीडियो में शानदार वीएफएक्स देखने को मिले हैं। बैकग्राउंड म्यूजिक भी शानदार है। भगवान राम का रोल निभाने के बारे में बात करते हुए रणबीर ने कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यहां राम का रोल करने आया हूं। मैं यहां उनसे सीखने आया हूं। उनमें एक सादगी और पवित्रता है जो बहुत कम देखने को मिलती है और उसे समझने और अपनाने की कोशिश करना मेरे लिए बहुत ही विनम्र करने वाला अनुभव रहा है। फिल्म का कुल बजट लगभग 4 हजार करोड़ रुपए बताया जा रहा है, जो इसे भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में शामिल करता है। फिल्म को नितेश तिवारी डायरेक्ट कर रहे हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म दंगल बनाई थी। फिल्म का म्यूजिक ऑस्कर विनर ए.आर. रहमान और हॉलीवुड कंपोजर हैंस जिमर तैयार कर रहे हैं। फिल्म को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज, डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स बना रहे हैं। फिल्म आईमैक्स पर रिलीज होगी। फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स का काम ऑस्कर विनर स्टूडियो डीएनईजी और प्राइम फोकस संभाल रहे हैं। फिल्म को दो भाग में रिलीज किया जाएगा। पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

### सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 1773 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स 2 अप्रैल को अपने दिन के निचले स्तर से 1,773 अंक चढ़कर बंद हुआ। सुबह ये भारी दबाव के साथ खुला और गिरकर 71,545 के स्तर तक आ गया था। बाद में बाजार में खरीदारी आई और यह 185 अंक (0.25%) चढ़कर 73,320 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 22,182 का निचला स्तर बनाने के बाद 531 अंकों की रिकवरी दिखी। ये 34 अंक (0.15%) चढ़कर 22,713 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में निफ्टी के आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ें। इसमें 2.62% और 1.18% की तेजी रही। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 4.47% गिरकर 5,234 पर बंद हुआ। जापान का निक्केई इंडेक्स 2.38% गिरकर 52,463 पर बंद हुआ।

### दिल्ली में लगे 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरे हटाए जाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली में लगे 1.40 लाख चीनी सीसीटीवी कैमरों हटाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और डेटा जासूसी के खतरों को कम करने के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी ने चीनी चिपसेट वाले इंटरनेट कनेक्टेड 2,74,389 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, जिसमें 1.40 लाख कैमरे हिकविजन नाम की चीनी कंपनी के हैं जो आम आदमी पार्टी की सत्ता में लगाए गए थे। गौरतलब है कि हाल ही में दिल्ली और गाजियाबाद से जुड़े जासूसी रैकेट का खुलासा हुआ था। इसके बाद सीसीटीवी सिस्टम की सुरक्षा पर सवाल उठे। जांच में सामने आया कि संवेदनशील जगहों पर लगाए गए कैमरों का लाइव फुटेज सीमा पार पाकिस्तान भेजा जा रहा था। इसके बाद केंद्र सरकार ने देशभर में सीसीटीवी नेटवर्क की जांच का फैसला लिया था।

### ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के घर पर अमेरिका ने हमला किया

# ईरानी सुप्रीम लीडर घायल, पत्नी की मौत

## दावा- पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया।

खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है।

खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।



### ट्रम्प बोले- ईरान की सेना हमारे कंट्रोल में

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका को ईरान जंग में जीत मिली है। साथ ही चेतावनी दी कि अमेरिका 2-3 हफ्ते में ईरान पर बड़ा हमला करेगा। ट्रम्प ने आगे कहा कि ईरान की मिसाइल-ड्रोन क्षमता और नौसेना खत्म हो गई है। सैन्य ताकत काफी कमजोर हो गई है। इस सैन्य अभियान का अहम मकसद पूरा होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी चेतावनी दी कि अगर समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका, ईरान को स्टोन एज, यानी पाषाण काल में भेज देगा। हालांकि उन्होंने यह दावा भी किया कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है और नई लीडरशिप पहले से कम कट्टर है।

### ट्रम्प के भाषण में कोई नई बात नहीं

ट्रम्प ने 19 मिनट का भाषण दिया। इसमें कोई नया ऐलान नहीं किया। वही बातें दुहराईं जो पिछले कुछ समय से कहते रहे हैं। उन्होंने युद्ध की लागत और इसके लंबा खिंचने से चिंतित अमेरिकियों से कहा कि वे इस संघर्ष को सही नजरिए से देखें। उन्होंने इराक (8 साल) और वियतनाम (19 साल) जैसे पिछले अमेरिकी युद्धों का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान जंग तो अभी दूसरे महीने में ही पहुंची है। उन्होंने यह भी माना कि लोगों को आर्थिक परेशानी हो रही है, लेकिन कहा कि यह युद्ध जरूरी है। उन्होंने कहा, यह आपके बच्चों और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में निवेश है। ट्रम्प ने ईरान से युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत की मांग की, जबकि एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि उन्हें समझौते की जरूरत नहीं है।

### मप्र-यूपी समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्ट

# हरियाणा के 7 जिलों में फसल बर्बाद

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/भोपाल

देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई।

दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इधर, राजस्थान में फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने का अलर्ट है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 10 जिलों के मौसम में दोपहर बाद बदलाव देखने को मिला। हरियाणा में बारिश और ओले गिरने से 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। वहीं 100 गांवों में गेहूं, सरसों और चने की खड़ी फसलें खराब हो गईं।

उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग की सोनप्रयाग घाटी में ओले गिरे और केदारघाटी में बारिश हुई। वहीं जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह घाटी के ऊपरी इलाकों में ताजा बर्फबारी



के बाद पर्यटक पहुंचने लगे हैं।

3-4 अप्रैल- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में हल्की बर्फबारी-बारिश और पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश में भी बारिश के साथ ओलवृष्टि हो सकती है। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में बिजली गिरने की आशंका है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल में तेज बारिश की आशंका है।

### 15 दिन बंगाल में ही रहूंगा : अमित शाह

## ममता को हराना है, टीएमसी को खाड़ी में फेंक दो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के भवानीपुर में रोड शो किया। उन्होंने कहा- मैं अगले 15 दिन बंगाल में ही रहने वाला हूं। टीएमसी को जड़ से उखाड़ फेंकने और उसे बंगाल की खाड़ी में फेंकने के लिए हर किसी को बिना किसी डर के वोट देना चाहिए। कोई भी गुंडा बंगाल के मतदाताओं को नहीं रोक सकता। शाह का काफिला जब कालीघाट पहुंचा, जहां से ममता का घर कुछ ही दूर है वहां पर टीएमसी कार्यकर्ता ने काफिले के सामने जय बांग्ला और ममता बनर्जी जिंदाबाद के नारे लगाए। सिर पर काला कपड़ा बांधे लोगों ने अमित शाह गो बैक के नारे लगाए और काले झंडे भी दिखाए। इसके बाद टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प होने लगी। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की और भीड़ पर कंट्रोल किया।

### संसद का 3 दिन का विशेष सत्र बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली।** गुरुवार को संसद के बजट सत्र का अंतिम दिन है, लेकिन कार्यक्रम के अनुसार इसे अनिश्चितकाल के लिए खत्म नहीं किया जाएगा। बल्कि कुछ समय के लिए स्थगित किया जाएगा। इसके बाद दोबारा बुलाया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर बंधक

### सुप्रीम कोर्ट नाराज कहा- हमें पता है उपद्रवी कौन

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला।

यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया। मालदा में लगातार दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन हुआ।

# प. बंगाल में गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव- ममता अब दीदी नहीं, 'अप्पी' हो गई

## भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में मांगा वोट, पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशियों की कोई जगह नहीं है, ममता दीदी के राज में हिंदू लोग हो रहे अपमानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल/बांकुरा

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 2 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में जादू बिखेरा। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बांकुरा में आज हमारे सभी प्रत्याशियों का नामांकन भरने का मौका है।

यह धरती सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, सुप्रसिद्ध मूर्तिकार राम किंकर की धरती। आज चुनाव का शंखनाद हो रहा है। ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ममता अब दीदी नहीं है, ये अप्पी हो गई हैं। ये बात पूरे देश में



सुनाई दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। इस माहौल में श्रीराम का मंत्र हम सभी को ताकत दे रहा है।

### सत्ता पर कायम ममता दीदी के राज में लोग पलायन कर रहे

आज हमारे बंगाल में यहां का युवा-महिला-गरीब-किसान, सभी लोग बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन-बान-शान के लिए लड़ रहे हैं। आज दुनिया की कोई ताकत बीजेपी को बंगाल में सत्ता हासिल करने से रोक नहीं सकती। 15 साल से सत्ता पर कायम ममता दीदी के राज में बांकुरा जिले में लोग पलायन कर रहे हैं, कोई ओडीशा जा रहा है, कोई महाराष्ट्र जा रहा है, कोई झारखंड जा रहा है। वर्तमान में बंगाल का युवा कंगाल हो रहा है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का कद-उसका मान बढ़ता देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं है।

### भाजपा जीतने वाली है

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, भाजपा जीतने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। आज हमारे देश में अनूसूचित जनजाति की बहन राष्ट्रपति पद पर आसीन है।
- इससे भाजपा की नीति और काम करने का तरीका पता चलता है। वामपंथी-कांग्रेस और ममता की पार्टी ने कभी एससी-एसटी को महत्व नहीं दिया। गरीब से गरीब आदमी की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए, उसे पक्का मकान दिलाने का कलेजा केवल भाजपा के पास है।
- आज गरीब को पक्का मकान, राशन मिल रहा है। आज एससी-एसटी वर्ग को दस लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक के लोन स्टैंडअप योजना के माध्यम से मिले हैं। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

महाकाल परिसर से निकली बाल हनुमान की भव्य पालकी यात्रा.. सड़क चौड़ीकरण के चलते कुछ क्षेत्रों में आयोजन सीमित रहे

# उत्साह और आस्था के संग मना हनुमान प्रकटोत्सव...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरुवार को शहर में हनुमान जन्मोत्सव पारंपरिक आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया और भगवान हनुमान का आकर्षक श्रृंगार कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

दिनभर भजन-कीर्तन और आरती का दौर चलता रहा, वहीं शाम के समय कई स्थानों पर खीर व प्रसादी का वितरण किया गया। धार्मिक माहौल के बीच पूरे शहर में भक्ति और उत्सव का वातावरण बना रहा।

शहरभर में हुए भक्ति कार्यक्रम

### विभिन्न मंदिरों में आयोजन

शहर के प्राचीन रंजीत हनुमान, गेबी साहब मंदिर (ढाबा रोड), खेड़ापति हनुमान (निकास चौराहा व गाड़ी अड्डा), संकट मोचन (कंठाल), खड़े हनुमान, मायापति हनुमान और सामाजिक न्याय परिसर स्थित हनुमान मंदिरों में भी विशेष सजावट, श्रृंगार, पूजा-अर्चना और प्रसादी वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### व्यवस्थाओं पर सवाल भी

ढाबा रोड और कोतवाली क्षेत्र में चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के कारण कुछ मंदिरों में बड़े आयोजन नहीं हो सके। कई मार्गों पर अवरोध होने से श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा।







### पालकी यात्रा बनी मुख्य आकर्षण

महाकाल मंदिर प्रांगण स्थित श्री बाल हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव विशेष रूप से मनाया गया। यहां भगवान बाल हनुमान को पालकी में विराजित कर भव्य पालकी यात्रा निकाली गई।

पालकी यात्रा तोपखाना, दौलतगंज और गोपाल मंदिर मार्ग से होकर पुनः मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में जयकारों की गूंज रही। आयोजन सुलभ शांतु गुरु के संयोजन में संपन्न हुआ।







### हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग का रहा संयोग

गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ज्योतिषाचार्य की माने तो इस बार ध्रुव योग का संयोग बना। ज्योतिषाचार्य के अनुसार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा तिथि गुरुवार के दिन हस्त नक्षत्र व ध्रुव योग के संयोग में मनाई गई। कन्या राशि के चंद्रमा की साक्षी रही। शुभ संयोग में प्राकट्य उत्सव पर साधु उपासक हनुमान की कृपा प्राप्त करने के लिए अलग-अलग प्रकार से धार्मिक अनुक्रम किए।

गुरुवार का दिन विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह भगवान विष्णु से भी संबंधित है और श्री राम भगवान विष्णु के ही अवतार माने जाते हैं। इस दिन पूर्णिमा होना गुरुवार का दिन होना हस्त नक्षत्र होना यह उत्तरोत्तर प्रबल माने जाते हैं। इस दृष्टि से इस दिन की गई हनुमान जी की साधना ग्रह पीड़ा से मुक्ति दिलाती है।





## उल्टी गिनती पढने की कहानी...

खाद्य एवं ईंधन वाले विभाग में जिला अधिकारी की उलटी गिनती बोलने की स्थिति सामने आ रही है। पूरा मामला जिले की एक तहसील से जुडा हुआ बताया जा रहा है। मामले में विभाग ने सूचना आधारित कार्रवाई की और कार्रवाई में उसकी पुष्टि भी हुई। सामने पूरा मामला आया तो होंश फाख्ता हो गए। पूर्व के सियासतदार की दुकान में ही पूरा रायता फैला हुआ था। सब कुछ नया और भंडारण भी नया। जो कुछ हाथ लगा उसके बाद अधिकारियों के चेहरों पर आधी रात में चमक आ गई थी लेकिन यह चमक कुछ ही देर में स्याह हो गई। अधिकारियों की कार्रवाई में हस्तक्षेप हो गया और इसके साथ ही उनकी जुबां पर ताला डाल दिया गया। हालात ऐसे पैदा कर दिए गए कि मानों अधिकारियों ने ही अपराध किया हो। स्थिति कुछ घंटों में ऐसी हो गई की अधिकारी गए थे नमाज पढने बनाम कार्रवाई करने, और रोजे बनाम पूरी अनियमितता और गलती को दबाने का मामला गले पड गए। यही नहीं सेहरी बनाम प्रशंसा तो मिली नहीं और इफ्तार बनाम उल्टे मुंह छुपाने के भी लाले पड गए । खुसूर-फुसूर है कि तहसील स्तर पर पूर्व से ही पूरा मामला चचाओं में था। यही नहीं खरीदी की जानकारी भी सभी को पहुंच रही थी। केंद्र को लेकर भी पूर्व से ही संदिग्धता की स्थिति बताई जा रही है। सियासत के रौब से पूरा मामला ही गडबड बताया जा रहा है। तहसील से लेकर जिला के मामले से संबंधित अधिकारियों ने जमकर उल्टी गिनती पढी है। इसके साथ ही अधिकारियों की धुक-धुकी भी बंधी हुई बताई जा रही है । कहा गया है कि अगर मामला खुला और डेमेज कंट्रोल की स्थिति बनी तो उसकी क्षतिपूर्ति करना होगी।

खुसूर फुसूर

## फिल्म निर्माता भगनानी ने किए महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता निक्की भगनानी ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन लाभ लिए।

## केन्द्रीय विद्यालय में एच.पी.वी. टीकाकरण सत्र का निरीक्षण

**उज्जैन।** एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान की शत-प्रतिशत उपलब्धि के लिए गत दिवस को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय उज्जैन में आयोजित टीकाकरण सत्र में उपस्थित होकर टीकाकरण सेवा का निरीक्षण किया।

### ट्रैंडिंग

इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि...

विपक्षी झंडा, बैनर, पुतले इत्यादि लेकर कब से तैयार बैठे हैं कि इधर सरकार पेट्रोल, डीजल के भाव बढ़ाए...

और

..उधर केंद्र को घेरने के लिए विपक्षी अपना 'हो-हल्ला' शुरू करें

लेकिन निमोर्ही सरकार भाव बढ़ाती ही नहीं!

## पंचक्रोशी यात्रा प्रारंभ होने के पहले संभागायुक्त ने दिए आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह एवं जिला कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरूवार को नगर निगम के सीवरेज के कार्यों का निरीक्षण किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि आगामी दिनों में पंचक्रोशी यात्रा प्रारंभ होगी। इस दौरान पंचक्रोशी यात्रियों को असुविधा नहीं हो, इसके लिए आवश्यक कार्य यात्रा के पहले पूर्ण कर लें। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सीवरेज के प्रचलित कार्य के दौरान क्षेत्र में रहने वाले रहवासियों के आवागमन का ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के समय नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।संभागायुक्त श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने नियमित निरीक्षण के दौरान गुरूवार को शहर में शंकरपुर, एमआर-5 और मंगलनाथ मार्ग के जोन में नगर पालिक निगम द्वारा अमृत मिशन - 2.0 अन्तर्गत प्रगतिरत सीवरेज योजना फेस-1 और 3 एवं फेस-2 का संयुक्त स्थल निरीक्षण किया। मौके पर जानकारी दी गई कि उक्त योजना अन्तर्गत फेस-1 और 3 में 475 किलोमीटर सीवर लाइन, 18699 मेनहोल, 24763 आईसी, 49527 हाउस सर्विस कनेक्शन, 6 आईपीएस/एसपीएस एवं फेस-2 में 80.971 किलोमीटर सीवर लाइन, 4033 मेनहोल, 8519 आईसी, 17031 हाउस सर्विस कनेक्शन, 4 आईपीएस/एसपीएस, 8 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

## राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में उज्जैन को रनर अप का खिताब



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर में आयोजित 17 नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वजन विभागों में पांच पदक अर्जित किये। जेताराम नायक 55किग्रा ( सिल्वर), प्रदीप ठाकुर 100किग्रा (गोल्ड), शैलेंद्र शुक्ला 95किग्रा (कांस्य), हाशिम अली 90किग्रा (कांस्य )कमलेश चांगल 100 से अधिक (कांस्य)। खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियो के आधार पर इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई द्वारा राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन को संपूर्ण भारत में रनर अप का खिताब दिया गया। इस खिताब हेतु चेयरमैन प्रेम सिंह यादव ,पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का अभिनंदन किया गया।

## आज से शहर में दूध 2 रूपए प्रति लीटर महंगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पशु आहार एवं पशुओं की कीमतों में बराबर वृद्धि का असर दूध के आम उपभोक्ता पर भी आया है। शहर में शुक्रवार से दूध विक्रेता संघ ने भाव में रूपए 2 की वृद्धि की घोषणा कर दी है। इसके चलते रूपए 60 प्रति लीटर मिलने वाला दूध अब से रूपए 62 चुकाने पर ही मिलेगा। संघ ने आगे भी भाव में बढोतरी से इंकार नहीं किया है।

गुरूवार को उज्जैन दूध विक्रेता संघ की कार्यकारणी की बैठक अध्यक्ष मोहन वासवानी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में प्रमुख रूप से पशु आहार की बढ़ती कीमतें एवं दुधारू पशुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण दूध के भाव में ₹2 प्रति लीटर वृद्धि किए जाने पर निर्णय लिया गया। संघ अध्यक्ष श्री वासवानी के अनुसार सर्व समिति से निर्णय लिया गया की दूध का भाव ₹2 प्रति लीटर 3 अप्रैल से बढ़ोतरी करके ₹62 रुपए प्रति लीटर किया जाएगा। यदि आगे परिस्थितियां दूध उत्पादन में प्रतिकूल रही एवं पशु आहार के भाव में जैसे पशु आहार कपासिया खली चापड़ भूसा के भाव मे वृद्धि होती है ,तो संघ दूध के भाव में वृद्धि का पुनः विचार बैठक के माध्यम से किया जाएगा।

श्री वासवानी के अनुसार वर्तमान परिस्थितियों में एलपीजी गैस की समस्या को देखते हुए संघ ने जिला प्रशासन से मांग रखी की एलपीजी गैस के सिलेंडर या पीएनजी गैस कनेक्शन दूध डेरीयो को प्राथमिकता से उपलब्ध कराए जाएं।

# अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी से माधव साइंस कॉलेज में हंगामा

## माधव साइंस कॉलेज के छात्रों का प्रिंसिपल कक्ष में प्रदर्शन, 2 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के माधव साइंस कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के बाद हंगामा खड़ा हो गया। डॉ. आंबेडकर विद्यार्थी संगठन के कार्यकताओं ने प्रिंसिपल के कमरे में पहुंचकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रिंसिपल ने उन्हें समझाने और रोकने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता नहीं माने। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

### छात्रों का आरोप- यह दूसरी घटना

उज्जैन के माधव साइंस कॉलेज में डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ क्लासरूम में आपत्तिजनक टिप्पणी लिखे जाने को लेकर गुरुवार को विवाद खड़ा हो गया। हंगामे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।



छात्र संगठन ने आरोप लगाया कि इस तरह की घटना कॉलेज में दूसरी बार हुई है।

डॉ. अंबेडकर विद्यार्थी संगठन के राम सोलंकी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि देवास रोड स्थित कॉलेज के जियोलॉजी विभाग की कक्षा में बाबा साहेब आंबेडकर के नाम से अभद्र टिप्पणी लिखी गई है। सूचना पर संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे, जहां क्लासरूम के बोर्ड पर आपत्तिजनक बातें लिखी मिलीं।

### 2 दिन में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

इसके बाद कार्यकर्ता प्रिंसिपल के कक्ष में पहुंचे और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। इस दौरान पुलिस भी वहां मौजूद रही। प्रिंसिपल हरीश व्यास से हल्की कहासुनी भी हुई। संगठन ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दो दिन का समय दिया है और चेतावनी दी है कि तय समय में कार्रवाई नहीं होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | शुक्रवार, 03 अप्रैल, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण व कार्यों की गुणवत्ता पर दिया जोर

**इंदौर।** इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा संभाग के खरगोन जिले के प्रशासनिक एवं विकास कार्यों की व्यापक समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय खरगोन का वार्षिक रोस्टर अनुसार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कार्यालय स्थित अपर कलेक्टर कोर्ट में व्यवहार न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गई। साथ ही खाद्य शाखा से जुड़ी जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर रिकॉर्ड दुरुस्ती, स्वेच्छानुदान, भूमि आवंटन, आर्थिक सहायता सहित कलेक्ट्रेट की सभी शाखाओं की समीक्षा की गई।

### विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव, प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**इंदौर।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र रचना एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता उन्नयन विषय पर विगत दिनों दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस का प्रथम तकनीकी सत्र विमर्श आयोग के सदस्य श्री नरेन्द्र कुमार कोष्टी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सत्र में वाणिज्य एवं प्रबंधन, वन, दर्शनशास्त्र, आयुर्वेद, प्राणिकी, होम्योपैथी, उद्यमिता, मनोविज्ञान, पशुचिकित्सा एवं क्रीड़ा विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा गहन चर्चा की गई। विषय विशेषज्ञों ने प्रश्नपत्रों के त्रुटिहीन निर्माण के लिए आवश्यक सावधानियों पर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रस्तुतियां दीं।

### मांडू स्वदेश दर्शन योजना के लिए डेस्टीनेशन मैनेजमेंट कमेटी गठित

**इंदौर।** भारत सरकार की चैलेंज बेस डेस्टिनेशन डेवलपमेंट सब-स्कीम स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की गाइडलाइन्स द्वारा माण्डू जिला-धार की स्वीकृति प्राप्त हुई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। कमेटी में जिला कलेक्टर, धार को अध्यक्ष बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक जिला धार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद माण्डू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिला धार कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जिला धार, सहा. संचालक, जनसंपर्क विभाग जिला धार, जिला महा प्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जिला धार, प्राचार्य शासकीय तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान, जिला धार, कलेक्टर धार द्वारा नामांकित पर्यटन उद्योग के दो प्रतिनिधि, सदस्य होंगे।

### इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों के युवाओं को मिलेगा अवसर

**इंदौर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती रैली 2027 के लिये आवेदन हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। योग्य एवं इच्छुक युवाओं के चयन के लिये इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में सेना भर्ती रैली का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय महू, जिला इंदौर द्वारा किया जाएगा। भर्ती रैली में भाग लेने के लिये ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। अभ्यर्थी 10 अप्रैल 2026 तक अपना आवेदन भर सकते हैं। इच्छुक उम्मीदवार भारतीय सेना की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी विज्ञापन अथवा उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत रिटर्न परीक्षा, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट, दस्तावेज सत्यापन, मेडिकल परीक्षण एवं पात्रता जांच आदि चरण शामिल रहेंगे। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि के पूर्व आवेदन कर आवश्यक जानकारी का अवलोकन अवश्य करें, जिससे भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा हेतु भारत का करेंगी प्रतिनिधित्व

**इंदौर।** बेंगलुरु में हुई चौथा राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में इंदौर की गुनिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अब वे एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा हेतु भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। साहस और सटीकता की बदौलत गुनिका शर्मा ने नेशनल पैरा ताइक्वांडो में स्वर्ण हासिल किया। मात्र तीन वर्ष की आयु में 'मेड्युलोब्लास्टोमा' (ब्रेन ट्यूमर) जैसी दुर्लभ बीमारी से जूझने वाली द मिलेनियम इंदौर की पूर्व छात्रा गुनिका शर्मा ने अपनी अटूट इच्छाशक्ति से इतिहास रच दिया है। 2009 के उस कठिन दौर के बाद, जहां उनके जीवित रहने की संभावना बेहद कम थी, गुनिका ने 55 प्रतिशत शारीरिक अक्षमता और पूर्ण 'हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी' जैसी चुनौतियों को पार करते हुए खुद को एक उत्कृष्ट एथलीट बनाया। नेशनल पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप के इवेंट में उन्होंने अपनी तकनीक, संतुलन और एकाग्रता का ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि निर्णायकों को प्रभावित करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। गुनिका ने अपनी शारीरिक सीमाओं और रीढ़ की हड्डी की विकृति के बावजूद मैट पर जो सटीकता दिखाई, वह उनकी वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने साबित कर दिया कि पूमसे की हर मुद्रा में उनकी वही दृढ़ता झलकती है जिसने कभी कैंसर को मात दी थी।

---

### आधी रात में मां आशापुरा वेयर हाउस की जांच

## नए बोरों में मिला गेहूं का अवैध भंडारण

### खाद्य विभाग की टीम को एक हजार कुंतल से अधिक गेहुं मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महिदपुर तहसील में स्थित मां आशापुरा वेयर हाउस ग्राम लोटिया जूर्नादा में गेहूं की अवैध भंडारण का मामला सामने आया है। फूड कंट्रोलिंग की टीम ने रात 3 बजे अचानक वेयरहाउस पर दबिश दी और लगभग 1000 कुंतल से अधिक गेहूं की अवैध भंडारण का पता लगाया।

वेयर हाउस संचालक पर आरोप है कि उन्होंने किसानों से कम दाम में गेहूं खरीदा और शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने ही वेयरहाउस में भंडारण किया। ऐसा माना जा रहा है कि वेयरहाउस संचालक गेहूं को बढ़ते हुए भाव में बेचकर अपना फायदा करने में लगे हैं। खाद्य नियंत्रण विभाग की टीम ने पंचनामा बना दिया है और अधिकारी कार्रवाई का हवाला देकर कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, एक ही नाम एवं पंजीयन पर यहां कई वेयरहाउस संचालित किए जा रहे हैं, जिसकी जांच होने पर और भी खुलासे हो सकते हैं।

कुछ दिनों पूर्व ही भोपाल के बैरसिया एमएलए विष्णु खत्री के वेयर हाउस में सरकारी खरीदी से पहले ही 6522 क्विंटल गेहूं रखा मिला है। जिसे ब्लैक लिस्टेड करते हुए सहकारी समिति पर भी कार्रवाई की गई है। समर्थन मुल्य पर खरीदी से पूर्व ही इतनी मात्रा में वेयर हाउस में गेहुं निकलना यह तय कर रहा है कि बडा घोटाला संभव है।

इस वेयरहाउस के अंतर्गत चार समिति का केंद्र एक ही स्थान पर बनाया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि आखिर चार समिति का केंद्र एक स्थान पर बनाना कहीं ना कहीं वेयरहाउस संचालन करने वाले मालिक को निजी लाभ हो रहा है। अब देखना है अधिकारी किस प्रकार की कार्रवाई करते हैं। रात 11 बजे फूड कंट्रोलिंग की टीम कार्रवाई करती रही।

#### एसडीएम बोले रेड हुई जानकारी डीएसओ देंगी

इस मामले में जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा से कई बार काल करने पर भी वे देर शाम तक नो रिप्लाय रही। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी महिदपुर सुरभि जैन का कहना था कि जिला आपूर्ति अधिकारी ही इस मामले में जानकारी देंगी वे ही अधिकृत हैं। एसडीएम महिदपुर अजय हिंगे ने स्वीकार किया कि मां आशापुरा वेयर हाउस पर रेड हुई है, लेकिन उनकी जानकारी में नहीं है कि मामला क्या निकला। इसकी जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी शालू वर्मा ही दे सकेंगी।

---

### किन्नर गुरु सपना को हाईकोर्ट से राहत

## डेढ़ साल पुराने लूट के मामले में पुलिस ने बनाया था आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर



पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में दर्ज लूट के मामले में किन्नर गुरु सपना को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। बुधवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने सशर्त जमानत मंजूर कर दी।

सपना गुरु के खिलाफ 29 जनवरी को एक मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि 12 जून 2024 को अपने साथियों के साथ मिलकर किन्नरों के समूह से लाखों रुपए, करीब 10 किलो चांदी और सोने के जेवर लूटे गए। इस दौरान दो किन्नरों के साथ मारपीट कर उनके हाथ-पैर तोड़ने का भी आरोप लगाया गया।

मामला दर्ज होने से पहले 24 जनवरी को सपना गुरु ने पुलिस आयुक्त संतोष सिंह से शिकायत की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके खिलाफ साजिश के तहत झूठे प्रकरण दर्ज कराए जा सकते हैं और किसी भी शिकायत की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

सपना गुरु के वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि घटना करीब डेढ़ से दो साल पुरानी बताई जा रही है, लेकिन मामला अब दर्ज किया गया, जो संदेह पैदा करता है। साथ ही अधिकारियों को पहले से जानकारी देने के बावजूद पंढरीनाथ थाना पुलिस ने जल्दबाजी में कार्रवाई की।

मामले में पुलिस अब तक सपना गुरु की गिरफ्तारी नहीं कर सकी थी और उनकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लग गई है।

---

### एलपीजी गैस के लिए लोग

## सिलेण्डर घर डिलेवरी देने वाले हॉकरों की भी शार्टेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री पर जिला प्रशासन द्वारा की गई सख्ती का असर अब दिखाई देने लगा है। पिछले दो सप्ताह से सिलेंडर की सप्लाई प्रभावित रहने के साथ ही अवैध रूप से गैस के वितरण पर प्रभावी रोक लगाए जाने के कारण एजेंसियों से घर-घर सिलेंडर पहुंचाने वाले हॉकरों की तादात कम होने लगी है। हाल यह है कि एक गैस एजेंसी में 20 से अधिक हाकर सक्रिय रहते थे, जो घर-घर सिलेंडर पहुँचाने के साथ-साथ अवैध रूप से गैस की सप्लाई भी करते थे, लेकिन अब यह संख्या घटकर लगभग आधी रह गई है।

इधर जिला प्रशासन के साथ पुलिस और खाद्य विभाग की लगातार निगरानी और कार्रवाई के चलते हाकरों के लिए एलपीजी सिलेंडर की अवैध गतिविधियों को जारी रखना मुश्किल हो गया है। इस वजह से अब जिले में अवैध बिक्री करने वालों का धंधा मंदा हो गया है। गैस एजेंसियों से जुड़े जानकार बताते हैं कि हॉकरों की कमाई का एक बड़ा हिस्सा घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग से जुड़ा हुआ था। घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले सिलिंडरों की गैस को अवैध रूप से ऑटो, होटल, ढाबों और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में खपाया जाता था। इसके बदले हाकरों को प्रति सिलेंडर अच्छा-खासा कमीशन मिलता था, जिससे यह अवैध नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था। जिला प्रशासन द्वारा की गई सख्ती में गैस एजेंसियों और वितरण केंद्रों की नियमित जांच, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई शामिल है। गैस वितरण एजेंसियों को दिए जाने वाले सिलेंडर को उपभोक्ता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी होती है।

#### घर तक पहुँचाने के नियम और कार्रवाई

- उपभोक्ता की बुकिंग होने के बाद संबंधित एजेंसी का हाकर उपभोक्ता के घर तक सिलेंडर पहुंचाता है। इसके बदले में उसे एजेंसी की तरफ से भुगतान मिलता है, लेकिन यह उपभोक्ता से भी पैसे लेते हैं। सिलेंडर बुक होने के कम से कम दो से तीन दिनों के भीतर पहुंचाना होता है, जो इस समय नहीं हो रहा।
- जिले में गैस एजेंसियां 55
- उपभोक्ता 5.50 लाख
- प्रतिदिन सिलेंडर बुकिंग 10 से 12 हजार
- प्रतिदिन सिलेंडर डिलीवरी 08 से 10 हजार

---

## शहर में बिक रही है मिलावटी खाद्य सामग्री, 95 सैम्पल फेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में मिलावटी खाद्य सामग्री धड़ल्ले से बिक रही है और दुकानदारों को इसका भय नहीं हैं। नकली घी भी बन रहा है। त्यौहारों के समय पर तो सेम्पल लिए जाते हैं लेकिन वर्षभर कोई प्रभावी कार्रवाई प्रशासनिक अमला नहीं करता।

शहर में मिलावटी खाद्य सामग्री का जमकर खेल चल रहा है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की मोबाइल वैन के जरिए लिए गए सैंपल और उनके टेस्ट में 95 सैम्पल फेल हुए हैं। इसमें ज्यादातर घी और मसाले के मिले है। मसाले और घी में जमकर मिलावट हो रही है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) की रिपोर्ट चौंकाने वाली बात यह है कि रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले दूध, मावा, पनीर और घी जैसे डेयरी प्रोडक्ट ही सबसे ज्यादा मिलावटी पाए गए हैं। यह पहली बार है जब मोबाइल वैन के संचालन से लेकर अब कर लिए गए एक लाख सैंपल की कंपाइल रिपोर्ट सामने आई है। राज्य के खाद्य सुरक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार ग्वालियर जिले में 420 सैंपल फेल पाए गए। गुना में 110, उज्जैन 95, भिंड 90 और बुरहानपुर में 75 नमूने मानकों पर खरे नहीं उतरे। शाजापुर, इंदौर, धार, रीवा, सागर, सीहोर और नरसिंहपुर सहित 30 से अधिक जिलों में मिलावट का जाल फैला हुआ है। जांच में दूध, पनीर, मावा, मिठाइयों और मसालों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है।

---

## हम पुलिस से कुछ भी करवा सकते हैं, दो युवकों पर विधि छात्र को धमकाने का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में रहने वाले एक विधि छात्र ने दो युवकों पर लगातार प्रताड़ना, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर को लिखित आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपित अपने राजनीतिक प्रभाव का हवाला देकर उसे और उसके परिवार को डराते-धमकाते हैं तथा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी भी दे रहे हैं।

भागीरथपुरा स्थित साईं मंदिर डीपी वाली गली निवासी जैनेन्द्र पंथी ने पुलिस कमिश्नर को दिए आवेदन में बताया कि वह बीए एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है। आवेदन के अनुसार भागीरथपुरा निवासी तारा चन्द उर्फ गोलू यादव और सदर क्षेत्र निवासी मनजीत सिंह आए दिन उसका रास्ता रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और राजनीतिक पहुंच का डर दिखाते हुए कहते हैं कि वे पुलिस से कुछ भी करवा सकते हैं।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दोनों कई बार उसे जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उनका कहना है कि आरोपित बार-बार यह कहते हैं कि उनके रास्ते में न आए, अन्यथा उसका जीवन बर्बाद कर देंगे। छात्र ने आवेदन में आशंका जताई है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी दोनों आरोपितों की होगी।

---

## महाकालेश्वर मंदिर में आज से जलाभिषेक

### अधिकमास के कारण 3 माह तक चलेगी व्यवस्था, 11 मिट्टी के कलशों से जल अर्पित होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में भगवान महाकाल पर निरंतर जलधारा अर्पित करने की विशेष व्यवस्था आज 3 अप्रैल से शुरू हो रही है। यह जलाभिषेक वैशाख कृष्ण प्रतिपदा से ज्येष्ठ पूर्णिमा (29 जून) तक चलेगा। इस वर्ष अधिकमास होने के कारण इसकी अवधि एक माह और बढ़ जाएगी, जिससे यह व्यवस्था लगभग तीन माह तक जारी रहेगी।

परंपरा के अनुसार, भगवान महाकाल पर गलंतिका के माध्यम से जल अर्पित किया जाएगा। इसके लिए 11 मिट्टी के कलशों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी, सरयू, क्षिप्रा और गण्डकी जैसी पवित्र नदियों का स्मरण कर जल स्थापित किया जाएगा। मंत्रोच्चार के साथ यह जल निरंतर भगवान को चढ़ाया जाएगा।

यह जलाभिषेक प्रतिदिन प्रातः भस्म आरती के बाद शुरू होकर सायंकालीन पूजन तक जारी रहेगा। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह व्यवस्था सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। भीषण गर्मी में भगवान महाकाल को शीतलता प्रदान करने के उद्देश्य से यह परंपरा निभाई जाती है।

---

### श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली महाकाल सवारी से पहले उज्जैन में बदल जाएगी मार्ग की सूरत

## हरसिद्धि पाल से दानीगेट तक की सड़क का होगा चौड़ीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

- गाय बछड़ा चौराहा से उदयन मार्ग तक का 500 मीटर लंबा मार्ग 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा
- रामानुज कोट से गणगौर दरवाजा होते हुए दानीगेट चौराहे तक के मार्ग को भी चौड़ा किया जाएगा
- आयुक्त ने सुनहरी घाट पर पाइप लाइन शिफ्टिंग के कार्य में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई



राजाधिराज महाकाल की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली सवारी से पहले मार्ग की सूरत बदल जाएगी। हरसिद्धि पाल से दानीगेट तक की सड़क का 18 करोड़ रुपये से चौड़ीकरण होगा। कार्य स्थल का निरीक्षण बुधवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने किया। उन्होंने अफसरों से कहा कि विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर की सवारी के पूर्व इन मार्गों का कायाकल्प निर्धारित मापदंडों और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिया जाए।

बताया कि विकास कार्य दो चरणों में किया जाएगा। हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण पर लगभग 4 करोड़ 58 लाख रुपये खर्च होंगे। यह मार्ग श्रद्धालुओं के लिए सीधे शिप्रा तट तक पहुंचने का मुख्य जरिया है। रामानुज कोट से गणगौर दरवाजा होते हुए दानीगेट चौराहे तक के मार्ग को 13 करोड़ 52 लाख रुपये से चौड़ा किया जाएगा। अधिकारियों से कहा कि सड़क चौड़ीकरण केवल डामरीकरण तक सीमित न रहे, बल्कि इसमें निम्नलिखित बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा जाएं। निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय रहवासियों को असुविधा न हो, इसके लिए डायवर्जन और वैकल्पिक रास्तों का स्पष्ट प्लान तैयार हों। मार्ग में आने वाली सीवर लाइन, पीएचई की पेयजल लाइन और विद्युत खंभों (प्रकाश व्यवस्था) को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट किया जाएं। पीएचई के रुद्रसागर संप और सुनहरी घाट की सफाई करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त मिश्रा ने सुनहरी घाट पर टाटा कंपनी द्वारा पाइप लाइन शिफ्टिंग के कार्य में देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। यह बात सामने आई कि कंपनी द्वारा विगत दो दिनों से कार्य बंद रखा गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए आयुक्त ने तत्काल टाटा कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और काम में तेजी लाने की चेतावनी दी।

#### सांदीपनि चौराहा से उदयन मार्ग चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता परखी

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सांदीपनि चौराहे से उदयन मार्ग तक किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य की गुणवत्ता बुधवार को कार्य स्थल पर जाकर परखी। बताया कि दो किलोमीटर से अधिक लंबे इस मार्ग का कायाकल्प लगभग 25 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। योजना अनुसार सांदीपनि चौराहा से गाय-बछड़ा चौराहा तक का डेढ़ किलोमीटर लंबा मार्ग 30 मीटर चौड़ा किया जाएगा। गाय बछड़ा चौराहा से उदयन मार्ग तक का 500 मीटर लंबा मार्ग 24 मीटर चौड़ा किया जाएगा। वर्तमान में नाला निर्माण एवं पोल शिफ्टिंग का काम प्रचलित है। आयुक्त ने कार्यपालन यंत्री को स्पष्ट शब्दों में कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण सामग्री की नियमित जांच की जाएं। कार्य की गति बढ़ाई जाएं ताकि निर्धारित समय सीमा में प्रोजेक्ट पूर्ण हो सके।

---

### स्थानीय नवाचार व प्राकृतिक खेती से जोड़ने के दिए निर्देश

**इंदौर।** इंदौर संभाग के खरगोन जिले के कसरावद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोथू स्थित ह्रद बोट विलेजह्न के शिवाकाशी होम स्टे का इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने होम स्टे की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए स्थानीय स्तर पर किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री खाड़े ने होम स्टे संचालक जयपाल सिंह से चर्चा कर सुविधाओं, स्वच्छता, पर्यटकों के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं स्थानीय संस्कृति के समावेश की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के होम स्टे ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए आय के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने निर्देश दिए कि होम स्टे को और अधिक आकर्षक बनाते हुए प्राकृतिक खेती से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए, ताकि पर्यटकों को ग्रामीण जीवन, जैविक कृषि और स्थानीय संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव मिल सके।

न्यूज कालम



## माध्यमिक विद्यालय अजयपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेश उत्सव

**सुवासरा।** शिक्षा के नए सत्र का आगाज 1 अप्रैल अजयपुर में बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ हुआ। स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयपुर में 'प्रवेश उत्सव' कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था और नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत उत्सव के रूप में किया गया जिन विद्यार्थियों की 85 प्रतिशत उपस्थिति रही है उनके पालकों का स्वागत किया गया जिन छात्राओं के टीकाकरण कृत बालिकाओं का स्वागत किया गया मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्कूल चले अभियान 2026-27 का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से विद्यार्थियों को दिखाया गया।,मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अजयपुर की सरपंच श्रीमती ललिता कैलाश पाटीदार एवं शालिगराम पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार बापूसिंह बघेल द्वारा व्यक्त किया गया।

## जन अभियान परिषद ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों का किया सम्मान



**जावरा ।**मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान किया गया । जिसमें खेलो इंडिया अस्मिता विभाग से किक बॉक्सिंग में बिटिया मुक्त चंद्रशेखर खारोल रजत पदक प्राप्त हुआ। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अंडर 18 वर्ल्ड स्कूल बास्केटबाल चैम्पियनशिप के लिए सर्बिया में होने जा रहा हे जिसमे मध्यप्रदेश से तीन खिलाड़ियों में इनका चयन हुआ जो कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे उसमें हर्ष महेश दुबे का चयन हुआ। शहर व प्रदेश के लिए गौरव का विषय है । सम्मान कार्यक्रम में कानसिंह चौहान ,डॉ दिलीप शाकल्य ,पार्षद शिवेंद्र माथुर,धीरज शर्मा ,यशवंत सिंह सोलंकी,प्रणय मंजिया,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान,प्रमोद खारोल, अशोक मुजाल्दे ,शेखर धारीवाल ,जितेंद्र त्रिवेदी सांवरिया खारोल आदि उपस्थित थे।

## नगर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया



**सनावद।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर हनुमानजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में अभिषेक, पूजन व आकर्षक श्रृंगार किया गया। त्रिकोण चौराहा, बस स्टैंड, चांदनीपुरा, सूत मिल, उच्छिष्ट गणपति, खरगोन रोड मंडी के सामने सहित अन्य मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन हुए। बस स्टैंड स्थित मंदिर में देर रात तक भंडारा चला। श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे से पहले कन्याओं का पूजन कर भोज कराया गया। मंदिर परिसर को केसरिया पताकाओं व विद्युत सज्जा से सजाया गया। मंगलवार से शुरू हुए तीन दिनी उत्सव का समापन गुरुवार को हुआ। अन्य मंदिरों में श्रीराम धुन, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ, सुंदरकांड व भजन-कीर्तन हुए। त्रिकोण चौराहा के मंदिर में सुबह अभिषेक व श्रृंगार हुआ। शाम को अन्नकूट प्रसादी बांटी गई। माता चौक के हनुमान मंदिर में भंडारा हुआ।

## बुरहानपुर-नेपानगर -खंडवा के लिए प्रमुख ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग



**बुरहानपुर।** खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने अपने संसदीय क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने बुरहानपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 12533/34 लखनऊ मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस तथा 07053/54 बीकानेर काचीगुड़ा एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की।नेपानगर में कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों को पुनः पूर्ववत शुरू करने की मांग सांसद पाटील ने नेपानगर स्टेशन के लिए ट्रेन संख्या 17605/06 काचीगुड़ा भगत की कोठी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग भी रखी। साथ ही कोरोना काल में बंद की गई ट्रेनों को पुनः पूर्ववत शुरू करने का अनुरोध किया।सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की लगातार सक्रियता के चलते अब क्षेत्र में इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय की उम्मीद बढ़ गई है।

## नगर में आज होगा खाटूश्याम जी का भव्य कीर्तन, बाबा का दरबार सजाया

**टांडा।** हारे का सहारा खाटूश्यामजी का नगर में भव्य कीर्तन आज होगा। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु कीर्तन में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार भी सजाया जाएगा। कीर्तन रात 8 बजे से प्रारंभ होगा जो देर रात तक चलेगा। कीर्तन ने जयपुर के भजन गायक आयुष सोमानी एवं धामनोद के माधव अग्रवाल के द्वारा बाबा की भक्ति करवाई जाएगी। उक्त भजन संध्या का आयोजन करने वाला श्याम करवाने वाला श्याम है।

### टांडा में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

## अखंड रामायण,हनुमान यज्ञ व शोभायात्रा निकली

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ टांडा



नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमान जन्मोत्सव समिति काफी दिनों से तैयारी में जुटी थी। बुधवार को नरसिंह मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया जो हनुमान जन्मोत्सव की सुबह समाप्त हुआ। सुबह हनुमान जी की जन्मोत्सव आरती उतारी गई।

इस अवसर पर हनुमान जी का मनमोहक चोला श्रृंगार किया गया। 9 बजे नरसिंह मंदिर प्रांगण से धर्म यात्रा निकाली गई जो में मेन रोड,सिर्वी गली होते हुए सदर बाजार पहुंची यहां से माहेश्वरी गली होते हुए पुनः नरसिंह मंदिर पहुंची। जहा श्रद्धालुओं ने हनुमान के दर्शन किए। पश्चात भंडार प्रसादी प्रारंभ की गई। शोभा यात्रा में नगर की धर्म प्रेमी जनता बड़ी संख्या में शामिल हुई। यात्रा के दौरान कई जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे बेंड बाजो पर हनुमान गीतों की प्रस्तुति दी रही थी। उसके पीछे धर्मध्वजा लेकर बच्चे थिरकते हुए चल रहे थे। मातृशक्ति तथा युवतिया भी एक रंग के परिधान में सज-धज कर गरबे नृत्य करते हुए चल रही थी। पीछे ढोल पर पैरों में घुंगरू बांध कर भक्ति में सराबोर युवक नाचते हुए चल रहे थे। हनुमानजी के रूप में सज कर आए युवक चल रहा था। शोभायात्रा में बग्गी में हनुमानजी का चित्र को विराजित किया गया जिनकी नगर में घर-घर पूजा की गई। वही पीछे ट्रेक्टर रूपी रथ में बालक-बालिका को शिव पार्वती के स्वरूप में श्रंगारित कर बैठाया गया। इस वर्ष पारम्परिक आदिवासी का नृत्य दल भी शामिल हुआ। जो आकर्षक का केंद्र रहा।इस अवसर पर नरसिंह मंदिर प्रांगण को आकर्षक विघुत साज सज्जा से सजाया गया। दोपहर 12 बजे उज्जैन के ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में हनुमंत यज्ञ का आयोजन भी हुआ। पूणार्हुति के पश्चात आरती उतारी गई। वही भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर समिति के द्वारा पुरुष एवं महिलाओं की बैठने के उत्तम व्यवस्था की गई। मेनरोड पर धर्मयात्रा के दौरान पुलिस को ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए मशक्कत पड़ी। नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी हनुमान जी का विशेष श्रंगार किया गया । सुबह 6 बजे आरती उतारी गई दिनभर दर्शन का दौर चलता रहा। दर्शन के लिए आए भक्तो को प्रसादी वितरण की गई। गर्मी को देखते हुए मन्दिर के बाहर टेंट लगवाया गया। आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में भी हनुमान जन्मोत्सव आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के बड़दा हनुमान मंदिर, खेड़ली हनुमान मंदिर, चुनपिया हनुमान मंदिर, खरवाली हनुमान मंदिर, में जन्मोत्सव मनाया गया।

## कलेक्टर ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खरगोन

कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की कलेक्ट्रेट सभागृह में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की उपयंत्री-वार समीक्षा की गई तथा कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जल गंगा संवर्धन अभियान पर विशेष फोकस बैठक में कलेक्टर सुश्री मित्तल द्वारा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत संचालित 7286 कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

अब तक 1208 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि शेष 6078 कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।अभियान अंतर्गत 28 अमृत सरोवर के कार्यों को एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभी जनपद सीईओ, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को आवश्यकता अनुसार लेबर लगाने एवं सामग्री के बिल ऑनलाइन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अभियान में अमृत सरोवर, डगवेल रिचार्ज, खेत तालाब, इरिगेशन इंफ्रास्ट्रक्चर, रिपेयर एंड मेंटेनेंस, वॉटर कंजर्वेशन एंड रिचार्ज तथा वाटरशेड डेवलपमेंट के कार्य शामिल हैं। वर्तमान में जिला प्रदेश स्तर पर 8वीं रैंकद्यपर है।

## नगर में महावीर जयंती उत्सव समिति ने सभी प्रतिभाओं को किया पुरस्कृत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



श्री संयुक्त जैन महावीर जयंती उत्सव समिति के माध्यम से भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर आयोजित पुरस्कार वितरण एवं समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया ।

आयोजन की मुख्य अतिथि एस. आर. ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर राखी कोठारी ने कहाँ की चार दिवसीय आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं को अवसर मिला हैं।पुरस्कार प्राप्त करना परिश्रम की सफलता का परिचायक हे आपने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी। समिति के संरक्षक चंद्रप्रकाश औस्तवाल ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहाँ की ऐसे आयोजनों प्रतियोगिताओं से हमारे समाज की प्रतिभाओं का विकास होता है। अध्यक्ष अभय कोठारी ने स्वागत करते हुए सभी प्रायोजक मंडलों का अभिनंदन किया। कोषाध्यक्ष कैलाश बारोड, महासचिव शिखर धारीवाल ,महिला समिति संयोजिका अर्चना करनावट एवं चित्रा ओस्तवाल ने सभी संयोजिकाओं के अथक परिश्रम एवं सहयोग के लिए सभी का बहुमान किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निबंध प्रतियोगिता में अंजलि धम्मानी ,स्वामी राँका, अक्षिता हरण, रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया चोपड़ा, देवासी मेहता ,एवं सहज टुकडिया विजेता रही। तत्काल भाषण प्रतियोगिता में दर्शील, ग्रंथ कोचट्टा, रेवांशी मेहता, नेहा ,साक्षी मारवाड़ी ,हिमानु दसेडा,। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अयांश जैन, प्रियंका भंडारी, अश्विका गंगवाल ,इशिता कोठारी, शावी बारोड, प्रेमी बारोड आदि विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमें प्रतियोगियों ने भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना कर्णावत ने किया। महावीर जयंती उत्सव समिति अध्यक्ष अभय कोठारी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया।

## सांदीपनि विद्यालय में विधायक डॉ. पांडे ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा



मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार "स्कूल चले हम" अभियान के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस 1 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय में हर्ष और उल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ राजेंद्र पाण्डेय, अध्यक्षता राजेश शर्मा, विशेष अतिथि पार्षद नरगिस मंसूरी एवं भाजपा जिला महामंत्री महेश सोनी रहे। मुख्य अतिथि डॉ पाण्डेय सहित समस्त अतिथियों ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों और उनके पालको का कंकू तिलक लगाकर पुष्प मालाए पहनाकर स्वागत किया एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरिण किया।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र बोस ने विद्यालय द्वारा गत सत्र में अर्जित उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आगामी सत्र हेतु कार्य योजना एवं निर्धारित लक्ष्य बताएं।इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव के आतिथ्य मे आयोजित "प्रवेश उत्सव" कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया।

इस सत्र से सांदीपनि विद्यालय में संविलियन किए गए समस्त विद्यालयों के प्रधान अध्यापक गण एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अपार सिंह गंभीर, राकेश डारिया, मुकेश गेहलोत, हर्षा नामदेव, कैलाश चंद्र कपासिया, चांद मोहम्मद खान, रीना धाकड़, नीता बैरागी, आमीन मंसूरी,ज्योति जोशी, कीर्ति आचार्य, सुनील सोनी, कामिनी खान, विजय प्रजापत, गिरीश मुले, पवन अटोलिया, शेख मोहम्मद आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन विभा जैन ने किया एवं आभार उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने माना।

### स्कूल चले हम अभियान के तहत

## पीएम श्री हाई स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत आज बड़वानी के पीएम श्री हाई स्कूल क्रमांक-3 में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल,क्षेत्रीय विधायक श्री राजन मंडलोई ,जिला कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने स्कूल में पहली बार कदम रखने वाले नव-प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। शिक्षा के प्रति बच्चों में अलख जगाने के उद्देश्य से कलेक्टर ने विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं पात्र छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुगमता हो।संबोधन के दौरान कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे बच्चे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल ने का कि हमारे क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नही है। कई बच्चे डाक्टर एवं इंजीनियर बने है।

## प्रतिबंधित जीव जंतुओं के अवैध बिक्री एवं अवैध पालन पर रोक

**बड़वानी।** वन मुख्यालय भोपाल द्वारा एडवाइजरी जारी कर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत प्रतिबंधित जीव जंतुओं के अवैध बिक्री एवं अवैध पालन पर रोक के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि वन्यजीव अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के अनुसार अनुसूचीबद्ध वन्यजीवों का शिकार व्यापार, खरीद-फरोख्त परिवहन, कब्जा एवं पालन दंडनीय अपराध है। प्रायः ऐसी घटनाये एवं शिकायते प्रकाश में आ रही है कि बाजार में पेट शॉप एवं एक्वेरियम की दुकानों पर अवैध रूप से प्रतिबंधित वन्यजीव कजुए, पक्षी, जीवित प्राणी प्रजाति आदि की बिक्री की जा रही है जो पूर्णतः गैर कानूनी है एव वन्यजीवों की प्राकृतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध है। यह कृत्य सामान्य नागरिको को भी कानून का उल्लंघन करने के लिए दुष्प्रेरित करता है, जिससे आम नागरिक जाने-अनजाने अपराध के भागी बन रहे है। अतः इस सम्बन्ध में वन मुख्यालय भोपाल द्वारा निम्नलिखित निर्देश जारी किये गये है ।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत आवेदनों का त्वरित निराकरण

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु 12 जनवरी से 31 मार्च तक 4 चरणो में चलाए गए प्रदेश व्यापी संकल्प से समाधान अभियान में जिले ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न 16 विभागों की 65 सेवाओं और 41 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया गया। इस अभियान के तहत जिले में प्राप्त कुल आवेदनों में से 99.6 प्रतिशत का निराकरण सुनिश्चित किया गया।जिले में कुल 1,62,428 आवेदन दर्ज किए गए, जिनमें से 1,61,840 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान के तहत जिले की 562 ग्राम पंचायतों और वार्डों के लिए कुल 102 शिविर प्रस्तावित किए गए थे। ग्राम,क्लस्टर,ब्लॉक और जिला स्तर पर आयोजित इन सभी शिविरों को समय सीमा के भीतर संपन्न कर लिया गया है।

## जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण को पारदर्शी, सटीक एवं व्यवस्थित रूप से संपादित करने हेतु नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स का 3 दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को नगर पालिक निगम के एमआईसी हॉल में प्रारंभ हुआ।

**सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 30 मई तक**

जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 30 मई तक संचालित रहेगा। 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त नामित मास्टर ट्रेनर डॉ. दीपक शाह एवं श्री सुदर्शन नाथ सेठी एवं जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल से श्री विनय श्रीवास्तव (जिला जनगणना प्रभारी) ने जनगणना से संबंधित चयनित फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया।

**जनगणना की जानकारी**

जनगणना के बारे में परिचय और प्रगणकों, पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण की विधि एवं उनकी भूमिका तथा कर्तव्य, कानूनी पहलू, जनगणना की नींव का निर्माण, जनगणना में प्रयुक्त अवधारणाएं और परिभाषाएं एचएलबी सीमाओं का ग्राउण्ड टूथिग तंत्र और ले आउट एवं अन्य जानकारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर व सचिव अश्विन पिपल्दे सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा खरगोन स्थित कृष्णा होटल में दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया, प्रांतीय उपाध्यक्ष परसराम चौहान, प्रांतीय संयुक्त सचिव राधेश्याम पाटीदार सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ महेश्वर तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर एवं तहसील सचिव अश्विन पिपल्दे को श्रमजीवी पत्रकार संघ संभागीय अध्यक्ष विजय मोरे और जिला अध्यक्ष सदाशिव वर्मा ने श्रमजीवी पत्रकार संघ के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी सम्मानित पत्रकारों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा निष्पक्ष और जनहित की पत्रकारिता को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने भी सम्मानित पत्रकारों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय पत्रकार समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस अवसर पर महेश्वर तहसील के पत्रकार साथियों ने दीपक तोमर और अश्विन पिपल्दे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश कुमार राजदीप, हरचरण सिंह मुच्छाल, उदय सिंह पटेल, नवीन ठाकुर, अमन वर्मा, कमलेश चौहान, पंडित पंकज मेहता गुरुजी,मनोज शर्मा,नितिन पाटीदार , नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे, शिवशंकर रोकड़े, जोजो मुरियाडन, नितिन जोशी, दानिश जोये, दिलीप बाबा वर्मा, पवन वर्मा, जितेंद्र वासुरे, बलराम बर्मन, वीरेंद्र सिंह पटेल, अविनाश पटेल, संदीप पाटीदार, महेंद्र वर्मा, विजय पाटीदार, तरुण कुमरावत, जितेंद्र वर्मा, प्रवीण वर्मा, लोकेश प्रजापत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।कार्यक्रम के अंत में संगठन पदाधिकारियों ने पत्रकार एकता को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## न्यूज -कॉलम

### पेट्रोल पंप मैनेजर से युवक के साथ केबिन में की मारपीट

**उज्जैन।** देवासरोड ऋषिनगर स्थित पेट्रोल पंप पर बुधवार-गुरूवार रात मैनेजर गोपाल सोनी ने पंप पर पार्ट टाईम काम करने वाले पवन कुमावत को केबिन में बुलाकर हिसाब में चंद रूपये कम आने पर बुरी तरह मारपीट की। पवन के साथ मारपीट होती देख अन्य कर्मचारी विशाल योगी केबिन में पहुंचा और बीच-बचाव किया। पवन ने आने साथ हुई मारपीट की शिकायत माधवनगर थाने पहुंचकर की। पुलिस ने मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पवन के अनुसार वह श्यामगढ़ मंदसौर का रहने वाला है। उज्जैन में किराये से रहकर पॉलिटेक्निक कॉलेज में अध्ययन कर रहा हे। पढ़ाई के साथ रूपयों की जरूरत होने पर पंप पर पार्ट टाईम काम करता है। हिसाब में 10-20 रूपये का ही अंतर था। बावजूद उसे बुरी तरह से मारा गया है।

### जिले की सीमा से घूमता मिला निष्कासित बदमाश

**उज्जैन।** अपराधिक गतिविधियों में शामिल बदमाश को जनवरी माह में भाटपलाना थाना क्षेत्र से जिले के साथ समीपवर्ती जिले धार, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, देवास और आगर मालवा की सीमा से 6 माह के लिये निष्कासित किया गया था। लेकिन बुधवार-गुरूवार रात बदमाश मुख्तियार उर्फ मुक्का पिता अब्बास पटेल निवासी ग्राम माधोपुरा उज्जैन-धार की सीमा सुन्दराबाद फंटे पर घूम रहा था। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी को निष्कासित बदमाश के जिले की सीमा में होने की खबर मिली तो टीम के साथ दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी चौधरी के अनुसार बदमाश के खिलाफ जिलाधीश के आदेश का उल्लघंन करने पर म. प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 में प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी 6 संगीन मामले दर्ज है।

### बंदियों के लिये पाऊच ले जाते पकडाया जेल प्रहरी

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ के प्रहरी नरेन्द्र चौधरी को चैकिंग के दौरान पकड़ा गया है। उसके पास से अंडरवियर में छुपाकर रखे गये रजनीगंधा के जर्दा पाऊच मिलने पर जेल अधीक्षक मनोज साहू ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा और विभागीय जांच शुरू की। जेल अधीक्षक ने बताया कि जेल में ड्युटी के लिये प्रवेश से पहले सभी की नियमित चैकिंग की जाती है। इसी दौरान प्रहरी को पकड़ा गया। पूछताछ में जर्दा पाऊच को लेकर सही जवाब नहीं दे पा रहा था। विदित हो कि पूर्व में भी कई जेल प्रहरियों को पकड़ा गया है, जो अनाधिकृत तरीके से मादक पदार्थ, बीडी, सिगरेट के साथ मोबाइल और अन्य सामग्री ले जाते हुए पाये गये थे। जिनके खिलाफ विभागीय जांच के साथ निलंबित करने की कार्रवाई तक की जा चुकी है।

### पारिवारिक विवाद में जहर खाने वाली महिला की मौत

**उज्जैन।** पारिवारिक विवाद होने पर गुरूवार सुबह ग्राम सुहागपुर राघवी की रहने वाली पवनबाई पति तूफानसिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन महिदपुर अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। पवनबाई की उज्जैन पहुंचने पर मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि पवनबाई 3 बच्चों की मां थी। एक अन्य मामले में पानबिहार ग्राम भीलखेड़ा में रहने वाले अनिल पिता हेमराज मालवीय 25 साल ने बुधवार शाम जहरीला पदार्थ खाया था। जिसकी उपचार के दौरान गुरूवार को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अनिल की 3 साल पहले शादी हो चुकी थी। एक माह से पत्नी मायके शंकरगढ़ में रह रही है।

### गुजरात से पैतृक गांव लौटी युवती ने लगाई फांसी



**उज्जैन।** गुजरात में रहने वाली ज्योति पिता लालसिंह 18 साल 2 दिन पहले परिवार के साथ पैतृक ग्राम लखाहेड़ा घट्टिया लौटी थी। बुधवार शाम माता-पिता और भाई धार्मिक कार्यक्रम के लिये सामान की खरीददारी करने के लिये बाजार गये थे। ज्योति घर पर अकेली थी। देर शाम परिवार घर लौटा, दरवाजा खुला हुआ था। पिता अंदर कमरे में पहुंचे तो उन्होने पुत्री ज्योति को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा। तत्काल उसे नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरूवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। बताया जा रहा है कि पूरा परिवार गुजरात में रहकर मजदूरी करता है। काफी समय बाद पैतृक गांव लौटा था। मामले में घट्टिया थाना पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 678-1 | 150-6 | |
| मेन बाजार | 140-5 | 359-7 | |
| कल्याण नाइट | 669-1 | 349-6 | |
| मिलन डे | 346-3 | 239-4 | |
| मिलन नाइट | 357-5 | 156-2 | |
| मधुर डे | 134-8 | 570-2 | |
| मधुर नाइट | 127-0 | 690-5 | |
| शुभांक | 4 | 6 | 9 |

## चंद घंटो में खुलासा, 1 हिरासत में 2 की तलाश....

# लिफ्ट मांगने के विवाद में हुई थी युवक की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चाकू मारकर बुधवार-गुरूवार रात की गई युवक की हत्या लिफ्ट मांगने पर हुए विवाद में होना सामने आया है। मृतक ने आरोपी को लिफ्ट नहीं देने पर थप्पड़ मार दिया था। पुलिस ने चंद घंटों में मामले का खुलासा करते हुए 1 आरोपी को हिरासत में ले लिया है। 2 की तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना पुलिस को गुरूवार सुबह खबर मिली थी कि आगररोड शराब दुकान से पहले एक युवक की लाश पड़ी है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। मामला हत्या का सामने आया, मृतक की जांघ और पैर पर चाकू के घाव थे। मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, उसी दौरान कुछ ऑटो चालकों ने बताया कि मृतक बेगमबाग कालोनी का रहने वाला आरिफ उर्फ भूरू पिता अब्दुल गफ्फार है। पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया, भाई सिकंदर ने घटनास्थल पहुंचकर शिनाख्त की और बताया कि रात 9 बजे घर से निकला था, रातभर घर नहीं लौटा था। शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर थाना प्रभारी ने एसआई लक्ष्मण उईके, लिबिन खेस, प्रधान आरक्षक



महेश बैस, मनोज कटारिया, आरक्षक आनंद मिश्रा, संदीप, सुनील, दीपक और सैनिक चंदन की टीम गठित कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। चार घंटे बाद पता चला कि आरोपियों में मोनू उर्फ दीपांशु पिता नारायण बुंदेला 22 साल शिवशक्तिनगर, लक्की पिता पिता हेमू 22 साल और रेहान पिता रफीक मंसूरी 20 साल निवासी गांधीनगर शामिल है। टीम द्वारा तीनों के घरों पर दबिश दी गई लेकिन फरार होना सामने आये। पुलिस ने मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया। शाम होने से पहले पता चला कि मोनू उर्फ दीपांशु देवासरोड की ओर भाग रहा है। टीम ने पीछा किया और नागझिरी से उसे हिरासत में ले लिया। उसके दोनों साथी देर रात तक गिरफ्त में नहीं आ पाये थे। जिनकी तलाश जारी है।



### लोगों ने समझा रास्ते में पड़ा है शराबी

घटनास्थल से कुछ दूरी पर शराब की दुकान है। आये दिन रात में यहां नशा अधिक होने पर सड़क किनारे और आसपास कई लोग पड़े रहे है। रात में हुई घटना के बाद सुबह तक कई लोग वाहनों से गुजरे, लेकिन लोगों ने समझा कि कोई शराबी पडा है। सुबह कुछ पैदल गुजरे लोगों ने खून फैला देखा तो हत्या की जानकारी सामने आई। बताया जा रहा है कि रात में हुई घटना के बाद भुरू ने खुद का बचाने के लिये दौड़ भी लगाई थी, जिसके चलते आसपास खून भी हुआ था। जांच के लिये घटनास्थल पर एफएसएल की टीम भी पहुंची थी।

### मोनू बोला युवक ने मारा था थप्पड़

हिरासत में आये आरोपी मोनू से पूछताछ में सामने आया कि घटना रात डेढ़ से दो बजे के बीच की है। वह रेहान और लक्की के साथ बाइक से लौट रहा था। तभी रास्ते में युवक ने लिफ्ट मांगी। उन्होने लिफ्ट देने से मना किया तो युवक ने रेहान को थप्पड़ मार दिया। जिसको लेकर विवाद हुआ और रेहान ने चाकू से हमला कर दिया। रात का समय होने पर भीड़भाड़ कम थी, वह उसे घायल हालत में छोड़कर भाग निकले थे। पुलिस ने मोनू के हिरासत में आने पर उससे बाइक भी बरामद की है। चाकू रेहान और लक्की के गिरफ्त में आने पर बरामद किया जायेगा।

# लापता युवक की क्षिप्रा नदी से मिली लाश

## प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की आशंका

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी से गुरूवार सुबह एक युवक की लाश मिलना सामने आया। युवक बुधवार से लापता था, उसके पास मिले मोबाइल से पहचान हुई। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा और आत्महत्या का सामने आया है।

महाकाल थाना एएसआई बलराम जाट ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने सूचना देकर बताया कि क्षिप्रा नदी सिद्ध आश्रम के सामने पेंट टीशर्ट पहने एक युवक की लाश पानी में डूबी दिखाई दे रही है। पुलिस मौके पर पहुंचती उससे पहले होमगार्ड जवानों और तैराक दल के सदस्यों ने शव को बाहर निकाल लिया था। मृतक के पास मोबाइल मिला, जो वाटरप्रूफ था, उससे कुछ देर में रिंग बजने लगी। जिसे रिसिव करते ही पहचान हो गई। मृतक जयसिंहपुरा का रहने वाला लोकेश उर्फ पप्पू पिता



कैलाश राव 28 साल था। परिजनों के आने पर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि लोकेश मजदूरी करता था और बुधवार दोपहर से लापता था। उसका एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था, शादी की बात भी हुई थी, लेकिन युवती ने बाद मे मना कर दिया था। संभवत: इसी के चलते लोकेश ने आत्महत्या की है। परिवार उसे कल से तलाश कर रहा था। एएसआई के अनुसार प्रथमदृष्टता डूबने से मौत होना सामने आया है। जिस तरह कपड़ों में लाश मिली है, उससे मामला आत्महत्या का है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

### ट्रक-बाइक की टक्कर में 3 घायल

**उज्जैन।** इंदौररोड तपोभूमि के पास गुरूवार शाम बाइक सवार तीन लोगों को ट्रक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। पुलिस की डायल 112 ने अस्पताल पहुंचाया। घायलों से पूछताछ में सामने आया कि गरोठ के रहने वाले सिद्धूलाल पिता उदयराम, सोनू पित विदेश रायकवार और विदेश पिता राधेश्याम है। तीनों बड़नगर रोड पर बन रही कालोनी में मजदूरी करते है। सोनू की तबीयत ठीक नहीं होने पर उसे अस्पताल लाया जा रहा था, उसी दौरान ट्रक ने टक्कर मारी। नानाखेडा थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 18 दिन बाद मिला चोरी हुआ आभूषणों से भरा पर्स

**उज्जैन।** छत्तीसगढ़ के परिवार को आभूषण और मोबाइल से भरा पर्स 19 दिन बाद मिल गया। पुलिस ने पर्स परिवार को लौटा दिया है। चोरी करने वालों की तलाश जारी है। घट्टिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने छोटा चम्मच हरिओम रेस्टोरेंट से 13 मार्च को छत्तीसगढ़ के लुनावत परिवार का लेडिस पर्स अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया था। पर्स में सोने की अंगूठी, ब्रेसलेट, आईफोन के साथ अन्य सामान रखा था। जिसकी कीमत 9 लाख रूपये थी। मामले की शिकायत शाश्वत लुनावत ने दर्ज कराते हुए पर्स अपनी पत्नी प्रतिभा का बताया था। पुलिस ने मामले में चोरी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 18 दिन बाद पुलिस ने उक्त पर्स बरामद कर लिया। लेकिन चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्त में नहीं आ सका। पुलिस ने पर्स मिलने पर परिवार से संपर्क किया, बुधवार रात परिवार के वापस आने पर आभूषणों से भरा पर्स लौट दिया गया। बताया जा रहा है कि लुनावत परिवार छत्तीसगढ़ में फार्मा कंपनी संचालित करता है। वह परिवार के साथ झालावाड़ शादी समारोह में जाने के लिये निकला था। छोटा चम्मच रेस्टोरेंट पर नाश्ता करने रूक था, उसी दौरान प्रतिभा लुनावत ने अपना पर्स टेबल पर रखा था, नजर चूकने पर पर्स चोरी हो गया था। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लुनावत परिवार की महिला का पर्स सांसी गिरोह के बदमाश ने चोरी किया था। जो राजगढ़ के बोड़ा का रहने वाला था। बदमाश की पहचान होने पर पुलिस राजगढ़ तक पहुंची थी, बताया जा रहा है कि पुलिस उक्त बदमाश के मूवमेंट पर लगातार नजर रखे हुई थी। बदमाश फरार हो गया था लेकिन पर्स मिल गया था।

### ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 70 हजार की ठगी

**उज्जैन।** ट्रेडिंग के नाम पर वाट्सएप पर कॉलिंग कर युवक के साथ ऑनलाइन 70 हजार की ठगी कर ली गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर जांच शुरू की गई। इंदौर में ट्रांजेक्शन किये जाने का सुराग मिल गया। संभावना है कि आज पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है। अंकपात मार्ग स्थित राधा मोहन की गली में रहने वाले सूरज पिता राधेश्याम राठौर के मोबाइल पर 5 मार्च को वाट्सएप कॉल आया था। जिसमें स्टॉक मार्केट में पैसा लगाने पर काफी मुनाफा होने का झांसा दिया गया। सूरज ने स्टॉक मार्केट की जानकारी नहीं होने की बात कहीं। कॉल करने वाली ने जानकारी देने और स्टॉक मार्केट में कैसे काम करना है, इस बात को सिखाने की बात कहीं। सूरज बातों में आ गया। उससे कुछ एप्प डाउनलोड कराये गये। जिसके बाद सीखने के नाम पर पहले 20 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन कराया गया। उसके बाद उसे मुनाफा दिखाया गया। लालच में सूरज ने 50 हजार का ट्रांजेक्शन ओर कर दिया। उसका भी मुनाफा होना दिखाया गया। जब मुनाफा देने की बात कही गई तो उसे झांसा दिया जाने लगा। फिर घाटा होना बताया दिया गया। सूरज ने उक्त वाट्सएप नम्बर पर संपर्क किया तो कॉल स्वीच ऑफ आने लगा। अपने साथ धोखाधडी की शिकायत सूरज द्वारा जीवाजीगंज थाना पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच शुरू की जिसमें सामने आया कि 70 हजार का ट्रांजेक्शन इंदौर के खाते में हुआ है। पुलिस की एक टीम इंदौर जाना बताई जा रही है। संभावना है कि मामले में ठगी करने वालों को गिरफ्तार कर आज मामले का खुलासा किया जा सकता है।

### समय की नई धुरी की ओर उज्जैन.. महाकाल सम्मेलन में परंपरा और स्पेस साइंस का संगम

**उज्जैन।** प्राचीन काल में समय गणना और खगोल विज्ञान का केंद्र रहा उज्जैन एक बार फिर वैश्विक वैज्ञानिक चर्चा के केंद्र में है। 3 से 5 अप्रैल 2026 तक यहां महाकाल The Master of Time"अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के बीच सेतु बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य उज्जैन-डोंगला क्षेत्र को पुन: वैश्विक मेरिडियन (समय रेखा) के रूप में स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा करना है। कर्क रेखा के निकट स्थित यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से समय निर्धारण और खगोलीय गणनाओं का आधार रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इस अवधारणा को वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलता है, तो भारत की पारंपरिक कालगणना पद्धति को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिल सकती है। तीन दिवसीय सम्मेलन में समय मापन की वैज्ञानिक अवधारणा, खगोल विज्ञान और कॉस्मोलॉजी में नई खोजें, स्पेस इकोनॉमी, तथा अंतरिक्ष तकनीक के रणनीतिक उपयोग जैसे विषयों पर गहन विमर्श होगा। इसके साथ ही भारतीय ग्रंथों में वर्णित खगोलीय सिद्धांतों की वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर भी चर्चा की जाएगी। आज 3 अप्रैल को उज्जैन तारामंडल परिसर में सम्मेलन का भव्य उद्घाटन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे, जबकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण पहलू युवाओं की भागीदारी है। छात्रों के लिए सैटेलाइट निर्माण (ड्रोन) तकनीक, टेलीस्कोप से आकाश अवलोकन और सनस्पॉट अध्ययन जैसी कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इससे नई पीढ़ी में अंतरिक्ष विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



## कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

//जाहिर सूमना//

सर्व साधारण को एतद सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र आवासीय योजना के अंतर्गत भवन / भूखण्ड / दुकान क्र. सी-3/9 श्रेणी एम.आई.जी. ENCORE ASSET RECONSTRUCTION COMPANY PVT. LTD प्राधिकृत अधिकारी जावेद अली पिता श्री रमजान खाँ निवासी फजू खाँ फैक्टरी के पीछे, वार्ड नं 25 सरदार शहर चूरू (राजस्थान) के नाम पर विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित हुआ। आवंटी/मुआ के द्वारा उक्त सम्पति के आवंटन से विक्रय अंतरण हेतु वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का अंतरण SRS INTERNATIONAL द्वारा जितेन्द्र गर्ग पिता श्री बंशीलाल गर्ग निवासी 126 पद्मावती एवेन्यू, कानीपुरा तराना रोड उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया है। अंत. आयटी/मुआ. द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति का सोदा किया गया हो या रहन/मार्टगेज रखी गई हो अथवा उक्त सम्पत्ति विक्रय/अंतरण में किसी अन्य को कोई आंपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आवेदन पत्र की पावती प्राप्त करें। अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा विक्रय/अंतरण अनुमति दी जाने की कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**

## न्यायालय अपर कलेक्टर--3 जिला उज्जैन (म.प्र.)
## (पीठासीन अधिकारी श्री शाश्वत शर्मा)

**प्रकरण क्रमांक-0144/ निगरानी / 2025-26**

### अपील सूचना समंस आदेश नियम 1 और सी.पी.सी

**1. श्री दलपतसिंह पिता नारायणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम जलोदिया जागीर तहसील नागदा जिला उज्जैन .............**
**आवेदक**
**विरूद्ध**

5. श्रीमती भंवरबाई पिता स्व. हुकुमसिंह
6. श्रीमती संजुबाई पिता स्व. हुकुमसिंह
7. श्रीमती गुड्डीबाई पति लोकेन्द्रसिंह जातिगण राजपूत निवासीगण ग्राम जलोदिया जागीर तहसील नागदा जिला उज्जैन.......................**अनावेदकगण**

आप अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदक के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उज्जैन नागदा के द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 0096 / अपील / 2025-26 में पारित आदेश दिनांक 26.12.2025 के विरुद्ध न्यायालय अपर कलेक्टर-3 उज्जैन में आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण क्रमांक-0144/निगरानी / 2025-26 है। उक्त आवेदन की सुनवाई हेतु दिनाक 09.04.2026 नियत की गई है। इसलिए आप अनावेदकगण उक्त आवेदन के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर आपका पक्ष प्रस्तुत करें। अनावेदकगण की अनुपस्थिति में आवेदन की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा। किसी कारण से उक्त दिनांक को अवकाश होने की दशा में प्रकरण आगामी कार्य दिवस में लिया जावेगा। सूचित हो।

**अपर कलेक्टर**
**जिला उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार महेश पांचाल पिता स्व. श्री बाबूलाल पांचाल, निवासी 25, ढाबा रोड़ उज्जैन के पिताजी स्व. श्री बाबूलाल पांचाल का निधन दिनांक 07/11/1993 को हो चुका है। जिनके शमशान एवं नगर पालिक निगम उज्जैन में मृत्यु से संबंधित अभिलेख न मिलने की स्थिति में नगर पालिक निगम उज्जैन के द्वारा उपरोक्त संबंध में कोई भी अभिलेख अभिलेखागार में होने से इंकार किया गया है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि स्व. बाबूलाल पिता स्व. मुन्नालाल पांचाल की मृत्यु से संबंधित आपत्ति यदि किसी व्यक्ति, संस्था को हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार अथवा मुझ से मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर आपत्ति दर्ज करवा देवे। दिनांक 02/04/2026

**विशाल राठौर हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय- गुरुद्वारे के पीछे फ्रीगंज उज्जैन मो. 7489716107**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 46-ए स्थित सुरज नगर कॉलोनी उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 88.24 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- कॉलोनी का रोड़, पश्चिम में- भूखण्ड़ क्रमांक 51-ए, उत्तर मे- भवन सोहनलाल पिता बाबुलाल कोदारी (बिक्री में शामिल चार दिवार) तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 45-ए स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति अशोक जैन पिता श्री भंवरलाल जी जैन ने इसके पूर्वस्वामी ज्योति पति राजेन्द्र मिश्रा पुत्री जगबहादुर सिंह एवं आभा दीक्षित पुत्री जगबहादुर द्वारा मुख्तयारआम शरद दीक्षित पिता श्री जगबहादुरसिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1/1257 दिनांक 16/06/2005 के माध्यम से क्रय कि। तथा अशोक जैन ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व के मूल विक्रय पत्र दिनांक 18/10/1989 का एवं विक्रय पत्र क्रमांक 1 I/2966 दिनांक 09/10/1997, मुख्त्यारआम पत्र क्रमांक 360 दिनांक 02/03/2005 एवं विक्रय पत्र क्रमांक 1/1257 दिनांक 16/06/2005 के कही गुम हो गये है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त उल्लेखित मुल विक्रय पत्र कहीं जमा हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो । दिनांक 02/04/2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज,**
**उज्जैन मो. 9301860352**

# बुद्धिमान हनुमान



हनुमान जी सदैव शिक्षा देते हैं कि इच्छा और बल का सदुपयोग बुद्धिमानी से करना चाहिए। लंका में माता सीता से मिलने के बाद जब वह लौटने लगे, तब माता बहुत उदास हो गईं। तब वह स्वयं को रोक न पाए, उन्होंने इच्छा रखी, माता, यदि आपको लगता है, रामजी को आने में विलंब हो रहा है, वह समुद्र पार कर पाएंगे या नहीं, तो मैं अभी आपको प्रभु के पास लिए चलता हूं। आज ही राक्षसों से मुक्त कर देता हूं। आप मेरी पीठ पर विराजमान हो जाइए, अभी अपने प्रभु के पास ले चलता हूं। हनुमान की इच्छा सुन माता को विस्मय और हर्ष हुआ, वह बोलीं, लंबा मार्ग है, आप कैसे मुझे लेकर जाने की इच्छा कर रहे हैं? मुझे लगता है, वानर वाला स्वभाव प्रकट कर रहे हैं। आपका छोटा शरीर है, मुझे कैसे लेकर जाएंगे प्रभु श्रीराम के पास? तब हनुमान ने कहा, यह जो आप देख रही हैं, यह तो छोटा रूप है, जो मैंने इच्छा से धारण कर रखा है। हनुमान जी पेड़ से कूदकर नीचे आ गए और विशाल रूप धारण कर माता को विश्वास दिलाया, माता, संपूर्ण लंका को ले चलने की मुझमें क्षमता है। आप मुझ पर संदेह न करें। माता ने कहा, नहीं, मैं संतुष्ट हूं, यदि आपमें इतना बल नहीं होता, तो आप कैसे यहां आ पाते? आप सक्षम हैं, किंतु मेरा मन कहता है, वायु वेग से आप मुझे लेकर जाएंगे, मैं संभलकर कैसे बैठ पाऊंगी, मुझे संदेह है। अतः मैं साथ जाने में असमर्थ हूं। पहले आप अकेले आए थे, ब्रह्मचारी रूप में, अब मैं साथ जाऊंगी, तो देखने वाले सोचेंगे कि यह निश्चित रूप से पत्नी वाला कोई है, इसलिए मैं आपके साथ जाने में संकोच कर रही हूं। एक और समस्या है, मैंने अपनी इच्छा से कभी किसी पर-पुरुष का स्पर्श नहीं किया है, इसलिए मैं आपकी पीठ पर बैठकर नहीं जा सकती। आप जाइए और रामजी को मेरा दुख बताइए और प्रेरित करके उन्हें यहां लाइए। वह आएं, राक्षसों का विनाश करें, तभी मैं जाऊंगी। तब अपनी इच्छा और बल को हनुमान जी ने अपनी तेज बुद्धि से संभालते हुए कहा, माता, आपने जो कहा, वह अत्यंत ही न्याय, मर्यादा और सिद्धांत की बात है। आप भगवान राम की पत्?नी हैं, जो परमात्मा हैं, आपने निर्णय लिया, ठीक लिया। आपके दुख और रामजी की चिंता के संपादन के लिए ही मैंने यह निवेदन किया था। रामजी के स्नेह से भरा मेरा निवेदन था, मेरा मन पिघला हुआ था, इसलिए मैंने कहा था कि आप मेरे साथ चलिए, और कोई कारण नहीं था। अब आप मुझे आज्ञा दीजिए कि मैं शीघ्र जाऊं और प्रभु श्रीराम को यहां लेकर आऊं। अतुलित दैहिक बल के साथ ही बुद्धि बल के धनी हनुमान जी ने तब सीताजी से कोई स्मृति चिह्न मांगा, ताकि रामजी को विश्वास दिला सकें। तब सीताजी ने चूड़ामणि निकालकर हनुमान जी की हथेली पर रख दी।



सम्पादकीय

## भारत की परीक्षा

युद्ध की वजह से भारत में आर्थिक तनाव साफ दिख रहा है। सबसे पहले ईंधन की कीमतों पर असर पड़ने लगा है, इससे महंगाई कितनी बढ़ी है, इसके आंकड़े 14 अप्रैल तक सामने आएंगे। वैसे, फरवरी में महंगाई कुछ बढ़ी थी और मार्च में इसके तीन से चार प्रतिशत के बीच रहने की आशंका है। वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के चलते बुधवार को व्यावसायिक एलपीजी की कीमतों में 195.50 रुपये की बढ़त हुई है। दिल्ली में 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 2,078.50 रुपये हो गई है। ध्यान रहे, पिछली बार 1 मार्च को 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। घरेलू गैस की कीमत में भी 7 मार्च को 60 रुपये की बढ़त हुई थी, अगर इसकी कीमत अब बढ़ती है, तो लोगों को ज्यादा परेशानी होगी। अब कीमत बढ़ी, तो रसोई गैस के भाव हजार रुपये के पास पहुंच जाएंगे। वैसे, व्यावसायिक सिलेंडर के भाव बढ़ने से भी बाहर खाने-पीने की चीजों की महंगाई तय है। ध्यान रहे, पांच किलोग्राम वाले बहु-उपयोगी सिलेंडर की कीमत में भी 51 रुपये की वृद्धि हुई है और आसानी से उपलब्ध हो जाने वाला यह छोटा सिलेंडर अब सात सौ रुपये का हो गया है, इससे अनेक परिवारों के बजट पर असर पड़ेगा।

सिलेंडर के भाव में ऐसी वृद्धि का सरकार के पास क्या कोई सीधा समाधान है? युद्ध छिड़ने के बाद से कच्चे तेल और गैस के भाव में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हो चुकी है। भारत ने सामान्य पेट्रोल और डीजल के भाव को बढ़ने से किसी तरह रोक रखा है। इसके लिए उत्पाद शुल्क घटाने का फैसला भी कारगर रहा है। यहां सरकार चाहे, तो अभी भी पेट्रोल और डीजल के भाव को बढ़ने से रोक सकती है, क्योंकि अभी भी इन उत्पादों पर करीब 50 प्रतिशत टैक्स है। टैक्स में राज्य सरकारों की भी भागीदारी है। राज्य सरकारें अगर चाहें, तो प्रति लीटर पेट्रोल पर पांच से दस रुपये की राहत दे सकती हैं। केंद्र सरकार चाहे, तो उत्पादक शुल्क में भी प्रति लीटर चार-पांच रुपये की कटौती संभव है। ऐसा करने से लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन सरकारों का राजस्व घटने लगेगा। राजस्व घटेगा, तो असर जन-कल्याण की योजनाओं पर पड़ेगा। विकास की रफ्तार भी कम होगी, जिससे पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। अतः सरकार को बहुत संभलकर कदम उठाने पड़ेंगे। तेल-गैस की आपूर्ति हो या युद्ध, ये ऐसे मोर्चे हैं, जहां सरकार के पास बहुत विकल्प नहीं हैं। फिर भी इसमें संदेह नहीं कि केंद्र सरकार विपक्ष के निशाने पर रहेगी। हम देख रहे हैं, सरकार को जिम्मेदार ठहराने की राजनीति तेज हो गई है, जिसमें आलोचना ज्यादा और सलाह कम है। वैसे, दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में अभी भी भारत का प्रबंधन ठीक दिख रहा है। विपरीत हालात में भी कुछ आंकड़े हैं, जो उम्मीद जगाए हुए हैं।

### युद्ध की विभीषिकाओं और आर्थिक अनिश्चितता

## अफवाहों का बाजारः सरकार, विपक्ष और समाज की ज़िम्मेदारी





डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान में संपूर्ण विश्व भू-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिकाओं और आर्थिक अनिश्चितताओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। इस वैश्विक उथल-पुथल के मूल में रूस-यूक्रेन महासमर, ईरान-अमेरिका,इजरायल के मध्य गहराता संघर्ष, अमेरिका की संरक्षणवादी टैरिफ नीतियां तथा तीव्र होती वैश्विक गुटबाजी जैसे कारक प्रमुख रूप से उत्तरदायी नजर आते हैं। इन द्वंद्वों के परिणामस्वरूप ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तंत्र, कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थिरता जैसे विषय आज राष्ट्रों के लिए अत्यंत चिंताजनक बन गए हैं। जहाँ कुछ राष्ट्र प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं इसके परोक्ष आर्थिक दुष्प्रभावों का सामना करने को विवश हैं। विशेष रूप से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और कीमतों की अस्थिरता को नियंत्रित रखना विकसित से लेकर अविकसित देशों तक के लिए एक चुनौती बन गया है।?ऐसे संकटकाल में, भारत जैसे विशाल एवं संवेदनशील लोकतंत्र के समक्ष न केवल ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की चुनौती है, बल्कि आंतरिक स्तर पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों के विरुद्ध जनमानस को सचेत व जागरूक करना भी एक अनिवार्य दायित्व बन गया है।

आज सोशल मीडिया और अनौपचारिक स्त्रोतों के माध्यम से भ्रामक खबरें तीव्र गति से फैल रही हैं। कहीं फिर से लॉकडाउन लगने का डर दिखाया जा रहा है, तो कहीं ईंधन की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है, तो कुछ तेल और गैस की कीमतों के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान जैसे किराना आदि के दामों में भारी वृद्धि होने का डर फैलाया जा रहा है।कुछ तत्व तो विश्व युद्ध या परमाणु हमले का भय दिखाकर जनता को आवश्यक वस्तुओं के भंडारण की अनुचित सलाह दे रहे हैं। ऐसी अपुष्ट सूचनाएं न केवल सामाजिक तनाव बढ़ाती हैं, बल्कि आर्थिक असंतुलन और 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) को भी जन्म देती हैं।इसका सबसे घातक परिणाम यह होता है कि बाजार में कृत्रिम कमी पैदा हो जाती है, जिसका लाभ जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले तत्व उठाते हैं।हाल ही में गैस की कालाबाजारी के कुछ मामले पकड़े भी गए हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि अफवाहें केवल सूचना का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

डिजिटल क्रांति ने सूचना के प्रसार को पंख दे दिए हैं, लेकिन इसी के साथ अफवाहों की गति भी बढ़ी है। कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व पुराने वीडियो को वर्तमान संघर्षों से जोड़कर या विदेशी घटनाओं को भारत का बताकर साझा करते हैं। कुछ लोग तो पड़ोसी और अन्य विश्व के देशों में तेल और गैस की किल्लत और दामों में वृद्धि को दिखा कर भ्रम फैला रहे हैं कि भारत में भी ऐसे ही हालात निर्मित होने वाले हैं।ऐसी भ्रामक स्थिति में आम नागरिक के लिए सत्य और असत्य के बीच की धुंधली रेखा को पहचानना कठिन हो जाता है, जिससे समाज में अविश्वास का माहौल पनपता है। अतः सरकार का दायित्व हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और विदेश नीति पर निरंतर पारदर्शिता और जनता से संवाद बना कर रखे। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा सभी राजनीतिक दलों के साथ संवाद इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, जैसा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह के प्रयास किए गए हैं। इसी दिशा में सभी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया गया तथा वस्तु स्थिति पर राज्य सरकारों की आगामी रणनीति कैसी होनी चाहिए पर विचार किया गया । सब का विश्वास अर्जित करने की दिशा में इसे अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।

विपरीत स्थितियों में विपक्षी दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, किंतु राष्ट्रीय सुरक्षा या वैश्विक संकट के समय विपक्ष को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्हें ऐसे वक्तव्यों से बचना चाहिए जो जनता में भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। रचनात्मक सुझाव देना और संकट के समय सरकार के साथ खड़े होकर जनता का मनोबल बढ़ाना ही एक परिपक्व विपक्ष की पहचान है। नीतियों का विरोध वैचारिक हो सकता है, लेकिन वह राष्ट्र के मनोबल को कमजोर करने वाला कदापि नहीं होना चाहिए।हर विपक्ष दलों के नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर एक बार देखने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा संकट की इस घड़ी में दिया गया वक्तव्य क्या देश हित में उचित है?

मैं तो इस समय यही कहना चाहूंगा कि वैश्विक संकट की घड़ी में सरकार, विपक्ष और जनता की आवाज एक होनी चाहिए। जब देश के भीतर एकता होती है, तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना सरल हो जाता है। समाज को भी यह समझना होगा कि बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और साझा करना अफवाह को बढ़ावा देना है। आधिकारिक स्त्रोतों पर भरोसा करना और 'फैक्ट-चेक' की संस्कृति विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मीडिया को भी सनसनीखेज खबरों के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता पर ध्यान देना चाहिए।अफवाहों का संक्रमण तभी रुकेगा जब सरकार पारदर्शी हो, विपक्ष उत्तरदायी हो और समाज जागरूक हो। हमें डर और भ्रम से नहीं, बल्कि तथ्य और संयम के साथ आगे बढ़ना होगा ।

## भाग्य-सेंसर

बेलतारा गांव के सबसे बड़े लफ्फाज 'फरेब दास' ने जब इस बार प्रधानी का परचा भरा, तो उन्होंने सड़कों और बिजली जैसे उबाऊ मुद्दों को दरकिनार कर दिया। उनका नया चुनावी शगूफा था-'एंटी-बदकिस्मती कवच और नक्षत्र-सेंसर योजना'। फरेब दास का तर्क था कि गांव की असली समस्या गरीबी नहीं, बल्कि 'खराब ग्रहों की चाल' है, जो सड़क पर बिछे रोड़ों से भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने घोषणा की कि जीतते ही वे गांव के हर घर की छत पर एक 'नक्षत्र-फिल्टर' लगवाएंगे, जो राहु-केतु की कुदृष्टि को सोखकर उसे सकारात्मक ऊर्जा में बदल देगा। गांव के लोग, जो अपनी हर नाकामी का दोष शनिदेव के माथे मढ़कर निश्चिंत हो जाते थे, अचानक इस 'एस्ट्रो-टेक' क्रांति के पीछे ऐसे दीवाने हुए कि उन्हें लगने लगा कि अब बिना मेहनत किए ही छप्पर फाड़कर धन बरसेगा।

प्रचार के अंतिम पड़ाव पर फरेब दास ने गांव के चौराहे पर एक 'किस्मत-स्कैनर' लगाया। यह वास्तव में एक पुराना कबाड़ हो चुका फोटोकॉपी मशीन का ऊपरी हिस्सा था, जिस पर उन्होंने दीपावली वाली झालरें लपेट दी थीं। उन्होंने गांव वालों को पट्टी पढ़ाई कि जो भी व्यक्ति उन्हें वोट देने का संकल्प लेकर इस मशीन पर अपनी हथेली रखेगा, उसकी हस्तरेखाएं 'रिफ्रेश' होकर सीधे इंद्रलोक के डेटाबेस से जुड़ जाएंगी। विपक्षी उम्मीदवार 'भोला नाथ' खाद और सिंचाई की बातें कर रहे थे, लेकिन जनता को तो उस भविष्य की चिंता थी जहाँ उनकी फूटी किस्मत की मरम्मत होने वाली थी। फरेब दास ने एक पुराने रेडियो से विचित्र आवाजें निकालकर उसे 'ग्रहों का सिग्नल' बताया और ग्रामीणों को विश्वास दिला दिया कि विधाता ने अब गांव की चाबी उन्हें सौंप दी है। लोग अपनी जमा-पूँजी फरेब दास के चरणों में चढ़ाने लगे ताकि उनके भाग्य का 'सॉफ्टवेयर' अपडेट हो सके।

जिस दिन चुनाव का परिणाम आया और फरेब दास की प्रचंड जीत हुई, पूरा गांव अपना 'किस्मत-अपग्रेड' लेने उनके घर पहुँच गया। लोग चाहते थे कि अब उनके घर में नोटों की बारिश हो और दुख-तकलीफें परलोक सिधार जाएं। फरेब दास अपनी नई चमचमाती एसयूवी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक नींबू और लाल मिर्च थमाते हुए बोले- भाइयों, मशीन का सर्वर डाउन हो गया है क्योंकि गांव में 'अविश्वास' का वायरस बहुत ज्यादा है!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03 अप्रैल 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 06:21 सूर्यास्त 18:39
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - एकम 08:43 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - चित्रा 19:24 उपरांत स्वाति
योग - व्याघ्र 14:08 उपरांत हर्षण
करण - कौलव
चन्द्रमा - कन्या में है। 06:29 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 14 तारिख

**मेष-** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृषभ-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी।

**कर्क-** रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**सिंह-** तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे।

**कन्या-** कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा।

**तुला-** घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**वृश्चिक-** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है।

**धनु-** लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**मकर-** विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी।

**कुंभ-** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी।

**मीन-** पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच?छी खबर मिलेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## गठबंधन की सरकार होने लगी असरदार



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

दशकों पहले चुनावी दौर की राजनीति में यह नारा गुंजायमान होता था कि दो रंगों में मेल नहीं, सरकार चलाना खेल नहीं। ₹ तब के दौर में यह नारा आम नागरिकों को गहरे रूप से प्रभावित किया करता था। कारण स्पष्ट था कि गैर कांग्रेसी दलों की स्थिति इतनी अधिक दयनीय थी कि कार्यकर्ता तो ठीक लेकिन उसके बैनर तले तमाम तरह के छोटे बड़े चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशियों की भी कमी हो जाती थी। इसके अतिरिक्त उनकी कोई ऐसी राष्ट्रव्यापी सर्वसम्मत कार्य योजना भी नहीं थी, जो जन-जन को प्रभावित कर सके। साथ ही अपनी रीति- नीति के प्रचार-प्रसार के लिए किसी प्रकार के साधन - संसाधन भी उनके पास नहीं थे।

इनके लिए कुछ करने के नाम पर केवल और केवल सत्तापक्ष का नीतिगत विरोध करते हुए उसकी कार्यप्रणाली से मात्र असहमति जताने का भाव ही रहा करता था। जिसका सत्तापक्ष पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता था। लेकिन फिर भी देश- प्रदेश के राजनीतिक परिदृश्य में गैर कांग्रेसी दलों की उपस्थिति हमारे लोकतंत्र में लोकतंत्र के दर्शन कराती थी। जिसके चलते सरकार से सवाल कर सकने की मानसिकता जन-जन के मन में रची और बसी हुई थी। यह लिखना भी जरूरी है कि तत्कालीन कांग्रेसी नेतृत्व ने अपने स्वर्णिम दौर में भी तमाम विरोधी विचारधारा का भरपूर सम्मान किया था।

एक प्रकार से गैर कांग्रेसी राजनीतिक दल से संबद्ध नेता तथा कार्यकर्ता के लिए केवल और केवल संघर्ष ही संघर्ष करना होता था। उस दौर में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि वह अपने विरोध प्रदर्शन के चलते कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर उसके विकल्प के रूप में अपने दल को प्रस्तुत कर सकता हो। लेकिन कालांतर में हमने देखा कि समय-समय पर गठबंधन की सरकारों ने देश के सर्वांगीण विकास को नए आयाम दिए। हालांकि आपातकाल के तत्काल पश्चात जनता पार्टी के प्रदर्शन को लेकर नागरिकों के बीच यही संदेश गया कि केवल और केवल कांग्रेस ही देश की दशा और दिशा को विकास के पथ पर अग्रसर कर सकती है।

निश्चित रूप से जब तक गांधी नेहरू परिवार में राजनीतिक बुद्धि तथा कौशल देखने को मिला, जैसे-तैसे ही सही लेकिन कांग्रेस के हाथों देश की बागडोर रही। लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में अब नेहरू गांधी परिवार में ऐसा कोई करिश्माई व्यक्तित्व नहीं है जो पूर्ववर्ती या यूं कहे कि अपने ही परिवार के प्रधानमंत्रियों की भांति जनमत के बहुमत से देश पर शासन कर सके। वैसे शैक्षणिक जागृति के साथ-साथ आम नागरिकों की राजनीतिक चेतना में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आम नागरिक अब बहुत आसानी के साथ तमाम तरह के राजनीतिक दांवपेंच के निहितार्थ को भी बखूबी समझने लगे है। जिसके चलते नागरिकों को बरगलाना अब आसान नहीं रह गया है।

यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के जनाधार में कमी आई है। दूसरी तरफ गैरकांग्रेसी दलों के अपने-अपने प्रतिबद्ध मतदाता बनते गए। आज स्थिति यह है कि देश में गठबंधन की सरकार एक प्रकार से अपरिहार्य हो गई है। जिसके चलते देश में राजनीतिक निरंकुशता की संभावनाएं तो जड़ मूल से ही समाप्त हो गई है। गठबंधन की सरकार देश की तासीर के संदर्भ में वर्तमान दौर की राजनीतिक जरूरत है। अन्यथा अनेकता में एकता का राष्ट्रव्यापी स्वरूप छिन्न-भिन्न होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। बीते दौर की बात अलग थी, तब आम नागरिक राजनीतिक दृष्टि से उतने जागरूक नहीं थे, जितने कि आज दिखाई देते है।

## स्वाद के साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद प्याज



प्याज न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि यह सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। लगभग हर भारतीय घरों में हर दिन प्याज का इस्तेमाल खाना पकाने में किया जाता है। वहीं प्याज को सलाद के रूप में भी खूब पसंद किया जाता है। आपको बता दें कि कच्चा प्याज गर्मियों के मौसम में बहुत गुणकारी माना जाता है। दरअसल प्याज में एंटी-एलर्जिक, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-कार्सिनोजेनिक गुण होते हैं। इसके अलावा प्याज में भरपूर मात्रा में विटामिन ए, बी6, बी-कॉम्प्लेक्स और विटामिन-सी भी पाया जाता है। गर्मियों के दिनों में प्याज को डाइट में शामिल करने से शरीर को ठंडक मिलती है और लू लगने से भी बचा जा सकता है। वहीं गर्मियों में प्याज खाने से कई तरह के इंफेक्शन से भी बचा जा सकता है। आइए जानते हैं कि गर्मियों में प्याज खाने से आपको क्या फायदे मिल सकते हैं।

### शरीर होता है ठंडा

प्याज की तासीर ठंडी होती है इसलिए गर्मियों में प्याज का सेवन करने से शरीर को ठंडक मिलती है। प्याज में कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो गर्मी से बचाने और शरीर को ठंडक पहुंचाने में मदद कर सकते हैं। गर्मियों में प्याज खाने से शरीर का टेम्प्रेचर नॉर्मल बना रहता है और बीमारियां भी कम होती हैं।

### लू से बचता है शरीर

गर्मियों के मौसम में लू से बचने के लिए आप अपनी डाइट में प्याज को जरूर शामिल करें। प्याज में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो गर्मी और लू से बचाने में मदद करते हैं। गर्मियों में प्याज खाने से गर्मी भी कम लगती है और डिहाईड्रेशन भी नहीं होता।

### पाचन में होता है सुधार

अगर आपको गर्मियों में पाचन की समस्या होने लगती है तो आप प्याज का सेवन जरूर करें। प्याज को आप सलाद के रूप में खा सकते हैं। प्याज पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और पेट को स्वस्थ रखने में मदद करता है। गर्मियों में लोगों को अक्सर पेट की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्याज शरीर को स्वस्थ रख सकता है।

### इम्यूनिटी होती है स्ट्रॉन्ग

प्याज में पाया जाने वाला सेलेनियम इम्यूनिटी को स्ट्रॉन्ग बनाने का काम करता है। कमजोर इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए डाइट में प्याज को जरूर शामिल करें। प्याज खाने से इम्यूनिटी मजबत होती है और वायरल बीमारियां भी दूर रहती हैं।

### डायबिटीज में फायदेमंद

डायबिटीज रोगियों के लिए प्याज का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। सफेद प्याज में पाए जाने वाले कुछ तत्व जैसे क्वेर्सिटिन और सल्फर एंटी डायबिटिक हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रखने में मदद करते हैं।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## धर्म-आस्था

## काम, क्रोध और लोभः आत्मविनाश के तीन द्वार और मुक्ति का मार्ग





अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

मानव जीवन केवल बाहरी उपलब्धियों की यात्रा नहीं है, बल्कि यह भीतर के संघर्षों को जीतने का भी प्रयास है। आज का मनुष्य जितना बाहर से प्रगति कर रहा है, उतना ही भीतर से उलझता जा रहा है। इसका मूल कारण वही तीन प्रवृत्तियाँ हैं, जिनकी ओर हमारे प्राचीन ग्रंथों ने बहुत पहले संकेत कर दिया था– काम, क्रोध और लोभ। ये केवल शब्द नहीं, बल्कि वे शक्तियाँ हैं जो मनुष्य को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाती हैं।

श्रीमद् भागवत गीता में इन तीनों को आत्मविनाश के द्वार कहा गया है। जब मनुष्य कामना में डूब जाता है, तो उसके भीतर संतोष समाप्त हो जाता है। वह जितना प्राप्त करता है, उससे अधिक पाने की इच्छा करता है। यह अंतहीन दौड़ उसे कभी शांति नहीं देती। जब यह कामना पूरी नहीं होती, तो वही इच्छा क्रोध का रूप ले लेती है। क्रोध विवेक को नष्ट कर देता है, निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर कर देता है और संबंधों में दूरी पैदा कर देता है।

लोभ इस श्रृंखला का सबसे खतरनाक चरण है। जब मनुष्य लोभ के वश में आ जाता है, तो वह सही और गलत के बीच का अंतर भूल जाता है। उसके लिए केवल लाभ ही महत्वपूर्ण रह जाता है, चाहे वह किसी भी मार्ग से क्यों न मिले। यही वह स्थिति है, जहाँ व्यक्ति अपने चरित्र और समाज दोनों के लिए खतरा बन जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी सुंदरकांड में इसी सत्य को सरल भाषा में प्रस्तुत किया है। उन्होंने काम, क्रोध, मद और लोभ को नरक का मार्ग बताया और इनसे दूर रहने की प्रेरणा दी। उनके अनुसार इन दोषों से मुक्त होने का सबसे सरल उपाय है भक्ति और समर्पण। जब मनुष्य अपने अहंकार को त्यागकर एक उच्च आदर्श के प्रति समर्पित होता है, तो ये सभी दोष स्वतः कमजोर पड़ने लगते हैं।

दोनों दृष्टिकोणों में एक अद्भुत सामंजस्य दिखाई देता है। एक ओर गीता आत्मसंयम और विवेक की बात करती है, तो दूसरी ओर सुंदरकांड भक्ति और श्रद्धा का मार्ग दिखाता है। एक मन को नियंत्रित करने की शिक्षा देता है, तो दूसरा हृदय को शुद्ध करने की। जब ये दोनों मार्ग एक साथ अपनाए जाते हैं, तब जीवन में वास्तविक संतुलन स्थापित होता है।

आज के समय में इन शिक्षाओं की प्रासंगिकता और भी बढ़ गई है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य निरंतर तनाव, असंतोष और प्रतिस्पर्धा से घिरा हुआ है। अनियंत्रित इच्छाएँ उसे थका देती हैं, क्रोध उसके संबंधों को तोड़ देता है और लोभ उसके चरित्र को खोखला कर देता है। ऐसे में यदि वह इन तीनों पर नियंत्रण कर ले, तो जीवन की दिशा ही बदल सकती है। यह समझना आवश्यक है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं होती। सच्ची सफलता वही है, जिसमें मन शांत हो, संबंध मजबूत हों और जीवन में संतुलन बना रहे। काम, क्रोध और लोभ पर विजय प्राप्त करना ही इस दिशा में पहला कदम है।

अंततः यही कहा जा सकता है कि हमारे प्राचीन ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक हैं। यदि हम उनके संदेश को समझकर अपने जीवन में उतार लें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी सकारात्मक परिवर्तन संभव है। आत्मसंयम और भक्ति का यह संगम ही हमें भीतर की अशांति से निकालकर स्थायी शांति की ओर ले जा सकता है।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,000, रवा- 1,49,400 चांदी- टंच- 2,32,500 पाट- 2,31,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## शासकीय हाई स्कूल रामपुर में मनाया प्रवेश उत्सव

**गुना।** शासकीय हाई स्कूल रामपुर में सरपंच श्रीमती अंजना डॉ. युवराज शर्मा की मुख्य अतिथि में एवं प्राचार्य जीएल पिप्पल की अध्यक्षता में शासकीय हाई स्कूल रामपुर में छात्र-छात्राओं को पुष्पवर्षा तथा तिलक लगाकर कक्षा में प्रवेश कराया गया। सरपंच प्रतिनिधि डॉक्टर युवराज शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को नियमित विद्यालय आने एवं विद्यालय में प्राप्त होने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया एवं नियमित विद्यालय आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर प्राचार्य जीएल पिप्पल ने शासन से प्राप्त होने वाली सभी प्रकार की योजनाओं के बारे में बताया गया और अधिक से अधिक छात्राओं को प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अंत में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण कर मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार सोनी और आभार वाला राव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ श्रीमती रंजना परिहार, श्रीमती निर्मला मैथिल, श्रीमती पुष्पा चिरौले, कुमारी दिव्यांशी कस्तवार, विजय कुमार श्रीवास्तव, विजय कुमार साहू, बृजेश राव, राजकुमार शिवहरे एवं पालक गण उपस्थित रहे।

**आपदा प्रबंधन समितियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न**

## ग्राम स्तर पर गठित दलों को दी गई जिम्मेदारियां, ग्रामीणों को किया जागरूक

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला शाजापुर के तत्वावधान में अरनिया कला सेक्टर क्रमांक 5 के ग्राम कुमेर में आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक विष्णु नागर के मार्गदर्शन, ब्लॉक समन्वयक धनसिंह धनगर के नेतृत्व एवं परामर्शदाता हनुमंत सिंह परमार के कुशल संचालन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम स्तर पर विभिन्न आपदा प्रबंधन समितियों का गठन किया गया। इनमें पूर्व सूचना एवं चेतावनी दल, खोज एवं बचाव दलए प्राथमिक चिकित्सा दल, जल एवं स्वच्छता व्यवस्था दल तथा राहत एवं पुनर्वास दल शामिल हैं। परामर्शदाता हनुमंत सिंह परमार ने सभी समितियों के उद्देश्य स्पष्ट करते हुए आपदा के समय ग्रामीणों की भूमिका, सतर्कता, बचाव एवं राहत कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन समितियों के माध्यम से गांव स्तर पर आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। साथ ही ग्रामीणों को समझाया गया कि आपदा के समय सामूहिक प्रयास, प्राथमिक उपचार एवं राहत कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को आपदा के समय सुरक्षित रहने और जरूरतमंदों की सहायता करने के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच गजराज सिंह राजपूत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जैविक कृषि के प्रेरणास्रोत अरुण सोनानिया एवं विशेष अतिथि के रूप में नवांकुर संस्था के हरविलास राजपूत उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, कोटवार सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सांसद सिंधिया के क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी से बून्द बून्द पीने के पानी को तरसे लोग



**गुना।** बमोरी विधानसभा के चक्कदेवपुर गांव में 4 दिन से बिजली विभाग के द्वारा बिजली काट दी गई है। गांव में पीने के पानी की समस्या के साथ-साथ पूरा गांव अंधेरे में डूबा गया है, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संसदीय क्षेत्र और प्रदेश में सिंधिया समर्थक ऊर्जा मंत्री होने के बाद भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया के संसदीय क्षेत्र में बिजली विभाग की मनमानी से जनता परेशान हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की तीन दिन से बिजली विभाग के द्वारा लाइट काट दी गई है। गांव में दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर है। ग्रामीण लोगों ने बताया है की बिजली विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं निवेदन करने पर भी नहीं मानते हैं। चक्क देवपुर सरपंच के द्वारा बताया कि पंचायत का 1 लाख रुपए बिल के जमा कर दिये इसके वाद भी अधिकारी बिजली चालू नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि अभी हमारे गेहूं की फसल भी नहीं बिकी है, सरकार ने 15 तारीख लगाई है यदि हमारी फसल ही बिक जाती तो हम ही कुछ बिल जमा कर देते।

## श्री रणजीत हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन सम्पन्न

**महिदपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर चौक बाजार स्थित श्री रणजीत हनुमान मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए। गुरुवार रात 8 बजे उज्जैन के मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड की प्रस्तुति दी गई। प्रातः भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया वहीं शाम 7.30 बजे महाआरती का आयोजन हुआ। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया।

**दैनिक अवन्तिका**
**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**
बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।
**सम्पर्क करें**
**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

मंत्री इंदरसिंह परमार रहे मुख्य अतिथि, मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

# प्रवेश उत्सव में बच्चों का पुष्प वर्षा से स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के बहूद्देशीय हाल में जनपद शिक्षा केंद्र शुजालपुर द्वारा शासकीय विद्यालयों का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनी प्रसाद परमार ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई, जिसके पश्चात पीएम श्री विद्यालय के संगीत शिक्षक राजेश दवे एवं प्रदीप वैष्णव के साथ छात्र-छात्राओं ने वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी विद्यार्थियों को दिखाया गया। प्रवेश उत्सव के अवसर पर मंत्री परमार ने नवीन सत्र के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत भाषण जनपद शिक्षा केंद्र के संजय देशमुख द्वारा दिया गया।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में मां शारदा सांदीपनि विद्यालय के तीन विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। वहीं मैरिट कम मींस स्कॉलरशिप में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों के चयन पर भी उन्हें सम्मानित किया गया। चयनित विद्यार्थियों को 48 माह तक प्रति माह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पांचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थी विज्ञान मंथन में राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाली छात्रा को पुरस्कृत किया गया।

### विद्यार्थियों को साइकिल वितरण

ऐसे विद्यार्थियों को जिनके गांव में हाई स्कूल नहीं है और जो 3 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर अध्ययन के लिए आते हैं, प्रतीक स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी, पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य अल्पना राणा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी, जनपद शिक्षा केंद्र प्रभारी सुरेंद्र गोखले सहित शासकीय विद्यालयों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल विजयवर्गीय तथा आभार उपप्राचार्य मुकेश नेमा ने माना।

### प्रवेश उत्सव में बांटी पाठ्यपुस्तकें

सिटी स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर नगर में प्रवेश उत्सव समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के पूर्व छात्र सुशील सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य तृप्ती पाठक ने की, मुख्य अतिथि सोनी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य पाठक ने शासन की मंशा के अनुरूप नवीन शिक्षण सत्र में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पालकों की उपस्थिति भी रही। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। साथ ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका गायत्री महाडिक ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन दिनेश राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेश श्रीवास्तव रहे। इस दौरान दिनेश राय, विक्रम परमार, राजेश जाधव, सुनील सोनी, नीरजा सोनी, ताहिरा बी, नीतू सक्सेना, अलका यादव, सुनीता साहू, यूनुस अर्चना दवे, सुषमा जैन, सपना यादव, सालिनी चन्द्रवंशी, गोविंद मेवाडा, संतोष देथलिया आदि उपस्थित रहे।

प्रत्येक बूथ पर गरिमा के साथ मनाए पार्टी का स्थापना दिवस

# पार्टी हमारी माँ, इसलिए हर्ष उल्लास और भव्यता के साथ मनाए स्थापना दिवस -मालवीय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



भारतीय जनता पार्टी केवल पार्टी नहीं हमारी मां है, इसलिए पार्टी का जन्म दिवस आगामी 6 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ आयोजित करें। पार्टी के कारण हमारी शान और सम्मान है, व्यक्तित्व और नाम की पहचान है।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 6 अप्रैल को मनाए जा रहे स्थापना दिवस के कार्यक्रम की तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय की अध्यक्षता और जिला महामंत्री सुरजसिंह परिहार,मंयक राजपूत की विशिष्ट उपस्थिति में कही।

मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म दिवस आनंद और उल्लास का दिन होता है। इसलिए पार्टी का स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को शानदार ढंग से आयोजित करें। भारतीय जनता पार्टी की सरकार कार्यकताओं के दम और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से लगातार बना रही है। और आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी में राष्ट्रीय प्रथम फिर पार्टी और उसके बाद कार्यकर्ता आता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन मंत्र है। कार्यकताओं की मेहनत और जनता जनार्दन के आशीर्वाद के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। स्थापना दिवस 6 अप्रैल के तारीख में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसमें साज सज्जा, ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकताओं एवं नागरिकों का सम्मान, बस्ती संपर्क, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं पर चर्चा, सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन सहित आदि प्रकार के अलग-अलग दिनों मे अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित हो रहे हैं। सभी कार्यक्रम प्रभावी और ऐतिहासिक हो, इसके लिए हम सभी को पूर्ण मनोयोग से जुटना चाहिए। इस दौरान बाबुलाल बिजापारी, प्रदीप सोनी, सहित मंडल अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मंयक राजपूत ने किया व आभार सुरजसिंह परिहार ने माना। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी।



## कलेक्टर सिंह ने कायथा उपार्जन समिति केंद्र का औचक निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ कायथा

उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जनपद पंचायत तराना के कायथा उपार्जन केंद्र और वेयरहाउस का निरीक्षण किया। कायथा उपार्जन समिति द्वारा संचालित उपार्जन केंद्र के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने कृषकों के लिए छांव की व्यवस्था, ठंडा पेयजल, ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत ओआरएस, तौलने में पारदर्शिता, यातायात की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने वेयरहाउस को उपार्जन शुरू होने के पूर्व पूर्ण रूप से खाली रखने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह को एसडीएम ब्रजेश सक्सेना ने जानकारी दी कि केंद्र पर 5 कांटे लगेंगे, बारदाने की उपलब्धता है,कृषकों के लिए छांव की व्यवस्था की जा रही है, वही पेयजल, ओआरएस की व्यवस्था भी कृषकों को उपलब्ध रहेगी। कलेक्टर सिंह ने केंद्र के नजदीक ही किए जा रहे नरवाई प्रबन्धन के कार्य का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने संबंधित कृषक की उक्त कार्य के लिए प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया।

# इलेक्ट्रिक वाहन में लगी आग:घर के पोर्च में रखे तीन अन्य वाहन भी चपेट में आए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के मिश्रीलाल नगर में गुरुवार अलसुबह एक इलेक्ट्रिक ओला वाहन में आग लग गई। यह घटना हाईकोर्ट एडवोकेट गोस्वामी शंकर गिरी के मकान के पोर्च में सुबह 4:30 बजे हुई। आग इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में तीन अन्य दोपहिया वाहन भी आ गए। हालांकि, दो पेट्रोल वाहनों को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

आग लगने के बाद पूरे घर में काला धुआं फैल गया। सुबह जब बालक चेतन पढ़ाई करने उठा, तो उसे सामने वाले मकान के शीशे में आग की लपटें दिखाई दीं। उसने तुरंत अपने परिजनों को जगाया और आग लगने की सूचना दी।

परिवार के सदस्य जैसे-तैसे घर से बाहर निकले और जलते वाहनों पर पानी डालकर आग पर काबू पाया। नगर निगम के दमकल विभाग को भी सूचना दी गई, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही घर के सदस्यों और आसपास के लोगों ने आग बुझा दी थी। इस घटना में करीब चार लाख रुपये के दो वाहन जल गए, जबकि दो अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

घर के सदस्य विकास गिरी ने बताया कि सबसे पहले उनके भतीजे ने सुबह 4:50 बजे आग देखी। उस समय ओला वाहन में आग लगनी शुरू ही हुई थी। जब वे लोग उठे और बाहर निकले, तब तक इतना धुआं हो चुका था कि पोर्च के रास्ते से बाहर निकलना मुश्किल था। उन्हें छत के रास्ते से होकर नीचे उतरना पड़ा।

विकास गिरी के अनुसार, जब तक वे नीचे उतरे, ओला वाहन पूरी तरह जल चुका था और उसने पास खड़ी एक अन्य इलेक्ट्रिक वाहन और दो पेट्रोल वाहनों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी पता नहीं चला है, लेकिन आशंका है कि ओला वाहन में कोई आंतरिक शॉर्ट सर्किट हुआ होगा।

**कार्यालय विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट सहकारी समिति मर्यादित, उज्जैन**
**विक्रमादित्य चौराहा, फाजलपुरा, उज्जैन म.प्र.**
**दिनांक 02.04.2026**

**विज्ञप्ति**

विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट सहकारी समिति मर्यादित उज्जैन द्वारा मार्केट परिसर के बैंक भवन की ऊपरी मंजिल पर (फस्ट फ्लोर) आफिस चेम्बर जे (J)-2, जे (J)-6, जे (J)-9 किराये एवं डिपाजिट निलामी राशि पर देने की प्रक्रिया दिनांक 11.04.2026. शनिवार समय दोपहरः 2.00 बजे विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट परिसर संस्था कार्यालय में रखी गई है। इच्छुक व्यवसायी संस्था कार्यालय में दिनांक 02.04.2026 से दिनांक 10.04. 2026 तक कार्यालयीन में आकर आवेदन पत्र व नियम शर्तों की जानकारी का समय 11. 00 बजे से 5.30 बजे पर सम्पर्क करे।

**रामविलास गुप्ता**
**अध्यक्ष**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- मदनलाल पिता . श्री रामचन्द्र 2- सरजूबाई बेवा श्री रामचन्द्र निवासीगण ग्राम केसुनी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 34 रकबा 0.260 हेक्टर व सर्वे नंबर 35 रकबा 0.250 हेक्टर किता 2 रकबा 0.510 हेक्टर में से अपने हिस्से की 0.200 हेक्टर स्थित ग्राम केसोनी प.ह.नं. 90 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी होकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 02/04/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## खेत से मोटर व केबल चोरी किसान को 70 हजार का नुकसान

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम जेठडा में अज्ञात चोरों ने खेत से सिंचाई में उपयोग होने वाली मोटर एवं केबल चोरी कर ली। घटना में करीब 70 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी चंदरसिंह पिता मोतीलाल सिसोदिया निवासी ग्राम जेठडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने खेत पर सिंचाई का कार्य करता है। 30 मार्च की शाम करीब 7 बजे वह खेत पर लगी तीन हॉर्सपावर की मोटर बंद कर घर चला गया था। अगले दिन 31 मार्च की सुबह करीब 9 बजे जब वह वापस खेत पर पहुंचा तो देखा कि कुएं से मोटर और उससे जुड़ी केबल गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। बताया गया कि चोरी गई सामग्री में 5 हॉर्सपावर की मोटर एवं केबल शामिल है, जिसकी कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपए है। सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## गर्मी में राहत : बस स्टैंड पर जल मंदिर शुरू, ठंडा शुद्ध जल मिलेगा

**बदनावर।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत देने के लिए नगर परिषद ने मंगलवार को बस स्टैंड पर जल मंदिर का शुभारंभ किया। यहां राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध, ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जल मंदिर का शुभारंभ पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर सहित पार्षद और एल्डरमैन मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गर्मी में यह पहल लोगों के लिए राहतकारी साबित होगी। बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थान पर जल मंदिर शुरू होने से यात्रियों को स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

## शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं का मनाया प्रवेशोत्सव



**आगर मालवा।** शा.क.प्रा.वि.छावनीआगर में बुधवार 1 अप्रैल को छात्राओ का प्रवेशोत्सव मनाया गया छात्राओ का तिलक एवम पुष्पाहार से स्वागत किया गया अतिथि के रुप में पूर्व पार्षद जितेन्द्र भंडारी,पं.सुरेन्द्र पुरोहित एवं अभिभावक उपस्थित थे संस्था प्रधान रेखा पुरोहित एवं शिक्षिका नयना माहेश्वरी ,निशा ननवाना आदि स्टाफ उपस्थित था बच्चों को निःशुल्क पुस्तक प्रदान की गई प्रथम दिवस मे छात्राओ को खीर, पुडी सब्जी एवं मिठाई के साथ मध्यान्ह भोजन कराया गया।

## सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की बैठक संपन्न




**आगर मालव।** सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक सेवानिवृत उपायुक्त पंचायत एवम् ग्रामीण विकास एम एल स्वर्णकार के निवास पर आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैलाश जोशी व संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा द्वारा भारत माता का पूजन कर किया गया।बैठक मे अनुज सोनी ने मधुर बांसुरी वादन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। चैथमल जैन बलवंत सिंह बोड़ाना, मांगीलाल जोगचंद, महेंद्र कारपेंटर अशोक कुमार गोयलआदि ने अपनी प्रस्तुतियां दी। संघ के सचिव दुर्गा शंकर पाठक ने वित्तीय वर्ष का आय व्यय प्रस्तुत किया। हरीश श्रीवास्तव ने संगठन को सुदृढ़ बनाने की कार्य योजना प्रस्तुत की। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनर कैलाश जोशी का जन्म दिन मनाया व नवीन आजीवन सदस्यता प्राप्त करने पर भारतसिंह राठौड़, मोहनलाल मालवीय एवम् ओम प्रकाश मारू का स्वागत किया गया। एम एल स्वर्णकार ने आभार माना। बैठक का समापन भारत माता की आरती के साथ किया गया।

**पं.क्र./बी.आर/यु/जे/एन/73 दि. 21/4/1981**
**वैशाली नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., उज्जैन**
**मोहनलाल राठौर (बैंक वाले)**
**अध्यक्ष**
**मो.नं. 93433-80393**
**निवासः 4/2, धनवंतरी चिकित्सा केन्द्र महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)**
**क्रमांकः**
**दिनांक 02/04/2026**

**प्रतिवाद खण्डन**

**जाहिर सूचना दिनांक 30.03.2026 के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार प्रजापत एडव्होकेट द्वारा पुरूषोत्तम चौहान एवं परिवार की ओर से भूमि सर्वे क्रमांक 4142 रकबा 1.7770 हेक्टेयर में से 1740 वर्ग फिट विक्रय करने का सौदा किये जाने का उल्लेख है। सर्वे नं. 4142 रकबा 1.7770 हेक्टेयर वैशाली नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की विकसित कॉलोनी सम्पत्ति हैं। समिति के सदस्यों के भवन वर्ष 1983 से वैधानिक अनुमतियों के आधार पर निर्मित हैं। पुरुषोत्तम चौहान पिता चतुर्भुज चौहान एवं परिवार के किसी भी सदस्य का आधिपत्य उपरोक्त सर्वे नं. 4142 के किसी भी भाग पर वर्ष 1983 से नहीं है। इस सर्वे नं. की किसी भी भाग को विक्रय करने का पुरूषोत्तम चौहान एवं सदस्य को कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। अतः दिनांक 30.03.2026 को समाचार पत्र दैनिक अवंतिका में प्रकाशित जाहिर सूचना के आधार पर किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है तो वैशाली नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन को वैधानिक कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

**अध्यक्ष**
**वैशाली नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, उज्जैन**

## आंधी से उड़ा पंचायत वेब सीरीज का सेट - सागर में बारिश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मौसम ने गुरुवार शाम को अचानक करवट ली। भोपाल में बादल छा गए, सागर में बारिश हुई। धार के कुक्षी में ओले गिरे। सीहोर में पंचायत वेब सीरीज की शूटिंग रोकनी पड़ी। मऊगंज में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। अगले कुछ घंटे के दौरान इंदौर, गुना, बैतूल, भिंड, धार, अलीराजपुर और बडवानी में आकाशीय बिजली चमकने-गिरने के साथ तेज आंधी चलने, बारिश होने और ओले गिरने का अलर्ट है। सागर, खरगोन, राजगढ़, छिंदवाड़ा, विदिशा, अशोकनगर, देवास, झाबुआ में हल्की गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि प्रदेश में अभी एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और ट्रफ एक्टिव है। वहीं, प्रदेश के उत्तरी-पश्चिमी हिस्से में दो चक्रवात और सक्रिय हैं। इस वजह से आंधी, बारिश और ओले का दौर चल रहा है।

## कैंसर से बचाने में भी इंदौर-भोपाल फिसड्डी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए चलाए जा रहे एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की ताजा रिपोर्ट चौंकाने वाली तस्वीर पेश करती है। जहां एक तरफ डिंडौरी, बालाघाट और राजगढ़ जैसे जिले 70 से 79 तक कवरेज के साथ टॉप पर हैं, वहीं बड़े शहर इस दौड़ में पीछे छूट गए हैं। इंदौर महज 3.96 प्रतिशत कवरेज के साथ सबसे आखिरी स्थान पर है, जबकि राजधानी भोपाल भी 12.65 के साथ 43 वें स्थान पर पहुंच गया है। यह स्थिति बताती है कि जागरूकता और संसाधनों के बावजूद बड़े शहरों में अभियान अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहा। खास बात यह है कि बडे शहर सिर्फ स्वास्थ्य के क्षेत्र में नहीं बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछडते जा रहे हैं। इसी तरह का ट्रेंड हाल में जारी हुए 5वीं-8वीं के बोर्ड एग्जाम के दौरान देखने को मिला

## एमपीसीए प्रबंध समिति की बैठक में कई निर्णय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन अब पूर्व महिला खिलाड़ियों को मासिक सहायता राशि देगा। इसके अलावा अंपायर, स्कोरर, चयनकर्ता को दिए जाने वाले मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। 31 मार्च को एसोसिएशन की प्रबंध समिति की बैठक हुई, जिसमें इन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। साथ ही चंद्रकांत पंडित को अगले दो वर्षों के लिए मध्य प्रदेश का 'निर्देशक-क्रिकेट' नियुक्त किया है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव सुधीर आसनानी ने बताया कि प्रबंध समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। महिला विश्व कप और न्यूजीलैंड के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय मैच के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक की शुरुआत में पिछली बैठक में हुई चर्चाओं के ब्योरे को मंजूरी दी गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने महिला खिलाडियों के लिए मासिक सहायता राशि देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि जिन खिलाडियों को बीसीसीआई से कोई सहायता नहीं मिलती है वे इस योजना में शामिल किए जांगे।

## बीजेपी विधायक संजय पाठक पर दर्ज होगा केस

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जस्टिस से संपर्क मामले में गुरुवार को विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय पाठक के खिलाफ केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा कि आपके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कटनी निवासी आशुतोष मनु दीक्षित की याचिका पर सुनवाई की। याचिका में आरोप था कि विधायक संजय पाठक ने जस्टिस विशाल मिश्रा से संपर्क करने की कोशिश की, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता था। याचिकाकर्ता के एडवोकेट अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि जस्टिस विशाल मिश्रा ने मामले की ऑर्डर शीट में एक बातचीत की रिकॉर्डिंग शामिल की थी। कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है। अब संजय पाठक के के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही चलेगी।

## महिन्द्रा के नाम पर बिक रहे थे नकली ऑटो पार्ट्स

**रीवा।** रीवा शहर में गुरुवार को नकली ऑटो पार्ट्स के कारोबार का मामला सामने आया है। थाना सिविल लाइन में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार दुकानों से महिन्द्रा कम्पनी के डुप्लीकेट पार्ट्स जब्त किए हैं। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, महिन्द्रा कम्पनी के कन्सल्टेंट अंसार खान ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दर्ज कराई थी कि शहर की कुछ ऑटो पार्ट्स दुकानों पर आम लोगों को नकली सामान बेचा जा रहा है। शिकायत में राकेश ऑटो मोबाइल्स, न्यू प्रधान ऑटोमोबाइल्स, सांई मोटर पार्ट्स और आराध्या मोटर पार्ट्स के नाम शामिल थे।

## पार्टी में कट्टा लहराने का वीडियो, दो गिरफ्तार

**मैहर।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र के परसवाही गांव में एक जन्मदिन पार्टी के दौरान अवैध हथियार लहराने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 अप्रैल 2026 को मुखबिर की सूचना पर परसवाही क्षेत्र में घेराबंदी की। इस दौरान शाहिल यादव (19) को पकड़ा गया। उसके कब्जे से 315 बोर का देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में शाहिल यादव ने बताया कि यह हथियार उसे वीरेंद्र यादव (25) निवासी ग्राम दलदल, जिला सतना से मिला था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने वीरेंद्र यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत मामला दर्ज किया। उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उपजेल मैहर भेज दिया गया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर कई स्थानों पर हुआ भंडारा, शोभायात्रा भी निकली

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

नगर सहित अंचलों में गुरूवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस पर्व के चलते श्रद्धालु बालवीर हनुमान की भक्ति में लीन रहे। साथ ही नगर में कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने प्रसादी गृहण की। हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से ही हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की कतारे लगी रही। मंदिरों में भगवान की प्रतिमा व परिसर की आकर्षक साज सज्जा की गई थी। साथ ही महाआरती का आयोजन भी हुआ। नगर स्थित विचित्रवीर हनुमान मंदिर, पशु चिकित्सालय परिसर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर, फ्रीगंज, न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर व अन्य हनुमान मंदिर में दोपहर से शाम तक भंडारे एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम हुआ। इसी प्रकार पुलिस थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बडी संख्या में नागरिकों व पुलिस ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। शुजालपुर के फ्रीगंज में श्री सिध्देश्वर हनुमान मंदिर पर भी धार्मिक आयोजन व भंडारा हुआ। यहां पर निशुल्क विवाह भी सम्पन्न हुआ। मंडी क्षेत्र स्थित रोकडिया हनुमान मंदिर पर सुबह भगवान का आकर्षक श्रृंगार करते हुए पूजा अर्चना की गई। इसी प्रकार मंडी क्षेत्र में भी श्री खेडापति हनुमान मंदिर में भी भगवान की झांकी आकर्षक रूप से सजाई गई। उधर पुलिस थाना सिटी स्थित हनुमान मंदिर में जयंती अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। साथ ही भगवान के समक्ष भोग अर्पित किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर सिटी में श्रीहनुमान जनकल्याण समिति द्वारा भीमपुरा मोहल्ले से भगवान की झांकी सजाकर एक भव्य चल समारोह निकाला गया। यह चल समारोह भीमपुरा अखाडा परिसर से प्रारंभ होकर मलकपुरा, छोटा बाजार, बडा बाजार, पचोर रोड होते हुए वापस भीमपुरा मोहल्ला पहुंचा। इस चल समारोह में पहलवानों ने हेरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन भी किया। इस चल समारोह का कई स्थानों पर स्वागत किया गया। साथ ही चल समारोह उपरांत प्रसादी का आयोजन भी हुआ।







**नेमा समाज का भव्य दो दिवसीय आयोजन-** सिटी के श्री राम जानकी धाम स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नेमा समाज द्वारा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस बुधवार को प्रातः 7 बजे विधि.विधान से भगवान का अभिषेक एवं पूजन किया गया। इसके पश्चात सुबह 9 बजे से अखण्ड रामायण पारायण का शुभारंभ हुआ, जो अगले दिन प्रातः 6 बजे पूर्ण हुआ। पारायण में समाज के पुरुषों के साथ मातृशक्ति ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारायण समापन उपरांत हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में यजमानों ने सहभागिता निभाई। भक्तों द्वारा असंख्य राम नाम महामंत्र लिखकर प्रभु चरणों में अर्पित किए गए, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। संध्या काल में मंदिर परिसर में छप्पन भोग अर्पित किया गया। समाज की महिलाओं ने अपने-अपने घरों से विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर भोग में सम्मिलित किए। इस दौरान संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन भी हुआ, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति रस में डूबकर आनंद लिया। रात्रि 10. 30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, तत्पश्चात छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गई। समाज अध्यक्ष अंशुल नेमा ने आयोजन की सफलता का श्रेय समस्त समाजजनों को देते हुए कहा कि यह सब प्रभु कृपा एवं सभी के सहयोग से ही संभव हो सका। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और सामूहिकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# श्री हनुमान टेकरी मेले को लेकर चाक-चौबंध नहीं सुरक्षा व्यवस्था

**गुना।** हनुमान जयंती जुलूस को लेकर इस बार पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैदी के साथ नजर आई। पिछले वर्ष कर्नलगंज क्षेत्र में जुलूस के दौरान हुए पथराव और तनावपूर्ण हालातों से सबक लेते हुए इस बार सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने की तैयारी की गई। इसी के चलते ग्वालियर रेंज के डीआईजी अमित सांघी ने खुद गुना पहुंचकर सुरक्षा-व्यवस्था के हालात जाने और मॉनिटरिंग की।

गुरुवार को डीआईजी ने नवागत एसपी हितिका वासल के साथ कर्नलगंज और शिवाजी नगर क्षेत्र में पैदल मार्च कर जुलूस मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने संकरी गलियों, ऊंची इमारतों और संवेदनशील बिंदुओं को चिन्हित कर सुरक्षा के विशेष इंतजाम सुनिश्चित किए। इससे पहले बुधवार रात को भी कर्नलगंज-शिवाजी नगर इलाके में फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने अपनी मौजूदगी का अहसास कराया था। प्रशासन का साफ संदेश है कि इस बार किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले साल जुलूस के दौरान हुई घटना के बाद जिले में कई दिनों तक तनाव का माहौल बना रहा था, जिसका असर प्रशासनिक स्तर पर भी देखने को मिला। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार पुलिस ने पहले से ही सख्त रणनीति तैयार कीं। जुलूस मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी गई। एसपी हितिका वासल ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकियां स्थापित की जा रही हैं और हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। पुलिस की इस सक्रियता से जहां आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है, वहीं शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी भी मिल गई है।



## सच बोलना महंगा पड़ा एक पत्रकार को

**गुना।** वन विभाग की उदासीनता के चलते जंगल के रक्षक भक्षक बने अधिकारी इन दिनों वन भूमि पर अतिक्रमण और जंगलों की कटाई पर रोक लगाने पर नाकाम साबित हो रहे हैं। यह बात तब और सिद्ध हो गई जब एक पत्रकार पर झूठा केस लगाने पर उतारू हो गए। मामला फतेहगढ़ वन परिक्षेत्र का हैं जहां पत्रकार प्रमोद गुप्ता की माने तो फतेहगढ़ रेंजर रवि भदौरिया ने अपने पद और पावर की सारी हदें पार करते हुए उन पर झूठा केस लगाकर जेल में डालने तक के प्रयास किए। मगर वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। उनका यह रवैया यहं तक सीमित नहीं रहा बल्कि वे प्रमोद गुप्ता को फर्जी नोटिस भेजकर डराया धमकाया गया इसके चलते प्रमोद गुप्ता मानसिक रूप से तनावग्रस्त हो गए। ऐसे में उन्होंने कानून का सहारा लिया और गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित, गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल सहित गुना वन मंडल अधिकारी डीएफओ अक्षय राठौर को लिखित शिकायती आवेदन दिए। डीजीपी भोपाल तथा सीएम मुख्य प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया है।

## दुपाड़ा रोड के पास युवक-युवती ने जहर खाया, जिला अस्पताल में उपचार जारी

**शाजापुर।** शहर के दुपाड़ा रोड स्थित वाइन शॉप के पास एक युवक और युवती द्वारा जहर खा लेने की घटना सामने आई है। घटना के बाद दोनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल शाजापुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक सुनेरा का निवासी बताया जा रहा है, जबकि युवती देवास की रहने वाली है। दोनों ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ पाया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा दोनों के परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में दोनों का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है, जिससे घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके।

## सांदीपनि विद्यालय गुना में मनाया प्रवेशोत्सव

**गुना।** शासकीय संदीपनी उ.मा. विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरूआत प्रवेशोत्सव मनाकर की गई। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित राज्यस्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 2026 का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। शिक्षा अधिकारी गुना राजेश गोयल एवं प्राचार्य अशीष टांटिया ने नवीन सत्र हेतु छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों का महत्व समझाते हुए निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण किया। इस मौके पर छात्रों द्वारा बनाई गई शैक्षणिक प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव 2016 के आयोजन में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## 10 ग्रामों में व्यापक गतिविधियां

**आगर मालवा।** मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव एवं सीईओ जिला पंचायत बी एस सोलंकी के निर्देशन में जिले में अभियान प्रगति पर है। विकासखंड आगर के 10 ग्रामकृढोंटी, मलवासा, लिंगोड़ा, हड़ाई, पिपलोन कला, पिपलोन खुर्द, सोनचिड़ी, तनोड़िया, बड़गोन एवं झलाराकूमें पेयजल गुणवत्ता एवं जल संरक्षण को लेकर व्यापक गतिविधियां संचालित की गईं। अभियान के तहत एफ्टीके (फील्ड टेस्ट किट) से प्रशिक्षित महिलाओं को किट का वितरण किया गया तथा एच 2 एस वायल्स प्रदान कर उनके उपयोग की विधि समझाई गई, जिससे ग्रामीण स्तर पर जल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित हो सके। स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के पेयजल स्रोतों से सैंपल एकत्रित कर प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए। नल-जल योजना के अंतर्गत स्रोतों के क्लोरीनेशन कार्य को प्रभावी बनाने के लिए नल चालकों को जर्मकील वितरित किया गया तथा अभियान अवधि में पीडबल्यूएसएस स्रोतों का नियमित क्लोरीनेशन भी किया गया। इसके साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण के उपरांत डबल्यूक्यूएमआईएस पोर्टल पर निरंतर डेटा प्रविष्टि की जा रही है।

# भारत विकास परिषद आगर मालवा शाखा के चुनाव सम्पन्न

**आगर मालवा।** भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिमी प्रांत की आगर मालवा शाखा के सत्र 2026 - 27 के चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए। मंदसौर व शामगढ़ से पधारे चुनाव अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष - घनश्याम पोरवाल, महासचिव - विनोद काला, प्रांत पूर्व उपाध्यक्ष - महेश जी सेठिया, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य - मनोज जी मेहता, प्रांतीय पदाधिकारीगण - कैलाश माहेश्वरी, डॉ संदीप चौपड़ा व राजेश मेठी के मार्गदर्शन में नए सत्र के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष - डॉ विवेक मालानी, सचिव - डॉ चंचल शर्मा व कोषाध्यक्ष - पुरुषोत्तम अग्रवाल को निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर मध्य भारत पश्चिम प्रांत में संगठन सचिव पद पर मनोनीत होने पर डॉ संदीप चोपड़ा का आगर शाखा द्वारा विशेष सम्मान किया गया। निवृत्तमान अध्यक्ष पारस जैन व निवृत्तमान सचिव राजेन्द्र कारपेंटर ने वर्ष 2025 - 26 में हुई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सम्पन्न हुए निर्विरोध चुनाव में डॉ रमेश अग्रवाल, रमण जैन, महेश माहेश्वरी, कपिल खंडेलवाल, भीम सिंह घूरासिया, डॉ. दशरथ मसानिया, दिनेश जैन, सुरेंद्र पुरोहित, महेंद्र माहेश्वरी, दिनेश जैन, रितेश खंडेलवाल, फूलचंद सोनी, नवीन गुप्ता, लाखन सिंह राजपूत, राजेश बागड़ी, रजनीश स्वर्णकार, पारस जैन, मुकेश भटनागर, डॉ निवेदिता शर्मा आभा चोपड़ा आदि सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा स्थापना दिवस को लेकर जिला कामकाजी बैठक संपन्न

**गुना।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस आयोजन को लेकर स्थानीय जीके गार्डन में जिला कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। जिला कामकाजी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिसिंह यादव, गजेंद्र सिंह सिकरवार, राधेश्याम पारिख, विट्ठलदास मीना, स्थापना दिवस आयोजन टोली संयोजक एवं जिला महामंत्री संतोष धाकड़, सह-संयोजक शिवपाल परमार, श्रीमती गोमती ओझा अतिथि रूप में मंचासीन थे। अतिथियो ने सर्वप्रथम भारत माता व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया।




बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि हम सब विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता हैं। और हम सभी को ऐतिहासिक रूप से हमारी पार्टी का स्थापना दिवस बड़े धुमधाम से मनाना हैं। प्रत्येक बूथ स्तर तक पार्टी की रीति-नीति, विचारधारा एवं जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए 6 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए एक त्यौहार की तरह है। इसे हम सभी कार्यकर्ता बड़े हर्षोल्लास के साथ बूथ स्तर तक मनाएंगे। स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री व जिला संयोजक संतोष धाकड़ ने बताया की स्थापना दिवस पर 5, 6, 7 अप्रैल को सभी जिला एवं मंडल कार्यालय पर विद्युत सजावट, 6 अप्रैल को कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वजारोहण करेंगे, सभी कार्यकर्ता सेल्फी फेसबुक पर अपलोड करें तथा प्रत्येक बूथ पर हमें स्थापना दिवस का कार्यक्रम करना है। 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला कार्यालय में जिला स्तर के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना। 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सांसद विधायक सभी जनप्रतिनिधि एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों के द्वारा गांव बस्ती चलो अभियान के निमित्त कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता ने कहा कि हमे गर्व होना चाहिए कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य है।सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा। हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है। उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कामकाजी बैठक में जिला पदाधिकारी ,जिले के सभी मंडल अध्यक्ष व महामंत्री सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष व टोली के सह संयोजक शिवपाल परमार ने किया। आभार जिला मंत्री गोमती ओझा ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने दी।

## म.प्र. लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ आगर ने दिया ज्ञापन

**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ आगर ने गुरूवार को कलेक्टर महोदय के नाम प्रस्तुत ज्ञापन अपर कलेक्टर महोदय आर0पी0 वर्मा को दिया। जिसमें जानकारी देते हुवे बताया कि लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के सदस्य/कर्मचारी साथी निलेश झांसिया, सहायक ग्रेड-3 सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आगर के साथ विभागीय अधिकारी विजय चौरसिया प्रभारी उप संचालक, सामाजिक न्याय विभाग आगर द्वारा बगैर कार्यक्रम किये देयकों के भुगतान करने का दबाव बनाने, आयोजित कार्यक्रमों के देयकों के भुगतान रोकने, कलेक्टर महोदय को ई-फाईल आगे ना बढाने, विभागीय फाईले मेज से उठाकर फेंक देने एवं अपशब्द एवं दुर्यव्यवहार कर मानसिक रूप से प्रताडित किया जा रहा है। विभागीय अधिकारी द्वारा अपने ही अधिनस्त कर्मचारी से दुर्यव्यवहार कर अपमान जनक व्यवहार किया जा रहा है। विभाग में 09 पदों के सेटअप के विरूद्व एक मात्र लिपिक के द्वारा कार्य किया जा रहा है। किसी भी कर्मचारी द्वारा अपना मान सम्मान खोकर कार्य नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में विभागीय अधिकारी के स्थान पर अन्य नवीन अधिकारी को प्रभारी दिया जाने का कष्ट करें।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम खुशी पिता जाफर खा जन्म प्रमाण के आधार पर था और अब मुझे खुशनुमा पिता जाफर खान आधार कार्ड व हाई स्कूल रिजल्ट के आधार पर जाना व पहचाना जाए।

**खुशनुमा पिता जाफर खान**
**मकान 181 सीतामऊ जिला मंदसौर मध्य प्रदेश**

## शहर कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आज

**रतलाम।** शहर कांग्रेस कमेटी रतलाम द्वारा आगामी 3 अप्रैल शुक्रवार को शाम 5 बजे कस्तूरबा नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक का आयोजन संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी गतिविधियों की रणनीति तय करने के उद्देश्य से किया गया है। इस बैठक में जिला प्रभारी एवं सरदारपुर विधायक प्रताप गेरवाल तथा विधानसभा प्रभारी राजा चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में शहर के सभी वार्ड अध्यक्ष, मंडलम एवं सेक्टर प्रभारी, पार्षद दल, सेवा दल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक सहित सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है।

## सार्थक सृजन की गीत गजल संध्या संपन्न

**नीमच।** शहर की गीत संगीत को समर्पित संस्था "सार्थक सृजन' का कार्यक्रम "मनुहार' संगीत संध्या का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शहर के लाइन डैन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथिओं डॉ दीपक सिंहल, डॉ विपुल गर्ग आदि का संस्था की ओर से स्वागत किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ गणेश वंदना सेवा जिसकी प्रस्तुति सुरेश कान्हा एवं गुलशन कान्हा ने दी। इसके पश्चात गीत गजल का दौर चला जिसमें अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन के शिष्य रहे सुरेश का नाम व गुलशन कान्हा ने -आईनो की हार हो गई...की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात साक्षी संगीत में पारंगत निष्ठा कंडारा ने दिल की चोटों ने कभी जैसे गजल की प्रस्तुति दी वहीं इसके पश्चात कॉलजई गीत - रस्मे उल्फत को निभाए कैसे कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध साहित्यकार एवं संस्था प्रमुख प्रमोद रामावत ने कियाद्य इस तरह एक सुरमई शाम का समापन हुआ।

## हत्या के तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**मन्दसौर।** जिले के विशेष न्यायालय (एससी/एसटी एक्ट) के न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी ने ग्राम भिल्याखेड़ी में हुई एक नृशंस हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन मीडिया प्रभारी श्री बलराम सोलंकी ने बताया कि घटना 5 दिसंबर 2023 की है, जब ग्राम भिल्याखेड़ी निवासी केशुराम अपने खेत की रखवाली करने गया था। वहां राहुल जाट, उंकारलाल धनगर, अर्जुन धनगर और पंकज जाट ने पुरानी रंजिश और मोटर साइकिल न देने की बात को लेकर केशुराम के साथ जातिसूचक गालियां देते हुए कुल्हाड़ी और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान केशुराम की मृत्यु हो गई थी।

## आंगनवानी केन्द्रों का निरीक्षण किया

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनीटरिंग हेतु विकसित व्यवस्था के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आंगन वाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कुछ केन्द्रों पर स्व सहायता समुह द्वारा निर्धारित मेनू अनुसार ताजा पका हुआ भोजन प्रदाय नहीं जा रहा था। कार्य में लापरवाही बरतने के कारण 3 परियोजना अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए एवं 4 स्व सहायता समुह का एक दिवस के पोषण आहार की राशि का कटौत्रा किया गया।

## 18-19 अप्रैल को होगी शूटिंगबॉल स्पर्धा

**रतलाम।** स्व. आर.आर. व्यास, स्व. रामचंद्र भाटी, स्व. शांतिलाल जैन (डैडी), स्व. नवीन सोलंकी, स्व. सुरेशसिंह भदोरिया एवं स्व. बसंतीलाल क्षोत्रीय की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय द्वितीय शूटिंगबॉल आमंत्रण स्पर्धा को लेकर दो बत्ती स्थित एक निजी होटल में आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष यू.एल. भाटी, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी सालार हुसैन बादशाह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाशचंद्र व्यास उपस्थित रहे। श्री भाटी ने बताया कि प्रतियोगिता 18-19 अप्रैल को रेलवे वॉलीबॉल खेल मैदान पर आयोजित होगी।

# मन्दसौर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

मंदसौर शहर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अपार श्रद्धा, अटूट आस्था और जबरदस्त उत्साह के साथ मनाया गया, जिसके चलते समूचा अंचल भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। इस पावन अवसर पर शहर में बालाजी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही और 15 से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहाँ अलसुबह से ही पवनपुत्र के दर्शन और प्रसादी ग्रहण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।

नगर के श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर में हनुमद् प्राकट्य महोत्सव के विशेष अवसर पर एकादश कुंडात्मक अष्टसिद्धि हनुमद् महायज्ञ का आयोजन आचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा च्शास्त्रीज के कुशल सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डाली गईं और जन्मोत्सव के दिन इस महायज्ञ की गरिमामयी पूणाहुर्ति हुई।



**नगर के प्रसिद्ध तलाई वाले बालाजी व बड़े बालाजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया**

मंदिर परिसर को बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जो भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं पुराना बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध बड़े बालाजी मंदिर में भी उत्सव का विशेष उल्लास देखने को मिला, जहाँ ढोल-धमाकों और भव्य आतिशबाजी के बीच महाआरती का आयोजन किया गया और भगवान बालाजी का फूलों से मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें दिव्य स्वरूप प्रदान किया गया। इसी कड़ी में इच्छापुर बालाजी मंदिर में कार्यक्रम की भव्य शुरूआत कन्या पूजन के साथ हुई, जहाँ नन्हीं कन्याओं को विधि-विधान से पूजकर उन्हें उपहार भेंट किए गए और इसके पश्चात शुरू हुए महाप्रसाद वितरण में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण की।

शहर के अन्य प्रमुख क्षेत्रों जैसे नाकोड़ा नगर स्थित इच्छापूर्ण बालाजी, नाहटा चौराहा स्थित बालाजी मंदिर, पुराना रोडवेज डिपो स्थित बालाजी मंदिर, बीएसएनएल बालाजी, वायडी नगर थाना परिसर और अभिनंदन क्षेत्र में भी भक्तिमय माहौल व्याप्त रहा। उधर श्री तीन छत्री बालाजी धाम पर देश की सुख-शांति और खुशहाली की मंगल कामना के साथ पांच दिवसीय नवकुंडात्मक हनुमंत महायज्ञ का आयोजन हुआ, जिसकी सफलता साधु-संतों के मार्गदर्शन में पूणार्हुति के साथ सुनिश्चित की गई। इसी धाम से साधु-संतों की उपस्थिति में एक विशाल ध्वजा यात्रा निकाली गई, जिसमें उत्साहित युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### रतलाम में सोने व केसर से हनुमान जी का श्रृंगार

# अखंड हनुमान चालीसा का पाठ, देवालयों में रही भक्तों की भीड़

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



हनुमान जयंती 2 अप्रैल (गुरुवार) को श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ मनाई जा रही है। शहर के प्रमुख बरबड़ हनुमान मंदिर, श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदि, धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी सोने के वर्क व 60 ग्राम केसर से श्रृंगार किया है। सुबह से हनुमान देवालयों में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया है।

सैलाना रोड स्थित श्री बरबड़ हनुमान मंदिर पर शाम को मेला लगा। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत रोशनी व मंदिर के गर्भ गृह को फूलों से सजाया है। देर रात तक हजारों की संख्या में श्रद्धालू यहां पहुंचे। सुबह से दर्शन के लिए भक्तों की कतार लगातार लगी हुई है। शहर में शाम को भी कई हनुमान मंदिरों पर महाआरती की।

साहू बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, ऑफिसर कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत शहर के अनेक हनुमान देवालयों में महाआरती कर धार्मिक आयोजन किए। जवाहर नगर वन विभाग परिसर स्थित श्री सूर्यमुखी हनुमान मंदिर पर सुबह 10.30 बजे महाआरती कर भंडारे का आयोजन किया।

**71 हजार की केसर से सजाया**

नगर निगम तिराहा स्थित श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर को भी आकर्षक फूलों से सजाया है। यहां पर पंच दिवसीय कुंडात्मक यज्ञ का पूर्णाहूति हुई। मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने हव कुंड में आहूतियां दिलवाई। पूर्णाहूति पर शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद बालाजी की महाआरती की गई। धानमंडी स्थित श्री खेड़ापति हनुमान की केसर व सोने के वर्क का आकर्षक श्रृंगार देखते ही बनता था। यहां पर 71 हजार की करीब 60 ग्राम केसर से भगवान की मूर्ति को चोला चढ़ाया। महावीर भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी।



## मन्दसौर में नागर ब्राह्मण समाज ने मनाई हाटकेश्वर जयंती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

स्थानीय हाटकेश्वर धाम मंदिर में नागर ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान हाटकेश्वर की जयंती भक्तिभाव के साथ मनाई। आचार्य पं. प्रकाश नागर के सान्निध्य में भगवान हाटकेश्वर का विशेष अभिषेक संपन्न हुआ, जिसके मुख्य यजमान विवेक नागर और प्रभाशंकर मेहता सपत्नी रहे। अभिषेक के पश्चात महाआरती की गई और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज की बैठक में आगामी 23 जुलाई को आयोजित होने वाले भडलीया नवमी पाटोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह और साधारण सभा की तैयारियों पर चर्चा कर सदस्यों से सुझाव मांगे गए। समाज के सचिव सतीश नागर ने जानकारी दी कि अब से समाज के किसी सदस्य के निधन पर उनके उत्तराधिकारी को पगड़ी दस्तूर के दौरान समाज की ओर से पगड़ी बांधी जाएगी।

कार्यक्रम में समाज के बीमार सदस्यों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष बाबूलाल नागर सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला और पुरुष पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। अंत में आभार गोविंद प्रसाद नागर एवं धीरेंद्र नागर ने व्यक्त किया।

## प्रशासन ने 3 चिटफंड कंपनियों की संपत्तियां कुर्क करने के दिये आदेश

**मन्दसौर।** जिले में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए तीन प्रमुख वित्तीय संस्थानों की संपत्तियों को कुर्क करने का निर्णय लिया है। मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनशाईन इन्फाबिल्ड कारपोरेशन लिमिटेड (नई दिल्ली), सनसाईन हाईटेक इन्फाकोन लिमिटेड (बड़ोदरा, गुजरात) और श्री हलधन रियल्टी इंडिया लिमिटेड कंपनी (वड़ोदरा, गुजरात) के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। इन कंपनियों के प्रमोटरों, निदेशकों और प्रबंधकों द्वारा की गई वित्तीय अनियमितताओं को देखते हुए मध्य प्रदेश निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम दो हजार की धारा 4 के तहत इनकी समस्त संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश पारित किए गए हैं। प्रशासन ने इस कुर्की को स्थाई यानी आत्यांतिक बनाने के लिए प्रकरण माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश, मंदसौर को प्रेषित कर दिया है। इन तीनों प्रकरणों में कुल 18 हितबद्ध व्यक्ति और वित्तीय प्रतिष्ठान शामिल हैं, जिन्हें अधिनियम के प्रावधानों के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। हालांकि, संबंधित पक्षों के अलग-अलग स्थानों पर निवास करने के कारण नोटिस की तामिली सामान्य प्रक्रिया से संभव नहीं हो पा रही है, जिसके चलते प्रशासन अब नियमानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया सुनिश्चित कर रहा है ताकि पीड़ितों को उनका निवेश वापस मिल सके।

# 500 ग्राम एमडी और 5 किलो डोडाचूरा के साथ पैदल जा रहा आरोपी पकड़ाया

### पुलिस सप्लायर की तलाश में

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



स्थानीय नईआबादी थाना पुलिस ने घेराबंदी कर राजस्थान के एक तस्कर को रंगेहाथ दबोचा है, जिसके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य की एमडी (मेफेड्रोन) और डोडाचूरा बरामद किया गया है। थाना प्रभारी कुलदीपसिंह राठौर की टीम ने यह कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर-नीमच हाईवे रोड पर अघोरिया फंटा के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही सउनि गजानन्द शर्मा और उनकी टीम ने मौके पर दबिश दी और पैदल जा रहे आरोपी इमरान (32) पिता अफजल खान निवासी डग, जिला झालावाड़ को हिरासत में लिया। जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 500 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपी से 10 हजार रुपये मूल्य का 5 किलोग्राम डोडाचूरा और दो कीमती एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पूछताछ के दौरान आरोपी इमरान ने बताया कि उसे यह मादक पदार्थ डग निवासी जाफर खान ने सप्लाई किए थे। पुलिस ने इस मामले में जाफर खान को फरार घोषित कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इसके साथ ही कार्रवाई के दौरान दो विधि उल्लंघन करने वाले बालकों को भी पुलिस ने संरक्षण में लिया है।

## तीन दिवसीय अंडर 15 बॉयज टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन

**पिपलिया मंडी।** नगर में 27 क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित 3 दिवसीय अंडर 15 बॉयज टूनामेंट का हुआ सफल आयोजन इस टूर्नामेंट में नीमच जावरा प्रतापगढ़ की टीमो ने भाग लिया इस टूनामेंट का फायनल मैच प्रतापगढ़ और जावरा के बीच मे खेला गया इसमे जावरा ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 173 का टारगेट दिया जिसे प्रतापगढ़ टीम ने 15 ओवर के हासिल कर लिया इस टूर्नामेंट का मन ऑफ द सिरीज नित्यवर्धन को दिया गया बेस्ट बॉलर प्रताप सिंह रहे । इस टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार दिलीप जी गुर्जर की तरफ से दिया गया विजेता एवम उपविजेता की ट्रॉफी अनिल जी उनियारा की तरफ से दी गई मैन ऑफ द मैच भपेंद्र जी महावर की तरफ से दिया गया एवम बेस्ट बैट्समैन और मन ऑफ द सिरीज की ट्रॉफी रवि जी खीर एवम ललित जी कसेरा की तरफ से दिया गया आभार विनय नेकाड़ी ने माना।

# गौधाम बालाजी मार्ग भक्तों को अनुपम सौगात होगा - श्रीमती चोपड़ा

### शहर में नपा बहा रही है विकास की गंगा- परिहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 2 अप्रैल गुरुवार को वार्ड क्रमांक 34 के अंतर्गत आने वाले ब्रह्माकुमारी आश्रम से गौधाम बालाजी तक 48.27 लाख की लागत से होने वाले सड़क सौंदरीकरण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के



प्रदेश अध्यक्ष श्री पवन पाटीदार, भाजपा संगठन के जिला प्रभारी श्री सुभाष पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल व भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह राणावत के मुख्य आतिथ्य तथा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा की अध्यक्षता सहित अन्य अतिथिगणो की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया, ब्रह्माकुमारी आश्रम के श्री सुरेंद्र जैन, श्रुति दीदी, सविता दीदी, भाजपा नेता श्री संतोष चोपड़ा,श्री हेमंत हरित, श्री सुरेंद्र सेठी, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, जलकल सभापति श्रीमती छाया जायसवाल, श्रीमती कुसुम अशोक जोशी, श्री निलेश पाटीदार,वार्ड क्रमांक 34 की पार्षद श्रीमती शारदा पाटनी भी मंचासीन थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री परिहार ने कहा कि बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर गोधाम बालाजी रोड के सौंदरीकरण का भूमि पूजन एक पुनीत कार्य है, इससे गोधाम बालाजी व श्री चंद्रेश्वर नागदेव मंदिर जाने वाले भक्तों को काफी सुविधा होगी, नगर पालिका द्वारा शहर में किये जा रहे विकास कार्य सराहनीय है, शहर विकास में पैसों की कोई कमी नहीं आने देंगे।

इस अवसर पर श्रीमती चोपड़ा ने कहा कि गोधाम बालाजी मार्ग भक्तों के लिए अनुपम सौगात होगी, इस मार्ग पर साढ़े ग्यारह मीटर चौड़ी सुंदर सड़क के साथ ही नाली निर्माण,पेवर ब्लॉक सहित अनेक कार्य होंगे! कार्यक्रम का संचालन स्वच्छता एंबेसडर श्री विजय बाफना ने किया व आभार पार्षद श्रीमती शारदा पाटनी ने व्यक्त किया।

## न्यूज कालम



### मनासा के पडदा में नाबालिक से छेड़छाड़ के बाद आक्रोश फैला

**नीमच।** जिले के मनासा क्षेत्र के पड़दा गांव में एक नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ के बाद आक्रोश फैल गया । लोगो ने आरोपी का घर तोड़ने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पुलिसझ्रप्रशासन ने भी आरोपी का घर पर कार्यवाही के लिए बुलडोजर बुलवा लिया। इसी दौरान कुछ लोगों ने आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ कर सामान फेंक दिया। पुलिस ने रोका तो पत्थरबाजी शुरू कर दी। भीड़ को तितरझ्रबितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। पांच लोगों को हिरासत में भी लिया गया। मिली जानकारी अनुसार बुधवार रात गांव में रहने वाली 13 साल की बच्ची घर पर अकेली थी। माताझ्रपिता किसी धार्मिक आयोजन में गए थे। इसी दौरान आरोपी अब्दुल रहमान (55) पिता गनी मोहम्मद रहमान घर में घुस गया। वह बच्ची को बहलाझ्रफुसलाकर अपने घर ले गया। और यहां बच्ची के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद कुछ रूपए देकर किसी को नहीं बताने के लिए कहकर डराकर भगा दिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने आकर्षित होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### पाली क्लिनिक एवं पशुपालन कार्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**नीमच।** जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को पशु चिकित्सा पोलिक्लिनिक एवं उपसंचालक पशुपालन कार्यालय नीमच का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने पशुपालन समिति से करवाए जाने वाले कार्यों के लिए स्थल निरीक्षण किया। उन्होने सीएसआर मद से डिजिटल एक्स-रे मशीन प्रदान करवाने के लिए महाप्रबंधक उद्योग को आगामी कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने पशुपालन कार्यालय में कामधेनु योजना के स्वीकृत, वितरित एवं प्रक्रियारत प्रकरणों के हितग्राहियों की बैंकर्स के साथ बैठक में सभी हितग्राहियों से चर्चा कर, बैंक की ओर से आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होने हितग्राहियों की समस्याओं पर बैंको को आवश्यक निर्देश दिये, कि अधिक से अधिक प्रकरण स्वीकृत कर वितरण सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला परिषद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश पाटीदार एवं पशु चिकित्सा सर्जन डॉक्टर ए आर धाकड़ एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### पंचमुखी बालाजी के भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर हजारों भक्तों ने लिया लाभ



**पिपलिया मंडी।** 2 अप्रैल को स्थानीय रेलवे फाटक स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित विशाल भंडारा आयोजित किया गया। दिन भर चला महाप्रसाद कार्यक्रम में शामिल होकर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। इससे पूर्व मंदिर समिति द्वारा यज्ञ का आयोजन रखा गया। जिसमें विभिन्न दंपतियों द्वारा यज्ञ में आहुति देखकर धर्म लाभ लिया। इसी तरह सत्य सनातन धर्म संकट मोचन बालाजी मंदिर के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन बालाजी मंदिर परिसर में भी आयोजित विशाल भंडारा संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सामने श्री बागेश्वर चेतन्य वीर बालाजी मंदिर परिसर में भी भंडारा आयोजित किया गया।

### रोटरी सैटेलाइट विमेंस क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री



**मन्दसौर।** रोटरी सैटेलाइट विमेंस क्लब द्वारा नई आबादी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में सेवा कार्य के अंतर्गत स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। यह आयोजन क्लब की चार्टर्ड प्रेसिडेंटश्वेता कपूर की सास की पुण्यतिथि की स्मृति में कपूर परिवार के सहयोग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई में उपयोगी कॉपी, पेन, पेंसिल के साथ पानी की बोतलें और चॉकलेट्स भेंट की गईं। क्लब की अध्यक्ष निशा कुमावत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चे अपने भविष्य को उज्वल बना सकते हैं और किसी की याद को जीवित रखने का सबसे बेहतर तरीका बच्चों की मदद करना है। इस अवसर पर मालती भाटी और देवांशी कपूर सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। आभार क्लब सचिव सरिता चंचल सोनी ने माना।



## नये शैक्षणिक सत्र पर प्रवेशोत्सव का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजन

**महिदपुर रोड।** ग्राम झुटावद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को नवीन क्षेत्र शिक्षा सत्र के प्रारंभ में स्कूली छात्राओं का प्रवेश उत्सव मनाया। उत्साह और उल्लास के साथ किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय को गुब्बारों बैनरों से सजाया गया नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, फूलमालाओं और मिठाई खिलाकर स्वागत जन प्रतिनिधियों ने बच्चों पुस्तकें वितरित की प्राचार्य राहुल पोरवाल ने कहा शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है उन्होंने शिक्षा के महत्व और सरकारी योजनाओं की जान कारी भी दी। मुख्य अतिथि उपसरपंच महेश पंड्या पटवारी रामप्रकाश कुमावत अभिभावक जगदीश पांचाल, श्यामलाल, गेंदालाल, भंवर सिंह रहे। प्राचार्य ने उपस्थित अतिथियों अभिभावकों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन सावंत सिंह पंवार ने किया।

## प्रवेश उत्सव एवं वाटर कूलर का शुभारंभ



**तराना।** शासकीय उमावि कचनारिया में 1 अप्रैल 2026 को मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कचनारिया सरपंच रायसिंह परमार एवं भाजपा संभागीय मीडिया प्रभारी राहुल सरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रवेशित सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तके प्रधान की गई एवं विद्यालय में नियमित आने हेतु प्राचार्य प्रेमनारायण कटारिया द्वारा प्रोत्साहित किया गया ।ग्राम पंचायत कचनारिया द्वारा गर्मी में ठंडा पानी की व्यवस्था हेतु वाटर कूलर संस्था को भेंट कर इसका शुभारंभ सरपंच महोदय श्री रायसिंह परमार के करकमलों से किया गया।कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार शर्मा उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं आभार राजाराम पाटीदार प्राथमिक शिक्षक द्वारा किया गया इस अवसर पर स्टाफ के सभी शिक्षक शिक्षिका एवं कर्मचारी उपस्थित रहे एवं सभी विद्यार्थियों को प्रवेश उत्सव में शामिल होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई।।

## नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**महिदपुर।** शास. मा.वि. बैजनाथ में शासन के निदेर्शानुसार स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत बैजनाथ के सरपंच कैलाशपुरी गौस्वामी तथा विशेष अतिथि गोविन्दसिंह उपस्थित रहे। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर व फूल माला पहनाकर किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तकें भी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी प्रदीप बडेजा, संजय शर्मा, श्रीमती सुनीता कानड़ी उपस्थित रहे।

## ठहाके और मस्ती भरे फाग उत्सव के साथ मना टोपा सम्मेलन



बड़नगर। मूर्ख दिवस की पूर्व संध्या पर अधिकारी कर्मचारी वर्ग के साथियों के द्वारा टोपा सम्मेलन का आयोजन स्थानीय वॉव होटल पर मनाया गया। टोपा सम्मेलन की अध्यक्षता नगर के प्रसिद्ध व्यंगकार प्रेमचंद द्वितीय ने की । सर्वप्रथम उपस्थित कवियों को समिति के श्याम शर्मा, नरेंद्र सिरसवाल, दिलीप पंचाक्षरी, बाबूलाल कुशवाहा, प्रदीप अजमेरा, अभिनव जैन, गुलाम कादिर, सुंदर लाल भादविया, विश्वपाल सिंग शक्तावत, संजय गोचर, सुनील भाटी, शुभम शर्मा, आदित्य भोसले, पप्पू परमार, शिव शुक्ला, हरिवंश राय आदि के द्वारा टोपा पहनाया गया और सरोपा भेट किया गया। इस अवसर पर टोपा सम्मेलन में सुरेश माहेश्वरी, नंनद किशोर समीर, हीरालाल सोनारतिया, मनीष रेशमिया, पवन वर्मा, आत्माराम चौहान आदि ने कविता हास्य व्यंग ओर गीत प्रस्तुत किए अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रमुख हेमंत माथुर, उदय अग्नीहोत्री, अरविंद राठौर आदि के द्वारा वर्ष 2026 का टोपा सम्मान धर्मेंद्र सिंग पंवार राजस्व विभाग को प्रदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार नीतेश जोशी ने किया। अंत में आभार कार्यक्रम संयोजक शसंतोष श्रीवास्तव ओर कपिल शर्मा ने प्रकट किया।

## छठवीं बार सर्वसम्मति से पेंशनर संघ अध्यत्र बने त्रिकार

**सारंगपुर।** जीवन में हर वह चीज आसान लगने लगती है जब उसे पूरा करने का जज्बा व्यक्ति के दिल में होता है। यह अकाट्य सत्य है कि लोग सपनों के साथ अपनों का दिल भी जीत लेते हैं। ऐसे ही व्यक्तित्व के धनी मप्र प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा आयोजित मार्च में जन्मे 12 पेंशनर्स सदस्यों के सामूहिक जन्मोत्सव अवसर पर छठवीं बार सर्वसम्मति से मनोनीत, आगामी 2 वर्ष के लिए लक्ष्मी नारायण त्रिकार अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया सेवानिवृत्त बीईओ उमाशंकर दुबे द्वारा विधिवत संपन्ना कराई। नवीन अध्यक्ष का प्रस्ताव रमेश चंद्र वर्मा, सेवा निवृत चिकित्सा विभाग एवं अनुमोदन पंडित सत्यनारायण शर्मा काका ने किया, जिसका करतल ध्वनि से सभी ने समर्थन किया। आयोजित कार्यक्रम स्थानीय साई मंदिर परिसर पर संपन्ना हुआ।

जलसंकट: गर्मी में बढते तापमान के साथ ही जलस्तर भी नीचे गिरने लगा

# कुंडालिया बांध की नल-जल योजना कार्य ठप्प पानी के लिए ग्रामीण हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पाडल्यामाता में इन दिनों पानी के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही हैं। आधा दिन लोगों का पानी भरने में निकल जाता हैं। वर्ष 2018 में कुंडालिया बांध नल-जल योजना के बारे में सुनने से लोगों ने काफी खुशी जाहिर की थी, लेकिन नल जल योजना का कार्य कछुआ गति के चलने से आज ग्रामीणों में काफी गुस्सा फूट रहा हैं। पिछले एक वर्ष से नल जल योजना का कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ा हुआ है।

ग्रामीण गोपाल सोनी, रियाज मंसुरी, संजय पाटीदार आदि लोगों ने बताया कि नल जल योजना का कार्य पिछले 7 सालों से चल रहा हैं जो आज भी अधूरा है। पाइप लाइन डालने हेतु गांव का सीसी सडक क्रांकिट खोदकर जगह जगह गड्ढे कर दिए कनेक्शन के नाम पर आधार कार्ड भी जमा करवा लिए और पाइप लगा दिए जिसके एक साल बाद गांव में आकर देखा भी नहीं वर्तमान में गांव में नल जल योजना का कार्य पूरी तरह ठप्प पडा हुआ है। इसके बावजूद विभाग के आला अधिकारी कुंभकर्णीय नींद में सोए हुए रहते हैं। प्रशासनिक अधिकारी व जिम्मेदार जनप्रतिनिधि द्वारा भी नल जल योजना पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। मार्च का महीना भी बीत गया यदि ऐसा ही रहा तो इस वर्ष भी हमें योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। नयापुरा कॉलोनी में गांव में पानी सप्लाई हेतु टंकी का निर्माण किया गया है वह टंकी भी शोपीस बनकर ही रह गई हैं।

ग्राम पंचायत में प्राकृतिक जल स्त्रोत हैंडपंप जलाशय कुओं ने भी दम तोड़ दिया हैं। गर्मी के तीखे तेवर में ग्रामीण एक से दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। कुंडालिया बांध नल-जल योजना की लागत शुरू में लगभग 535 करोड रुपये थी, लेकिन अब कार्य में देरी के कारण इसकी लागत में करीब 30 करोड का इजाफा किया गया है इसलिए यह अब लगभग 565 करोड हो चुकी है। सितंबर 2024 तक सारंगपुर ब्लाक के 190 गांवों में घरों तक पहुंचना था पानी लेकिन विडंबना यह है कि कुंडालिया बांध का पानी 30 गांवों में भी नहीं पहुंचा। ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम अधिग्रहित कंपनी व विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या को देखते हैं नल जल योजना के कार्य में तेजी लाकर शीघ्रता शीघ्र कार्य को पूर्ण करना चाहिए जिससे ग्रामीणों को जल संकट से छुटकारा प्राप्त हो।

**बोले जिम्मेदार**

सारंगपुर क्षेत्र के सभी ग्रामों में नल-जल योजना का काम चल रहा है। पाडल्यामाता में भी जल्द काम शुरू कर दिया जाएगा और जल्द जनता को पानी उपलब्ध होगा।

**रमन्न रेड्डी, सहायक प्रबंधक, एलएनटी, सारंगपुर।**

मक्सी मे भगवान हाटकेश्वर के प्राकट्य दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# मध्यप्रदेश नागर ब्राहम्ण परिषद मक्सी की कार्यकारणी का गठन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी



प्रतिवर्षानुसार मक्सी नगर के नागर समाजजनों द्वारा बुधवार को भगवान हाटकेश्वर के प्राकट्य दिवस के अवसर पर व्यास परिसर में विराजीत भगवान हाटकेश्वर का पूजन अर्चन किया ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूजन, आरती के पश्चात समस्त उपस्थित नागरजनों द्वारा मध्यप्रदेश नागर ब्राहम्ण परिषद की स्थानीय शाखा के पुर्नगठन पर विस्तृत विचार विमर्श किया ।

उपस्थित समाजजनों ने अपनी अपनी प्रतिक्रीयाएं प्रस्तुत की कुछ समाजजन वर्तमान कार्यकारणी को ही निरतंर रखना चाह रहे थे वही कुछ ने कार्यकारणी मे आंशीक परिवर्तन करने का सुझाव प्रस्तुत किया । चर्चा के दौरान ही एक सुझाव आया की चूकि समाज के पुरूषवर्ग अपने अपने कामों में व्यस्त रहते है अतः समाज को अधिक समय प्रदान नही कर पाते है अतः इस बार महीलाओं को कार्यकारणी में प्रतिनिधित्व प्रदान करना चाहीयें । इस विषय पर विस्तृ विचार विमर्श करने के पश्चात सभी उपस्थित समाजजनों ने निर्णय लिया कि मक्सी शाखा ऐसी पहली शाखा बने जहां पर सम्पूर्ण कार्यकारणी मे महिलाओं को स्थान दिया जाये । समस्त उपस्थित समाजजनों द्वारा चर्चा करने पर एवं सुझाव प्रदान करने के पश्चात ऐतिहासीक निर्णय लेते हुए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में मक्सी शाखा के समस्त पदाधिकारीयों के पद पर महिला सदस्यों का चयन किया गया ।

अध्यक्ष पद पर मनोरमा नागर, सचिव पद पर लता नागर, कोषाध्यक्ष के रूप में कवीता मेहता, उपाध्यक्ष के रूप में श्याम नागर, कुसुम नागर, व ममता व्यास, तथा सह सचिव के रूप में किरण शर्मा, भावना व्यास व पूनम नागर के नामो पर सहमती बनी । इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्ष मणीशंकर नागर, महेश व्यास, छगनलाल नागर, बालकृष्ण नागर, पुरूषोत्तम शर्मा, तेजकरण नागर, रोनक मेहता, अमृता मेहता, मनन नागर, सुलभ व्यास आदि उपस्थित थे

## सास श्वसुर और पति पर दहेज में कार और 10 लाख मांगने की शिकायत

**इंगोरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौद खुर्द के संतोष पंड्या पिता सुभाष पंड्या, हेमलता पति सुभाष पंड्या और सुभाष पिता जगदीश पंड्या के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज हुआ है। फरियादी निकिता पति संतोष पंड्या हाल मुकाम ग्राम सरसाना ने पुलिस में की शिकायत में बताया कि मेरा विवाह 24 फरबरी 2023 को ग्राम खरसौद खुर्द के संतोष पंड्या के साथ विधि विधान से हुआ था। दहेज में घरेलू सामान के साथ फ्रीज,अलमारी, कूलर, वाशिंग मशीन, हीरो मोटरसाइकल, सोफा, सोने चांदी के बर्तन सहित चांदी का एक नारियल भी दिया था। विवाह के 8 दिन बाद मेरे पति संतोष पंड्या ने खर्चे के लिए मेरे पिताजी से 1 लाख रुपए और ले लिए ।

पीड़िता ने पुलिस में की शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही पति शराब पीकर लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता था। सास श्वसुर भी कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करते थे और 6 महीने पहिले सास श्वसुर और पति ने मेरे 13 माह के पुत्र के साथ घर से निकाल दिया। तबसे मैं अपने मायके ग्राम सरसाना में रहती हूं। रिश्तेदारों ने समझौता करने को कहा तो श्वसुर ने कार व 10 लाख रुपए साथ में लाने को कहा। यह भी शर्त रखी कि संतोष का दूसरा ब्याह करूंगा और निकिता को भी ले जाएंगे दोनों को रखूंगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बी एन एस 2023 की धारा 85 में अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## जनगणना 2027 अन्तर्गत जनगणना कार्य हेतु नियुक्त प्रगणक तथा पर्यवेक्षक का चरणबद्व प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ

**सारंगपुर।** जनगणना 2027 अंतर्गत 1 अप्रैल से तहसील स्तर पर नगरीय क्षेत्र हेतु नियुक्त किये गये प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ हुए। जिसके अन्तर्गत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी राजगढ डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा चार्ज अधिकारियों को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण से संबंधी व्यवस्थाएं संस्था प्रमुख से संपर्क स्थापित कर सुव्यवस्थित रूप से कराने के निर्देश दिए गए हैं। जनगणना निदेशालय द्वारा जारी निदेर्शों के तहत सभी प्रशिक्षण संपन्ना कराने की जिम्मेदारी संबंधित चार्ज अधिकारी को दी गई है, जिला जनगणना अधिकारी द्वारा तैयार प्रशिक्षण कार्यक्रम के पालन में नगरीय क्षेत्र सांरगपुर हेतु नियुक्त प्रगणक 68 एव सुपरवाईजर 10 का प्रशिक्षण निर्धारित बैच अनुसार बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमावि सारंगपुर में प्रारंभ हुआ। जिसका सीएमओ नगर पालिका परिषद सारंगपुर एवं चार्ज अधिकारी नगरीय क्षेत्र सारंगपुर दीपक कुमार रानवे द्वारा निरीक्षण किया गया।

## दुर्घटना में मौत पर परिजनों को 8.52 लाख की क्षतिपूर्ति

**अकोदिया सुंदरसी मार्ग पर हुई थी सड़क दुर्घटना**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु होने के मामले में मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण ने मृतक के परिजनों को 8 लाख 52 हजार 210 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया है। साथ ही आवेदन प्रस्तुत किए जाने की तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय रहेगा।

प्रकरण के अनुसार18 दिसंबर 2023 को दोपहर करीब 3 बजे बडौद राणा निवासी बाबूलाल मेवाड़ा अपनी साइकिल से खेत से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे हड़लाय कला जोड़ स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास अकोदिया-सुंदरसी मार्ग पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 37 एमव्ही 0142 के चालक प्रहलाद सिंह ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाबूलाल को गंभीर चोटें आईं और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मामले में मृतक की पत्नी क्षिप्राबाई सहित अन्य वारिसों की ओर से अधिवक्ता महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत द्वारा मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर में दावा प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत तर्कों से सहमत होते हुए अधिकरण की सदस्य सपना पोर्ते ने बीमा कंपनी को निर्देशित किया कि वह मृतक के परिजनों को 8,52,210 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि अदा करे। अधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त राशि पर आवेदन तिथि से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी दिया जाएगा।

शिक्षा ही हमें अंधकार से बाहर निकलती है छात्रों को तकनीकी शिक्षा भी मिलनी चाहिए

# विकसित भारत तब ही बनेगा जब छात्रों को अच्छी शिक्षा मिलेगी-परमार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना



विकसित भारत तब ही बनेगा जब हमारे छात्रों को अच्छी शिक्षा मिलेगी। शिक्षा ही हमें अंधकार से बाहर निकलती है ।छात्रों को तकनीकी शिक्षा भी मिलनी चाहिए ।बच्चे ही भारत का भविष्य है ।छात्र अपना लक्ष्य तय कर पूरी मेहनत से उसको प्राप्त करने में लग जाए। माता-पिता ही प्रथम गुरु है वह 365 दिन आपको अच्छी शिक्षा मिले उसके लिए प्रयास करते रहते हैं ।आप सभी बिना आलस की मेहनत करें अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

यह बात विधायक महेश परमार ने बुधवार को सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश उत्सव के दौरान कही ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक परमार रहे ।उपस्थित अतिथियों ने पुष्प वर्षा एवं तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर हरियाणा में हुई कोर्फबाल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 5 में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया ।कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश राजोरिया,पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रतिनिधि सौदान सिंह रामपुरा, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एवं पार्षद महेश जोशी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आकाश बोड़ाना, कांग्रेस नगर अध्यक्ष महेश रावल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य कप्तान सिंह पवार, पार्षद विजय जायसवाल,द्वारकाधीश शर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष कामिल शेख, दिनेश कुमावत, पवन बारोड़, सदानंद दीक्षित, राजेश मालवीय, नरेंद्र सोलंकी, कैलाश पांडे कायथा, दीपक दवे, भैरू सिंह सिसोदिया, संकुल प्राचार्य अशोक कुमार गहलोत, बीआरसीसी बजरंग सिंह तोमर सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी तेज सिंह राठौड़ ने की। स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य दिग्विजय सिंह चौहान ने दिया। संचालन सुनील देवड़ा ने तथा आभार अभय कुमार नागर ने व्यक्त किया।



## अखण्ड रामायण पाठ महोत्सव की कलश यात्रा हर्षोल्लास से निकाली

**खाचरौद।** नगर में खेड़ापति हनुमान मंदिर पर 208 अखण्ड रामायण महोत्सव की भव्य कलश यात्रा श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर तक धुमधाम से बेण्ड बाजे और डोल ,भगवा ध्वज के साथ घुड़सवार सेकड़ो की तादाद में महिलाएँ सिर पर कलश धारण कर निकली। चलसमारोह का स्वागत चबुतरा चोराहे पर भाजपा मण्डल, जवाहरमार्ग पर गायत्री परिवार ,गणेशदेवली पर स्वर्णकार समाज, सीताराम जाप मण्डल, कस्बा में धाकड़ समाज के साथ सामाजिक व राजनेतिक संस्थाओ द्वारा स्वागत सत्कार पुष्प वर्षा कर किया गया। भजन किर्तन की टोलीयॉ भजन करते हुवे चली। खेड़ापति हनुमान मंदिर पर अखण्ड रामायण पाठ को विधिविधान से पुजन आरती कर प्रारंभ किया गया।

## प्रज्ञा शाक्यवार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में बनाया स्थान

**ब्यावरा।** जिला राजगढ़ के ब्यावरा मंथन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा प्रज्ञा शाक्यवार पिता कैलाश शाक्यवार ने कक्षा आठवीं की वार्षिक परीक्षा के तहत जिले में टॉप किया एवं मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। मंथन



स्कूल परिवार एवं माता-पिता के नाम को गौरवान्वित किया। स्कूल मैनेजमेंट एवं समस्त स्टाफ ने उज्जवल भविष्य की कामना की स्कूल के डायरेक्टर पीसी गुप्त और अंकित गुप्ता एवं प्रिंसिपल एल बाथम ने छात्रा को शील्ड देकर सम्मानित किया। अनीता यादव ने उक्त कक्षा में 92.3 प्रतिशत एवं ऋषिका वर्मा ने 92.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में द्वितीय एवं मुस्कान कुशवाह ने 90.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी की छात्रा आरोही शिवहरे पिता अनिल शिवहरे 89.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जानवी अहिरवार ने 87.75 प्रतिशत एवं रूद्र बैरागी ने 86.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया स्कूल प्रबंधन ने बच्चों के प्रति जागरूक माता पिता एवं स्कूल स्टाफ की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन को देखते हुए सभी को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

**पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल**

## सारंगपुर लायंस क्लब ने बांटे कपडे के थैले और जलपात्र



**सारंगपुर।** सारंगपुर बढ़ते प्रदूषण और भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लायंस क्लब सारंगपुर द्वारा मंगलवार को नगर में एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने शहर में पॉलिथीन के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए आमजन को कपडे के थैले वितरित किए, साथ ही बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जलपात्र (परिंडे) भी बांटे। शहर के प्रमुख स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब ने नागरिकों को पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। क्लब सदस्यों ने अपील की कि बाजार जाते समय हमेशा कपडे के थैलों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। इसके साथ ही, तपती गर्मी में पक्षियों के संरक्षण हेतु क्लब द्वारा मिट्टी के सकोरे और जलपात्र वितरित किए गए। उपस्थित पदाधिकारियों ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने घरों की छतों और बालकनी में ये सकोरे रखें और नियमित रूप से उनमें पानी भरें। इस सेवा कार्य के दौरान लायंस क्लब के प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से लायंस क्लब अध्यक्ष ला. रूपेश जोशी सचिवः ला. प्रदीप चौहान, सदस्य ला. मनोज दंडवानी, ला. महेश शर्मा, ला. प्रदीप जोशी, ला. राजेंद्र पालीवाल और ला. मोहम्मद मंसूरी सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने लायंस क्लब की इस दोहरी पहल की सराहना करते हुए इसे समय की मांग बताया।

**पक्षियों के लिए चलेगा पक्षी मित्र अभियान**

## पुण्यतिथि पर सकोरे वितरण से होगी शुरूआत, जनसहभागिता पर जोर

**शुजालपुर।** गर्मी के मौसम की शुरूआत के साथ ही पक्षियों के लिए पानी की समस्या को देखते हुए श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट द्वारा पक्षी मित्र अभियान की शुरूआत की जा रही है। इस अभियान के तहत शहर में विभिन्न स्थानों पर पेड़ों एवं घरों की छतों पर सकोरे बांधकर पक्षियों को दाना-पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक स्थानों पर सकोरे लगाकर पक्षियों को राहत पहुंचाना है। इसके लिए नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की जाएगी कि वे अपने जन्मदिन या परिवारजनों की स्मृति में सकोरे भेंट करें, ताकि इस अभियान को व्यापक बनाया जा सके। अभियान का शुभारंभ 4 अप्रैल को ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गेहलोत की पूज्य माताजी स्वर्गीय गौरा बाई गेहलोत की पुण्यतिथि के अवसर पर किया जाएगा। इस दौरान महिला मंडल की सदस्यों को सकोरे वितरित किए जाएंगे।अध्यक्षता नगर परिषद अकोदिया अध्यक्ष एवं ट्रस्ट की प्रदेश उपाध्यक्ष रचना शर्मा करेंगी।

नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बड़े पर्दे पर एक बार फिर रामायण को लेकर आ रहे हैं। आज फिल्म से रणबीर कपूर का राम के रूप में लुक सामने आया है। इसके बाद अब फिल्म को लेकर इंतजार और भी बढ़ गया है। यहां देखिए कैसा है रणबीर का लुक और क्या कुछ है खास...

# प्रभु श्रीराम के किरदार में जंचे रणबीर

## मिली यश और साई पल्लवी की छोटी सी झलक



फैंस का इंतजार खत्म हुआ। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित और बड़ी फिल्म ह्यरामायणह्ल से आज भगवान राम बने रणबीर कपूर का लुक सामने आ गया है। इस लुक के सामने आने के बाद अब फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी चरम पर पहुंच गया है। मेकर्स ने फिल्म को लेकर जो उत्साह पैदा किया है, वो राम के इस शानदार लुक को देखने के बाद बढ़ता है। रणबीर कपूर ने एक बार फिर अपने फैंस को चौंका दिया है। वहीं टीजर में अंत में रावण की भी एक झलक देखने को मिलती है।

### भगवान राम के किरदार में जंचे रणबीर कपूर छाए

2 मिनट 38 सेकंड के इस वीडियो में रणबीर कपूर छाए नजर आए। भगवान राम के किरदार में रणबीर काफी जंच रहे हैं। फिल्म से अलग-अलग हिस्सों से उनके लुक दिखते हैं। लेकिन हर लुक में रणबीर काफी संयमित नजर आए हैं। यही कारण है कि रणबीर का लुक सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस का इंतजार और भी बढ़ता है।

### रावण की भी दिखी झलक

टीजर में रणबीर कपूर के अलावा और किसी किरदार या कलाकार की झलक नहीं दिखती है। हालांकि, सीता के किरदार में साई पल्लवी और लक्ष्मण के किरदार में रवि दुबे की हल्की सी एक झलक देखने को मिलती है। लेकिन इन सब पर भारी पड़ती है टीजर के अंत में दिखाई गई रावण की झलक। भालो ही रावण के किरदार में यश का लुक पूरी तरह से सामने नहीं आया है लेकिन रावण के गेटअप में उनके किरदार की छोटी सी झलक मिली है। साथ ही बैकग्राउंड संगीत उनके इस लुक को और भी प्रभावशाली बना देता है। टीजर में रावण के पुष्पक विमान को बखूबी दिखाया गया है।



### प्रोडक्शन और संगीत भी शानदार

टीजर में बाकी चीजों को भी अच्छे से दिखाया गया है। बेशक किसी और किरदार की पूरी झलक सामने नहीं आई है। लेकिन जिस तरह से मेकर्स ने इस वीडियो में महल को दिखाया है, भगवान राम के धनुष को दिखाया है और जो इमोशन दिखाने का काम किया है, वो कमाल है। साथ ही एआर रहमान और हैंस जिमर का बैकग्राउंड म्यूजिक भी इस टीजर में चार चांद लगाता है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी फिल्म

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज होगी। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। जबकि दूसरा पार्ट अगले साल दिवाली 2027 पर सिनेमाघरों में दस्तक देगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान, रवि दुबे लक्ष्मण, लारा दत्ता कैकेयी और अरुण गोविल राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे।

### पिछले साल आई थी फिल्म की पहली झलक

इससे पहले पिछले साल मेकर्स फिल्म की पहली झलक और टाइटल लेकर आए थे। तब तक किसी का भी लुक सामने नहीं आया था, सिर्फ राम बने रणबीर और रावण के किरदार में यश की हल्की सी झलक देखने को मिली थी। लेकिन अब राम का पूरा लुक सामने आया है। हालांकि, अभी भी फिल्म से बाकी किरदारों रावण, सीता और हनुमान के लुक आना बाकी है। इनका फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

### फिल्म की स्टारकास्ट

इसके अलावा फिल्म में बाकी कलाकारों के भी होने की चचाएं हैं, लेकिन अभी तक उनको लेकर कोई कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक सिर्फ पांच नामों को ही कंफर्म किया है, जिनमें रणबीर कपूर, सनी देओल, यश, साई पल्लवी और रवि दुबे के नाम शामिल हैं।

# 14वें दिन 'धुरंधर 2' ने बनाया रिकॉर्ड

## जानें 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' का कलेक्शन



आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' हर दिन नया रिकॉर्ड बना रही है। बॉक्स ऑफिस पर इसने 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' और 'पुष्पा 2' को पीछे छोड़ा है। आइए जानते हैं बाकी फिल्मों का कलेक्शन।

इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड, हॉलीवुड और साउथ की फिल्में लगी हैं। सबसे ज्यादा बॉलीवुड फिल्म 'धुरंधर 2' कमाई कर रही है। वीकएंड पर फिल्म ने बेहतरीन कलेक्शन किया था। इसके बाद इसके कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। फिर भी फिल्म कई रिकॉर्ड तोड़ रही है। आइए जानते हैं बुधवार को इस फिल्म के अलावा 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' और 'उस्ताद भगत सिंह' ने कितना कलेक्शन किया है?

### 'धुरंधर 2' का अब तक का कलेक्शन

'धुरंधर 2' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 102.55 करोड़ रुपये से खाता खोला था। एक हफ्ते में इसने 674.17 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बुधवार को इसने 20.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसकी कमाई 27.75 करोड़ रुपये रही थी। इस तरह से इस फिल्म ने 14 दिनों में कुल 920.02 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 250 से 300 करोड़ रुपये बताया जाता है।

### 'पुष्पा 2' को छोड़ा पीछे

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'धुरंधर 2' ने 'पुष्पा 2' को पीछे छोड़ दिया है। भारत में 'पुष्पा 2' ने 830.10 करोड़ रुपये कमाए थे। भारत के साथ 'धुरंधर 2' दुनियाभर में अच्छी कमाई कर रही है। 14 दिनों में इसने वर्ल्डवाइड 1466.47 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म 'पुष्पा 2' ने वर्ल्डवाइड 1,742.10 करोड़ रुपये कमाए थे। माना जा रहा है कि 'धुरंधर 2' वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में भी 'पुष्पा 2' को पीछे छोड़ सकती है।

### 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' कलेक्शन

हॉलीवुड फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मेरी' ने बुधवार यानी सातवें दिन 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसका कुल कलेक्शन 22.24 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में यह फिल्म 20 मार्च को रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में यह रणवीर सिंह को टक्कर दे रही है। इसने वर्ल्डवाइड कुल 1400 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। वहीं 'धुरंधर 2' ने वर्ल्डवाइड 1466.47 करोड़ रुपये कमाए हैं।

# Sport

दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार रात लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हरा दिया। इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 17.1 ओवर में 145 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया।

# लखनऊ पर जीत के साथ दिल्ली का शानदार आगाज

## शुरूआती पांच मुकाबलों के बाद कैसा है अंक तालिका का हाल?

**लखनऊ।** लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की घातक गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को छह विकेट से हराकर आईपीएल 2026 की अपनी पहली जीत दर्ज की। बुधवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 18.4 ओवर में 10 विकेट पर 141 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।



### रिजवी और स्टब्स की शतकीय साझेदारी से जीती दिल्ली

142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को पहली ही गेंद पर केएल राहुल (0) के रूप में झटका लगा। इसके बाद टीम ने 26 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। इस बीच पथुम निसांका एक रन, नीतीश राणा 15 रन और कप्तान अक्षर पटेल खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे।

यहां से समीर रिजवी ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 76 गेंदों में 119 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 17 गेंदें शेष रहते जीत दिला दी। रिजवी 47 गेंदों में चार छक्कों और पांच चौकों के साथ 70 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि स्टब्स ने 39 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से प्रिंस यादव ने 20 रन देकर दो विकेट निकाले। मोहम्मद शमी और मोहसिन खान को एक-एक विकेट हाथ लगा।

### लखनऊ का निराशाजनक प्रदर्शन

इससे पहले लखनऊ की टीम 141 रन ही बना पाई थी। टीम को 19 के स्कोर पर कप्तान ऋषभ पंत (7) के रूप में झटका लगा। इसके बाद मिचेल मार्श ने एडेन मार्करम (11) के साथ दूसरे विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी की। मार्श ने टीम के खाते में 35 रन का योगदान दिया। टीम ने 71 के स्कोर तक अपना पांचवां विकेट खो दिया था। यहां से अब्दुल समद ने मुकुल चौधरी के साथ 34 रन और शाहबाज अहमद के साथ 33 रन की साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

अब्दुल समद 25 गेंदों में 36 रन बनाकर आउट हुए, जबकि शाहबाज अहमद ने नाबाद 15 रन जुटाए। मुकुल ने टीम के खाते में 14 रन जोड़े। विपक्षी खेमे से लुंगी एनगिडी और टी नटराज ने तीन-तीन विकेट हासिल किए, जबकि कुलदीप यादव ने दो विकेट निकाले। एक विकेट अक्षर पटेल के नाम रहा।

### कैसा है अंक तालिका का हाल?

आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरूआती पांच मुकाबलों के बाद अंक तालिका दिलचस्प हो गई है। सभी टीमों ने एक-एक मैच खेल लिया है, जिसके बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष स्थान पर काबिज है। टीम ने अपना पहला मुकाबला जीतकर दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट भी सबसे बेहतर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे और दिल्ली कैपिटल्स तीसरे स्थान पर हैं, दोनों के खाते में भी 2-2 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट के आधार पर उनकी रैंकिंग तय हुई है। मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स भी जीत के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर मौजूद हैं।

वहीं दूसरी ओर, गुजरात टाइटंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स को अपने-अपने पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है, जिसके चलते ये टीमें फिलहाल अंक तालिका में निचले पायदान पर हैं। इन सभी टीमों के पास अभी भी वापसी का पूरा मौका है, क्योंकि टूनामेंट अभी शुरूआती चरण में है। आने वाले मुकाबलों में प्रदर्शन के आधार पर अंक तालिका में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

# आठ साल में पहली बार जिम्बाब्वे का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम, विश्व कप से पहले खेलेगी वनडे सीरीज

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट इस साल सितंबर में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की मेजबानी करेगी। इस दौरान तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज खेली जानी है। यह एक आठ साल में ऑस्ट्रेलिया का इस देश का पहला वनडे दौरा होगा। जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच 15 सितंबर को खेला जाएगा, जिसके बाद 18 सितंबर को दूसरे मैच का आयोजन होगा। सीरीज का अंतिम मैच 20 सितंबर को आयोजित होगा। सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे।

### विश्व कप की तैयारी के लिए अहम होगा दौरा

यह सीरीज आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी को लेकर जिम्बाब्वे के लिए एक अहम हिस्सा है, जिसकी सह-मेजबानी जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर करेगा।



जिम्बाब्वे क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर गिवमोर माकोनी के मुताबिक, यह दौरा टीम के लिए एक अहम मोड़ पर आया है। उन्होंने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया का जिम्बाब्वे में फिर से स्वागत करके बहुत खुश हैं। उम्मीद है कि यह एक बेहद कड़े मुकाबले वाली वनडे सीरीज होगी। इस स्तर के मैच एक टीम के तौर पर हमारे लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 नजदीक है। ऐसे में यह दौरा हमें दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट की मेजबानी की तैयारी करने का एक अनमोल मौका देता है।

### 2014 में खेलने गई थी ऑस्ट्रेलियाई टीम

पिछली बार अगस्त/सितंबर 2014 में जब ये दोनों टीमें इस फॉर्मेट के लिए जिम्बाब्वे की धरती पर आमने-सामने हुई थीं, तो वह त्रिकोणीय सीरीज थी। इन दोनों टीमों के साथ दक्षिण अफ्रीका भी शामिल था। जिम्बाब्वे ने हाल के दिनों में लगातार ऑस्ट्रेलियाई टीमों के लिए मुश्किल खड़ी की है। अभी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया की टी20 टीम को इस साल फरवरी में टी20 विश्व कप के दौरान जिम्बाब्वे के हाथों 23 रनों की हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद उन्हें शर्मनाक तरीके से ग्रुप स्टेज से ही बाहर होना पड़ा।

### रसी वान डर डुसेन ने लिया संन्यास

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी बल्लेबाज 37 साल के रसी वान डर डुसेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले यानी बुधवार को ही क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उन्हें अपने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया था। इसके बाद गुरुवार को डुसेन ने सोशल मीडिया पर एक लंबा भावुक पोस्ट साझा कर अपने करियर और सफर को याद किया।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### होलकर साइंस कॉलेज में परीक्षा के दौरान लैब में घुसकर किया उत्पात

**इंदौर।** इंदौर के होलकर साइंस कॉलेज में परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हो गया। एमएससी प्रथम वर्ष की सीसीई परीक्षा के बीच कुछ छात्र लैब में घुस आए और तोड़फोड़ कर दी। घटना से कॉलेज परिसर में अफरा-तफरी मच गई और परीक्षा बाधित हो गई। घटना बुधवार की है, लेकिन इसका सीसीटीवी गुरुवार को वायरल हुआ है। भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर करीब 1 बजे लैब क्रमांक-1 में परीक्षा के दौरान आरोपी छात्र अचानक अंदर घुस आए और छात्रों व स्टाफ के सामने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने प्रयोगशाला के उपकरणों में तोड़फोड़ की, जिससे वहां मौजूद छात्र-छात्राओं में दहशत फैल गई। पूरी घटना कॉलेज में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना के बाद प्राचार्या की शिकायत पर भंवरकुआ थाना पुलिस ने आरोपी विकेंद्र सिंह, लोकपाल, चमनदीप, अभय गुर्जर सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार छात्रों को गिरफ्तार किया है। चारों को शांति भंग करने के आरोप में धारा 151 के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, घटना में शामिल अन्य छात्रों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।

### घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर कार का पहिया चढ़ने से पैर हुआ फ्रैक्चर

**इंदौर।** इंदौर में 6 साल के बच्चे के ऊपर कार चढ़ाने का वीडियो सामने आया है। उसका पैर फ्रैक्चर हो गया है। मामला बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे शांति निकेतन कॉलोनी में मंगलवार का है। हादसे का वीडियो कॉलोनी के ही एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ और इसमें दिख रहा है कि सड़क पर दो बच्चे खेल रहे हैं। ग्रे कलर की एक कार पीछे से आई, जिसने एक बच्चे को चपेट में ले लिया। कार का अगला पहिया बच्चे के पैरों के ऊपर से गुजरा जबकि पिछला उसके शरीर के ऊपर से। कार निकलने के बाद बच्चा खुद उठने की कोशिश करता नजर आ रहा है। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि कार संजय अग्रवाल के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसे उनका ड्राइवर दीपक (27 साल) पिता प्रहलाद चौहान, निवासी धीरज नगर चला रहा था। हादसे के बाद संजय खुद बच्चे को लेकर बॉम्बे अस्पताल पहुंचे। अपने ड्राइवर को थाने भेजकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक, घायल बच्चे का नाम आयुष रावत है। उसके पिता अजय पेशे से मजदूर हैं। परिवार शांति निकेतन कॉलोनी में ही रहता है। बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती आयुष की हालत स्थिर बनी हुई है।

### मेडिकल चेकअप कराने इंदौर आया आसाराम बापू इस बार अलग रास्ते से अंदर ले गए अनुयायी

**इंदौर।** दुष्कर्म का आरोपी आसाराम बापू गुरुवार को इंदौर के सरकारी सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में पहुंचा। उसके साथ कुछ अनुयायी थे। सुबह करीब 10 बजे सबसे पहले बापू के खास 10-15 अनुयायी हॉस्पिटल के साइड वाले गेट के रास्ते से अंदर पहुंचे। अंदर जाकर डॉक्टरों और संबंधितों से बात कर जल्द ही आसाराम के हॉस्पिटल में पहुंचने की सूचना दी। इसके बाद वहां गहमा-गहमी काफी बढ़ गई और आसाराम को अंदर ले जाने के इंतजाम शुरू हो गए। दरअसल गुरुवार को आसाराम के आने की भनक किसी को नहीं थी। पिछली बार जब वह मुख्य गेट से आया था तो वहां काफी गहमागहमी बढ़ गई थी। इसके चलते इस बार उसकी एंट्री अलग साइड वाले गेट के रास्ते की थी। यहां उसके अनुयायियों और संबंधित स्टाफ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। स्वास्थ्य में कुछ गड़बड़ी के चलते बापू को तकलीफ होने की सूचना है। एक घंटे बाद करीब 11 बजे कार उसी साइड वाले गेट पर आकर रुकी। इसमें से पहले अनुयायी उतरे और आसाराम को उतारा। सफेद धोती-पाजामा पहले आसाराम को व्हील चेयर दी गई तो वह नहीं बैठा और रैलिंग के सहारे धीरे-धीरे गेट तक पहुंचा। फिर उसे अनुयायी अंदर ले गए। हॉस्पिटल में उसका चेकअप कराने के साथ कुछ जांचें भी हुई। इस दौरान बाहरी किसी भी व्यक्ति की एंट्री नहीं थी। सभी गेट पर सिक्युरिटी गार्ड तैनात थे और हर एक्टिविटी पर नजर रख रहे थे। इस दौरान यूनिट में डॉक्टरों और इमरजेंसी स्टाफ के अलावा किसी की भी एंट्री नहीं थी। नजदीकी सूत्रों के मुताबिक बापू गुरुवार को इंदौर में ही है। उधर, खंडवा रोड इंदौर स्थित आसाराम बापू आश्रम में आज श्री रामा भाईजी और साध्वी ज्योत्सना बहन द्वारा गीता भागवत सत्संग और पूनम दर्शन कार्यक्रम है। सूचना है कि आसाराम आश्रम भी जा सकता है।

### एक ही रात में दो जगह आग, पुलिस जांच में जुटी, खड़ी बाइकों को बनाया निशाना

**इंदौर।** शहर में देर रात आगजनी की दो घटनाओं से हड़कंप मच गया। तेजाजी नगर और बाणगंगा क्षेत्र में खड़ी कार और बाइकों में आग लगने से वाहन जलकर खाक हो गए। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में लिंबोदी गेट के सामने देर रात करीब डेढ़ बजे एक बाइक में आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन अग्निशमन दल को खबर नहीं दी गई। आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। दूसरी घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के वृंदावन कॉलोनी, किला मैदान इलाके की है। यहां अज्ञात बदमाशों ने खड़ी कार और दो बाइकों में आग लगा दी। पीड़ित रवींद्र पाल के अनुसार वह निजी जॉब करते हैं। रात में अपनी कार पार्किंग में लगाकर गए थे। अलसुबह उसमें आग लगी हुई थी। वहीं बाद में पता चला कि इलाके में बदमाशों ने भागवत राव और प्रेमसिंह कीर की दो बाइक में आग लगा दी।। रात में आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस के मुताबिक, आसपास लगे निगरानी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली जा रही है, ताकि आग लगाने वाले आरोपियों की पहचान की जा सके।

### पति की डांट के बाद तीन बच्चों की मां ने जहर खाकर जान दी

**इंदौर।** इंदौर में तीन बच्चों की मां ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना आजाद नगर क्षेत्र की है। बुधवार रात महिला को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतका सीमा (26) पत्नी चंद्रभान प्रजापति, निवासी अभिषेक नगर है। बुधवार रात उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लाया गया था। पति चंद्रभान ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे घर पहुंचने पर सीमा की तबीयत खराब थी और पूछने पर उसने जहर खाने की बात बताई। पुलिस के अनुसार, सीमा कुछ दिनों से करण नाम के युवक से मोबाइल पर बात और चैटिंग कर रही थी। यह बात पति को पता चलने पर उसने बुधवार को उसे डांटा था। पुलिस का कहना है कि इसी बात से आहत होकर सीमा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। दोनों की शादी को 8 साल से ज्यादा समय हो चुका है और उनके तीन बच्चे हैं। चंद्रभान मूल रूप से सागर का रहने वाला है और करीब 14 साल पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था। वह परिवार के साथ अभिषेक नगर में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले में महिला के मोबाइल की जांच की जाएगी। जांच के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवक ने युवती से जबरन संबंध बनाए

**इंदौर।** इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक 23 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने युवती को खाना देने के बहाने अपने दोस्त के कमरे पर बुलाया और वहां उसके साथ जबरन संबंध बनाए। घटना के बाद आरोपी ने युवती पर शादी का दबाव भी बनाया। युवती ने बुधवार को भंवरकुआं थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार पीड़िता द्वारकापुरी क्षेत्र की रहने वाली है। उसकी पहचान बड़वानी जिले के ठीकरी निवासी विशाल उर्फ सोनू ठाकुर से उसकी सहेली की सगाई के दौरान हुई थी। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई, जिसके बाद आरोपी ने रंगपंचमी के दिन युवती को कॉल कर अपने दोस्त के कमरे पर खाना लेकर आने के लिए कहा। जब युवती वहां पहुंची, तो आरोपी ने उससे अपने प्रेम का इजहार किया और शादी की बात कहकर उसके साथ संबंध बनाए।

---

विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री राम दांगी के साथ धक्का-मुक्की करने पर

# राऊ थाने में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

## कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए, पुलिस पर बदसलूकी का आरोप, कार्रवाई नहीं हुई तो चक्काजाम की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

विश्व हिंदू परिषद के जिला सहमंत्री राम दांगी के साथ धक्का-मुक्की करने पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने राऊ थाने में जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और धक्का-मुक्की करने वाले प्रधान आरक्षक पर दो दिन में कार्रवाई न होने पर चक्काजाम करने की चेतावनी दी। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे कार्यकर्ता थाने में जमे रहे।



घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। दरअसल, प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी परिषद के एक कार्यकर्ता के भाई को पकड़कर थाने लाए थे। आरोप है कि वह मादक पदार्थ बेचने वाले एक व्यक्ति के घर के पास मिला है। वह मादक पदार्थ खरीदने के लिए गया था। यह बात जब हिरासत में लिए गए युवक के भाई को पता चली, तो वह अपनी मां के साथ थाने पहुंच गया। प्रधान आरक्षक ने उन्हें भी थाने में बैठा लिया।

#### दांगी से की बदसलूकी

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि घटना की जानकारी जब जिला सहमंत्री राम दांगी को लगी, तो वे थाने पहुंचे। बात करने की कोशिश की, तो प्रधान आरक्षक पवन त्रिपाठी ने अपशब्द कहते हुए धक्का-मुक्की की। इसके बाद कार्यकर्ता भड़क गए और नारेबाजी शुरू कर दी। टीआई राजपाल सिंह राठौर ने आवेदन लेकर युवक को छोड़ने की बात कही, वहीं उनसे बात करने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने और हंगामा करते रहे। उनका कहना था कि अजय ठाकुर नाम का व्यक्ति गांजा और अवैध मादक पदार्थ बेचता है। थाने के जवान यहां आते जाते हैं।

- **चक्काजाम करेंगे कार्यकर्ता-** कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया कि जिला सहमंत्री से बदसलूकी करने वाले पुलिस कर्मी पर दो दिनों में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो थाने का घेराव कर चक्काजाम किया जाएगा।
- **एसीपी थाने पहुंचीं-** थाने में हंगामे का पता चलते ही एसीपी निधी सक्सेना थाने पहुंचीं और मामला संभाला। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और कार्यकर्ताओं को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।
- **महिलाओं से कर रहे थे बदसलूकी-** विहिप के जिला सहमंत्री राम दांगी ने बताया कि प्रधान आरक्षक और उनके साथ एक अन्य पुलिसकर्मी ने महिला कार्यकर्ता को अपशब्द कहे। उन्हें धक्का भी दिया। जब इसकी जानकारी लगी, तो वह मौके पर पहुंचे। यहां उनसे भी आरक्षक पवन ने धक्का मुक्की की।

# भारत पेट्रोलियम डिपो में 129 करोड़ का घपला

## पेट्रोल-डीजल फ्री में भरवाया, फ्लीट कार्ड में गड़बड़ी की, 7 व्यापारी-ट्रांसपोर्टरों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के मांगलिया स्थित भारत पेट्रोलियम डिपो में 129 करोड़ 55 लाख रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। मामला बीपीसीएल (भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) के फ्लीट कार्ड और लॉयल्टी ऐप से जुड़ा है। पुलिस ने इंदौर के 7 व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ केस दर्ज किया।




जांच में पाया गया कि आरोपियों ने बीपीसीएल के पेमेंट गेटवे और लॉयल्टी ऐप की तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति कराई, जबकि कंपनी के खाते में पैसे नहीं गए। फ्लीट कार्ड से ट्रक, बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों के लिए जारी किया जाता है। इससे ड्राइवर नकद पैसे रखे बिना पेट्रोल-डीजल भरवा सकते हैं। पैसा सीधे कंपनी के बैंक खाते से कटता है।

#### बीपीसीएल स्टेशन पर भरवाते थे डीजल-पेट्रोल

- बीपीसीएल ने 17 दिसंबर 2021 से फ्लीट, कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए लॉयल्टी ऐप के माध्यम से पेमेंट गेटवे सुविधा शुरू की। इस ऐप से ग्राहक नेट बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट या डेबिट कार्ड से वॉलेट रिचार्ज कर सकते हैं।
- रिचार्ज के बाद वॉलेट का पैसा देशभर के बीपीसीएल स्टेशन पर डीजल-पेट्रोल भरवाने में इस्तेमाल होता है।

### नौकरी के नाम पर आंगनवाड़ी में भर्ती का झांसा देकर 69 हजार ऐंठे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के विजय नगर थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला को आंगनवाड़ी में शासकीय नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 69 हजार रुपए ऐंठ लिए। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता प्रियंका कदम की शिकायत पर लसूड़िया निवासी बंटी खाटवा के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। प्रियंका ने बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी, तभी कुछ माह पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई। आरोपी ने कहा कि उसके परिचित के माध्यम से एक महीने में नौकरी लगवा देगा और इसके एवज में 25 हजार रुपए ले लिए। आरोपी ने कहा कि अन्य व्यक्ति को भुगतान करना है और 44 हजार रुपए और ले लिए। कुल 69 हजार रुपए लेने के बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। परिवार के लोग लगातार संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की।

### डेली कॉलेज मामले में क्राइम ब्रांच की जांच शुरू

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में डेली कॉलेज के इंस्टाग्राम पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। डेली कॉलेज की तरफ से ही इस मामले में शिकायत की थी। जिसके बाद चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया था। केस दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक मीडिया की संचालिका को बयान के लिए बुलाया और उनके बयान दर्ज किए। दरअसल, 25 मार्च 2026 को क्राइम ब्रांच ने शिकायत के बाद चार लोगों पर केस दर्ज किया था। मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि डेली कॉलेज के ही गजेंद्र सिंह ने शिकायत की थी। वॉइज ऑफ डीसी नाम से फेक पेज बनाया था। मामले को इन्वेस्टिगेशन में लिया है। नोटिस जारी कर सभी के बयान लिए जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच में 25 मार्च 2026 को केस दर्ज किया था। इस मामले में चार लोग संदीप पारेख, अनुराग जैन, रंजीत सिंह नामली और मानवीर बायस के खिलाफ कायमी की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया था कि जुलाई 2025 में वॉइस ऑफ डीसी नाम से एक इस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया। इसका पहले नाम वॉइस ऑफ डेली कॉलेज था। जिस पर सोसाइटी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के खिलाफ झूठी, दुर्भावनापूर्ण और परेशान करने वाली पोस्ट की थी। साथ ही कई अन्य जानकारी भी दी थी।

### भोजशाला मामले में 6 से रोज सुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

धार के भोजशाला विवाद मामले में 6 अप्रैल से रोज सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच सोमवार दोपहर ढाई बजे से सभी याचिकाओं को एक साथ सुनेगी।

गुरुवार को हुई सुनवाई में अदालत ने स्पष्ट किया है कि पहले याचिकाकर्ताओं के तर्क सुने जाएंगे, फिर आपत्ति लगाने वालों को दलील रखने का अवसर दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से वकील विष्णु शंकर जैन, विनय जोशी मौजूद रहे जबकि मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की ओर से एडवोकेट सलमान खुर्शीद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

इससे पहले बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला विवाद में अहम आदेश देते हुए स्पष्ट किया था कि मामले का अंतिम निर्णय अब हाईकोर्ट ही करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा



था कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट, वीडियोग्राफी और पक्षकारों की आपत्तियों पर हाईकोर्ट अंतिम सुनवाई में विचार करेगा। सभी मुद्दे हाईकोर्ट के समक्ष खुले रहेंगे और वहीं तय किए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था-एएसआई द्वारा तैयार की गई सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षों को उपलब्ध करा दी गई है। कई पक्षों ने इस पर अपनी आपत्तियां भी दर्ज कराई हैं। एएसआई द्वारा की गई साइट की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी से जुड़े बिंदुओं को भी हाईकोर्ट गंभीरता से देखेगा। यदि वीडियोग्राफी के आधार पर कोई नई आपत्तियां उठती हैं, तो उन पर भी सुनवाई के दौरान विचार किया जाएगा।

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या
से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com